रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 4—दिसम्बर 10, 2010 (अग्रहायण 13, 1932)

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 4—DECEMBER 10, 2010 (AGRAHAYANA 13, 1932)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

पृष्ठ सं.

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1579

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1105

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 5

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गईं सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 2225

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम ..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) ..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश ..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं 3411

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गईं पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस *

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं ..... *

भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 9121

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 1753

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक ..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1579
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1105
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	5
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2225
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3411
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3 Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	9121
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1753
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2010

सं. 121-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके अति असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए "अशोक चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

एम आर-08609 मेजर लाएशराम ज्योतिन सिंह, सेना चिकित्सा कोर/भारतीय दूतावास, काबुल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 फरवरी, 2010)

मेजर लाएशराम को भारतीय चिकित्सा मिशन दल के भाग के रूप में काबुल में तैनात किया गया था। 26 फरवरी, 2010 को 0630 बजे एक पहरायुक्त आवासीय परिसर जिसमें छह सेना चिकित्सा अफसर, चार अर्ध चिकित्सा कार्मिक तथा दो अन्य सेना अफसर रह रहे थे, पर पूरी तरह से हथियारों से लैस आतंकवादी आत्मघाती बममार ने आक्रमण कर दिया। एक आत्मघाती वाहनजनित कामचलाऊ विस्फोटक यंत्र का विस्फोट करने के बाद जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बल के तीन कार्मिकों की मृत्यु हो गई, अत्यधिक हथियारों से लैस एक आत्मघाती बममार आतंकवादी ने बचे हुए व्यक्तियों को मारने के लिए परिसर में प्रवेश किया। आतंकवादी कलाश्नीकोव से गोलियों की बौछार करते हुए कमरों में गया और उसने हथगोले फेंके। इस संघर्ष में पांच बेहथियार अफसरों ने एक कमरे में आश्रय लिया जिसकी छत पर हथगोलों तथा गोलीबारी से आक्रमण हो रहा था तथा यह आक्रमण गुसलखाने तक फैल गया जहां पर पांच अफसरों ने पनाह ले रखी थी। पांच अफसरों की चिल्लाहट सुनकर मेजर लाएशराम ज्योतिन सिंह कमरे के मलबे से रेंगकर बाहर निकला। मेजर सिंह खाली हाथों हथियारबंद आतंकवादी पर टूट पड़े तथा उसको दबोच लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जल रहे कमरे में घिर गए अफसरों पर वह हथगोलों तथा बंदूकों से सीधा आक्रमण नहीं कर सके। उन्होंने हथियारबंद आतंकवादी को दबोचे रखा तथा उसे आगे नहीं जाने दिया। बाद में आतंकवादी ने घबराकर अपनी आत्मघाती पेटी को उड़ा दिया जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी की तुरंत मौत हो गई तथा मेजर सिंह शहीद हो गए। मेजर लाएशराम ज्योतिन सिंह ने अपने साथियों के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

इस प्रकार, मेजर लाएशराम ज्योतिन सिंह ने एक आत्मघाती बममार आतंकवादी के समक्ष अनुकरणीय साहस, धैर्य तथा निस्वार्थता और वीरता का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 122-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

1. श्री विनोद कुमार चौबे, पुलिस अधीक्षक, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 जुलाई, 2009)

12 जुलाई, 2009 को सुबह 7.00 बजे श्री विनोद कुमार चौबे, पुलिस अधीक्षक, राजनंदगांव को संदेश मिला कि नक्सलियों ने जिला राजनंदगांव के पुलिस थाना मानपुर की बाहरी पोस्ट मदनवाड़ा पर आक्रमण कर दिया है तथा दो पुलिस वालों को मार गिराया है। घटना के गंभीर परिणामों को भांपते हुए श्री चौबे तथा आई जी पी अपने-अपने मुख्यालों से घटनास्थल की तरफ दौड़े। रास्ते में ही श्री चौबे के कारवां पर नक्सलियों ने घात लगाकर आक्रमण कर दिया। तथापि, उन्होंने आगे बढ़ना जारी रखा तथा थाना मानपुर के एएसआई को अतिरिक्त बल के साथ सुरंगरोधी वाहन में आने का अनुदेश दिया। नक्सलियों ने सड़क पर नए सिरे से बाधाएं खड़ी कर दी थीं। श्री चौबे ने बाधाओं को साफ किया तथा बहादुरी से घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर भयंकर लड़ाई चल रही थी। पुलिस के बारूदी सुरंगरोधी वाहन पर गोलियों तथा बमों से आक्रमण किया गया। आई जी पी के दल तथा एस पी के दल द्वारा सही समय पर बीच में आ जाने की वजह से भयंकर लड़ाई में फंसे पुलिसकर्मी बच गए। एक सिविलियन परिवहन बस जो घात में प्रवेश कर गई थी को भी सुरक्षित बचा लिया।

लगभग 300 नक्सली गोलीबारी करते हुए जंगल से बाहर आए। कई पेड़ों पर चढ़ गए तथा पुलिस दल पर निर्बाध रूप से हथगोले फेंकने लगे। तथापि, श्री चौबे के नेतृत्व में पुलिस दल फौलादी इरादे से डटा रहा तथा नक्सलियों के संख्या में अधिक होने तथा उच्च स्थल पर होने के फायदे के बावजूद वे आक्रमण में डटे रहे तथा अपने आदमियों को बचाने के समन्वित प्रयास में भयंकर गोलीबारी करते रहे जबकि पीछे से और पुलिस आती दिखाई नहीं दे रही थी। इस साहसिक तथा अप्रत्याशित प्रतिआक्रमण से नक्सलियों में अनिश्चतता एवं सनसनी फैल गई तथा वे बड़ी चट्टानों के पीछे भागने के लिए मजबूर हो गए। श्री चौबे दृढ़ निश्चय तथा अदम्य साहस से एक नायक की तरह लड़े। बराबर चल रही गोलीबारी में वह गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उन्होंने अंततः कर्त्तव्य की वेदी पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

श्री विनोद कुमार चौबे ने नेतृत्व तथा बहादुरी के असाधारण गुण का प्रदर्शन किया तथा नक्सलियों के भयंकर आक्रमण से अपने आदमियों को बचाने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

2. आईसी-70151 कैप्टन दविन्द्र सिंह जस, प्रथम बटालियन पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 फरवरी, 2010)

कैप्टन दविन्द्र सिंह जस जम्मू-कश्मीर के सोपोर जिले के एक गांव में एक ऑपरेशन के दौरान एल्फा टीम के सैनिकों का नेतृत्व कर रहे थे।

23 फरवरी, 2010 को कैप्टन दविन्द्र सिंह जस आतंकवादियों के होने की सूचना प्राप्त होने पर एक सतर्कतापूर्वक योजना बनाने के बाद गांव में एक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में अवस्थित आगे बढ़े। लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ते समय उनके अग्रणी स्क्वाड पर कई दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी हो गई जिससे उनके स्क्वाड के सदस्य घायल हो गए। व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना उन्होंने घायलों में से एक व्यक्ति को सुरक्षित बचाया। तत्पश्चात्, अफसर रेंगकर आगे बढ़े तथा दूसरे साथी को बचाया, तथापि, वह गोलियों के घावों से बुरी तरह जख्मी हो गए। घावों के प्रति बेपरवाह रहते हुए उन्होंने आतंकवादियों से लड़ाई जारी रखी तथा एक आतंकवादी के निकट आ गए। अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले उन्होंने गुत्थम-गुत्था की भयंकर भिडंत में एक आतंकवादी को मार गिराया।

कैप्टन दविन्द्र सिंह जस ने असाधारण वीरता, प्रेरक नेतृत्व, अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया तथा भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुरूप मातृ भूमि के लिए लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 123-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र-बार" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

1. एसएस-39651 मेजर अजय सिंह, शौर्य चक्र, 11 वीं बटालियन, मराठा लाइट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 अगस्त, 2009)

आतंकवादियों की हरकत के बारे में संपुष्ट आसूचना मिलने पर जिसमें एक व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया था, 31 अगस्त, 2009 को 0300 बजे असम के जिला कोकरझार के जनरल एरिया में मेजर अजय सिंह के नेतृत्व में एक तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। गुप्त रूप से विस्मय बनाते हुए दल तीन संदिग्ध घरों के पास पहुंचा जो गांव के एकदम उत्तरी किनारे पर थे। जब पार्टी आगे बढ़ रही थी तभी बिल्कुल नजदीक से उस पर भारी गोलीबारी हो गई। मेजर अजय सिंह ने गोलीबारी का तुरंत जवाब दिया तथा आड़ लेने के लिए अपनी टीम को आदेश दिया। घर से अचानक दो आतंकवादी बाहर निकले तथा गोलीबारी जारी रखी। मेजर अजय सिंह ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तलाशी पार्टी का पुनर्गठन किया तथा रेंगकर घर के निकट पहुंचे। अदम्य साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी को झेलते हुए यह अफसर घर की दिशा में तेजी से कूद पड़े तथा पेड़ों के झुंड में छिपे पहले आतंकवादी को मार गिराया। तत्पश्चात्, मेजर अजय रेंगते रहे तथा दूसरे आतंकवादी के और अधिक निकट गए तथा सही मौके पर दूसरे आतंकवादी पर बहुत नजदीक से अचूक गोलीबारी करके उसका सफाया कर दिया।

मेजर अजय सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण दर्जे की वीरता, चतुर नेतृत्व, अत्यधिक परिश्रम तथा अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

2. आईसी-58637 मेजर थोंगम जोतेन सिंह, शौर्य चक्र, 21 वीं बटालियन, पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 अक्तूबर, 2009)

01 अक्तूबर, 2009 को जब मणिपुर तमांगलोंग जिले के एक गांव में आतंकवादी आवाजाही की सूचना मिली तब मेजर थोंगम जोतेन सिंह ने निगरानी/घात लगाने के लिए डेल्टा असाल्ट टीम बनाई।

03 अक्तूबर, 2009 को 1815 बजे आतंकवादियों को घेरा गया। संपार्श्विक नुकसान से बचने के लिए आतंकवादियों को मौखिक रूप से ललकारा गया। आतंकवादियों ने वाहनों से अंधाधुंध गोलीबारी कर दी जिससे बिना आड़ के हमारे सैनिक बुरी तरह घिर गए। मामले की नज़ाकत को भांपते हुए मेजर थोंगम तेजी से एक पक्के घर की तरफ खुले में आए जिससे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की और इस कारण हमारे सैनिकों को उचित जीवनरक्षक आड़ मिल गई। वह शीघ्रता से घर की छत पर चढ़े तथा दोनों वाहनों के वात कवचों/पहियों को गोलियों से छलनी कर दिया तथा एक आतंकवादी को मार गिराया। इससे मजबूर होकर आतंकवादी भाग खड़े हुए। एक भागते हुए आतंकवादी ने यूएमजी से उन पर गोली चला दी। उन्होंने धैर्यपूर्वक गोलियों का सामना किया तथा उस आतंकवादी को मार गिराया। तत्पश्चात्, स्थिति को तुरंत भांपते हुए उन्होंने अंधेरे में भाग रहे आतंकवादियों को रोकने के लिए अम्बुश पार्टियों को सूचित किया जिसके परिणामस्वरूप और दो आतंकवादियों का सफाया हो गया। सैनिकों की खोजबीन से तीन आतंकवादी गिरफ्तार हुए।

मेजर थोंगम जोतेन सिंह ने विकट युद्ध परिस्थितियों में असाधारण बहादुरी, अनुकरणीय नेतृत्व तथा अचूक सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 124-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

1. कमाण्डर नितीन आनन्दराव यादव, (03965-के)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 2009)

कमाण्डर नितीन आनन्दराव यादव को एक तलाश तथा शेडो मिशन के लिए 22 मई, 2009 को सह-पायलट तथा सुरक्षा पायलट के रूप में तैनात किया गया था। मानसून पूर्व बादलों से घिरे हुए आकाश में 12,000 फुट की ऊंचाई पर समुद्र में 270 नॉटिकल मील पर 1245 बजे विमान की विद्युत प्रणाली पूरी तरह ठप्प हो गई। यह एक ऐसी स्थिति थी जिसका सामना भारत और रूस दोनों देशों में आईएल 38 विमान प्रचालन के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इस स्थिति में ऊंचाई, गति, इंजन आरपीएम तथा टीजीटी के संकेतों को छोड़कर सभी उपस्कर और उपकरण विफल हो गये थे। इसके अलावा, तेल रेडियेटर शटर बंद स्थिति में ठहर गए थे जिसके परिणामस्वरूप कम ऊंचाई पर लम्बे समय तक उड़ते रहने की अवस्था में सभी इंजनों में आग लग जाने की आसन्न संभावना थी।

अपने गहन अनुभव से अफसर ने स्थिति को संभाला तथा विमान और चालक दल की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रथम पायलट को

दिशा-निर्देश देकर सतत मार्ग निर्देशन और उड़ान जानकारी देकर इस निर्णायक घड़ी में एक सितारे की भूमिका अदा की।

संकट के समय इस अफसर ने उच्च दर्जे की परिपक्वता, धैर्य तथा आसन्न खतरे के समय समाधान करने की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस अफसर की तुरंत की गई स्टीक कार्रवाई और सही सलाह से न केवल एक बड़ी दुर्घटना टल गई बल्कि चालक दल के सभी आठ कर्मी तथा करोड़ों रूपए का विमान सुरक्षित बच गए।

कमाण्डर नितीन आनन्दराव यादव ने आसन्न संकट के समक्ष अनुकरणीय साहस, विशिष्ट व्यवसायिकता, उत्कृष्ट नेतृत्व तथा अत्यधिक दृढ़ प्रतिज्ञा का प्रदर्शन किया।

2. 15619321 गाड्र्समैन कृष्ण कुमार, ब्रिगेड ऑफ दि गाड्र्स/21 राष्ट्रीय राईफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 जुलाई, 2009)

02 जुलाई, 2009 को गाड्र्समैन कृष्ण कुमार ऑपरेशन दल में स्काउट के रूप में शामिल थे जिसे स्टाप लगाने का कार्य सौंपा जाना था। अपने स्थान से उन्होंने संदिग्ध गतिविधि को देखा तथा अपनी टीम को पूर्व चेतावनी दी ताकि होने वाली अंधाधुंध गोलीबारी से जीवन बच सके। जमीन पर रेंगते हुए वह सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचे तथा आतंकवादी को घायल कर दिया जिसे बाद में ऑपरेशन टीम द्वारा मार गिराया गया। 03 जुलाई 2009 को उन्होंने स्वेच्छा से जम्मू-कश्मीर में एक जंगल में खास तलाशी में भाग लेना चाहा। घने जंगल में उनके दो साथियों पर नजदीक से अचानक गोलीबारी हो गई जिससे दोनों घायल हो गए। व्यक्तिगत घाव तथा जीवन की परवाह किए बिना वह अपने घायल साथी को सुरक्षित बचा लेने के लिए जंगल में पांच मीटर तक रेंगकर गए। भारी गोलीबारी की लड़ाई में उन्होंने आतंकवादी को मार गिराया परंतु स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में वह सुरक्षित स्थान पर ले जाते वक्त अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

गाड्र्समैन कृष्ण कुमार ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में भव्य पहलशक्ति, अदम्य साहस और चौकन्नेपन का प्रदर्शन किया।

3. आईसी-68043 कैप्टन अमित कुमार सिंह, सेना मेडल, 2 बटालियन बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 जुलाई, 2009)

19 जुलाई, 2009 को असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर 03 हथियारबंद आतंकवादियों की हलचल होने की विश्वस्त सूचना मिली थी। अत्यधिक सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए अचूक योजना के साथ कैप्टन अमित कुमार सिंह ने असम के लखीमपुर जिले में अस्थायी पनाहगार में बनाए गए जाल में आतंकवादियों को फंसाया। ज्योंही टीम ने पनाहगार को घेरा आतंकवादियों ने नजदीक से उन पर गोली चला दी। फौलादी इरादों का प्रदर्शन करते हुए कैप्टन अमित, पनाहगार में कूद गए तथा गोलियों की बौछार में एक आतंकवादी के पास गए और उस पर टूट पड़े तथा भयंकर भिड़ंत में अकेले ही उसे मार गिराया।

खतरे को भांपते हुए एक अन्य आतंकवादी पास के जंगल से अफसर पर गोलीबारी करते हुए बाहर आया। निर्भीक रहते हुए अपने साथी के साथ कैप्टन अमित ने अंधेरे में लगभग 500 मीटर तक आतंकवादी का पीछा किया। वह आतंकवादी के निकट पहुंचे तथा आतंकवादी की पिस्तौल के बैरल पर निशाना रखते हुए उसे उलझाए रखा। गुत्थमगुत्था की भयंकर लड़ाई में उन्होंने आतंकवादी को मार गिराया।

कैप्टन अमित कुमार सिंह ने अदम्य साहस, अडिग बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए कर्त्तव्यपरायणता से बढ़कर अकेले ही दो आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

4. जेसी-560161 नायब सूबेदार शिव पूजन शर्मा, 2 बटालियन बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 अगस्त, 2009)

नायब सूबेदार शिव पूजन शर्मा असम के धेमाजी जिले में 01 अगस्त, 2009 को आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाए गए एक ऑपरेशन में शामिल थे। ज्योंही शत्रु प्रदेश में घेरे को सख्त किया गया, गांव की तरफ आते दो संदिग्ध आतंकवादी देखे गए। ललकारे जाने पर, उन्होंने भागते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तीव्र कार्रवाई करते हुए अपने साथी के साथ नायब सूबेदार शर्मा ने भाग रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी की। अदम्य साहस तथा अत्यधिक बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने एक आतंकवादी का पीछा किया तथा सघन गोलीबारी के बावजूद उसको मार गिराया।

इस बीच, दूसरे आतंकवादी ने पास के जंगल में बच निकलने का प्रयास किया। नायब सूबेदार शर्मा ने लगभग 400 मीटर तक आतंकवादी की पीछा किया तथा उसको काबू कर लिया। इस कार्य के दौरान उन्हें पेट पर बंधी गोलीरोधी जैकेट पर एक पिस्तौल की गोली लगी। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करके ललकारते हुए बिल्कुल नजदीक से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

नायब सूबेदार शिव पूजन शर्मा ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में साहसिक पहल शक्ति, असाधारण वीरता का अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

5. जेसी-2300474 नायब सूबेदार रंगा बहादुर यादव, 23 असम राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 अगस्त, 2009)

12 अगस्त, 2009 को नायब सूबेदार रंगा बहादुर यादव के नेतृत्व में मणिपुर के उखरूल जिले में सड़क खोलने के कार्य के लिए एक टुकड़ी को तैनात किया गया था। आरंभिक दो पिकेट लगाने के बाद अंतिम पिकेट लगाने के लिए वह सड़क मोड़ की ओर बढ़े। अंतिम पिकेट लगाने के लिए आगे बढ़ते समय इस स्काऊट ने सड़क की दूसरी तरफ युद्ध पोशाक में कुछ हथियारबंद व्यक्तियों की गतिविधियां देखी। ललकारे जाने पर दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी हो गई। नायब सूबेदार रंगा बहादुर यादव ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया और अपनी पार्टी के साथ आक्रमण कर दिया। इस अप्रत्याशित भारी गोलीबारी से डरकर आतंकवादियों ने घटनास्थल से भागना शुरू कर दिया। नायब सूबेदार यादव ने आतंकवादियों का पीछा किया तथा उन पर लगातार गोलीबार जारी रखी। उन्होंने फिर घेरा डाला तथा क्षेत्र की तलाशी लेकर एक आतंकवादी का शव बरामद किया।

नायब सूबेदार रंगा बहादुर यादव ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में कर्त्तव्यपरायणता से बढ़कर अद्वितीय बहादुरी और प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

6. आईसी-69150 कैप्टन सुनील नारंग, 4 बटालियन सिख लाइट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 अगस्त, 2009)

कैप्टन सुनील नारंग ने 26 अगस्त, 2009 की रात में असम के बक्सा जिले के एक गांव में घेरा डालने और तलाशी अभियान को अंजाम देने के लिए भली-भांति सोच-समझ कर एक व्यापक योजना तैयार की। संदेहास्पद मकान के पास तलाशी दल अभी पहुंचने वाला ही था कि आतंकवादी गोलीबारी करते हुए तेजी से बाहर निकले और उत्तर दिशा की ओर भागे। कैप्टन सुनील नारंग जिन्होंने गांव के उत्तर में चौकियां जमा रखी थी, ने कुछ हरकत देखी। उन्होंने युक्ति लगा कर उन्हें संदेहास्पद जगह पर घेर लिया और चौकियों को निर्देश दिया कि वे चारों ओर से घेरा डाल लें और इस प्रकार आतंकवादियों को चुनौती दी।

चुनौती दिए जाने पर भाग रहे आतंकवादियों ने अंधाधुंध स्वचालित फायर शुरू कर दी। अफसर ने स्वेच्छा से आतंकियों का पीछा करने का खतरनाक काम अपने हाथ में लिया। जब आतंकवादी नहीं रुके तो अफसर ने उन पर गोली दाग दी। एक आतंकी घायल हो गया किंतु अपना पीछा छुड़ाने के लिए जब तक वह हथगोला फेंकता अफसर ने उसे गोलियों की बौछार से मौत की नींद सुला दिया। इस बीच, दूसरा आतंकवादी जिसने आड़ ले रखी थी अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। अपने साथी की गोलीबारी की आड़ में अफसर घुटने के बल गया और उसकी जगह ले ली। अदम्य साहस का परिचय देते हुए उसने आतंकवादी पर धावा बोल दिया और उसका सफाया कर दिया।

कैप्टन सुनील नारंग ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उच्चतम कोटि के अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और बहादुरी का प्रदर्शन किया।

7. एसएस-42657 लेफ्टिनेंट नवीन निरोला, 4 बटालियन कुमाऊं रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 अगस्त, 2009)

लेफ्टिनेंट नवीन निरोला ने सूझबूझ के साथ योजना बनाने के बाद एक कारगर खुफिया नेटवर्क की स्थापना की और असम के कामरूप जिले के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचना एकत्र की।

अफसर ने तलाश करने वाली पार्टी का स्वयं नेतृत्व किया और उस स्थान पर जा पहुंचा जहां आतंकवादी छुपे हुए थे। 29 अगस्त, 2009 को लगभग 0345 बजे तलाशी अभियान दल भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया। अफसर ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी सूझबूझ से आतंकवादियों पर अचूक गोलीबारी शुरू कर दी और उन्हें जंगल में छिपने के लिए मजबूर कर दिया। घने जंगल से होकर वह चुपके-चुपके आतंकवादियों तक पहुंच गया। इस बहादुरी भरे कारनामे से आतंकवादियों के होश उड़ गए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागने की कोशिश की। अफसर ने भारी गोलीबारी के बीच स्वयं को बचाते हुए अदम्य साहय का परिचय दिया और आतंकवादियों पर धावा बोल दिया तथा उनमें से एक को मार गिराया। इसके बाद दूसरे आतंकवादी को पकड़ने के लिए जो अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था तथा जिसने हथगोला भी फेंकने का प्रयास किया, अफसर ने अपनी टुकड़ी का जोश बढ़ाया और उनके साथ मिलकर काम किया। लेफ्टिनेंट नवीन निरोला ने आतंकी कार्रवाई से विचलित हुए बगैर भारी गोलीबारी करके अपनी स्थिति को दुरुस्त किया और उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन करते हुए धावा बोला और लगभग 0445 बजे काफी करीब जाकर दूसरे आतंकवादी का भी सफाया कर दिया।

लेफ्टिनेंट नवीन निरोला ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अदम्य साहस, उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

8. 4366857 लांस नायक नेंगमाईथेम राजेश सिंह, 21 पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 अक्तूबर, 2009)

लांस नायक नेंगमाईथेम राजेश सिंह डी आक्रमण दल के भाग के रूप में, विशेष खुफिया सूचना के आधार पर मणिपुर के तमेंगलोंग जिले में एक गांव के पास टोह तथा घात लगाकर हमला करने की स्थिति संभाले हुए थे।

03 अक्तूबर, 2009 को 1900 बजे दल के बैक-अप/संचार दल ने एक गांव के पास आतंकवादियों का पता लगाया और गोलीबारी में दो को मार गिराया। बाकी आतंकवादी अंधेरे में भाग निकले। आस-पास आतंकवादियों के छिपे होने के कारण रात्रि गश्त के दौरान स्वाभाविक रूप से अंतर्ग्रस्त खतरे को भांपकर लांस नायक सिंह अग्रणी स्काऊट बनने के लिए तत्काल स्वेच्छा से बढ़कर आगे आए। उन्होंने तत्काल अपने स्क्वाड का नेतृत्व किया और बिना किसी बड़ी अप्रिय घटना के वे घने जंगल से होकर काली अंधेरी रात में उस गांव में पहुंच गए। 2015 बजे स्क्वाड ने संभावित घात लगाकर हमले की संभावित जगह पर मुकाबला किया। बिना किसी हिचक के लांस नायक एन. के. सिंह आतंकवादियों के स्थान का पता करने के लिए घुटने के बल आगे बढ़े। अंतिम क्षण तक हिम्मत रखते हुए जब तक कि आतंकवादियों की हरकत की पुष्टि नहीं हो गई, उन्होंने गोलीबारी करनी शुरू कर दी और तुरंत एक उग्र आतंकवादी को मार गिराया। बाकी आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी करते हुए जवाबी कार्रवाई की। आ रही गोलियों की बिल्कुल परवाह न करते हुए उन्होंने उन्हें ही निशाना बना रहे एक अन्य आतंकवादी पर चुपके से निशाना साधा। ठीक उसी समय उनकी राईफल में गड़बड़ी आ गई। उन्होंने तुरंत अपना दूसरा हथियार पिस्टल निकाला और आतंकवादी को मार गिराया। इस प्रकार, अपनी जान को भारी खतरे में डालकर उन्होंने अपनी टुकड़ी पर घात लगाकर होने वाले हमले को रोक दिया और एक ऑपरेशन में दो दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया कर दिया जिसमें तीन आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए और चार आतंकवादियों को मार गिराया गया।

लांस नायक नेंगमाईथेम राजेश सिंह ने गुत्थमगुत्था की लड़ाई में कर्त्तव्यपरायणता से भी आगे बढ़कर अदम्य साहस और बहादुरी का परिचय दिया।

9. जेसी-413360 नायब सूबेदार इन्दर कुमार, पहली बटालियन पैराच्यूट रेंजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 अक्तूबर, 2009)

06-07 अक्तूबर, 2009 की रात में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली। नायब सूबेदार इन्दर कुमार को तत्काल उस क्षेत्र में भेजा गया और उनकी टुकड़ी को निगरानी करने एवं घात लगाकर हमला करने के लिए तैनात कर दिया गया।

07 अक्तूबर, 2009 को 0030 बजे नायब सूबेदार इन्दर कुमार ने घात के स्थान पर कुछ संदेहास्पद आवाजाही देखी। ज्योंही उन्होंने चुनौती दी, उनकी स्क्वाड अंधाधुंध गोलीबारी की चपेट में आ गई। जूनियर कमीशन प्राप्त अफसर जिसने बेहतरीन रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए अपनी

स्क्वाड को रिपोजीशन कर दिया और अपने एक साथी को फायर कवर की हिदायत देते हुए उसके निकट पहुंच गया और उसे मार डाला। अदम्य साहस का परिचय देते हुए गोलीबारी के बीच वह दूसरे आतंकवादी के पास घुटने के बल गया और भयंकर गोलीबारी में उसे मार गिराया।

नायब सूबेदार इन्दर कुमार ने आतंकवादियों के विरुद्ध मुकाबले में वीरता, बहादुरी से की गई पहल और उत्कृष्ट नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन किया।

10. 13621161 लांस हवलदार राजन, पहली बटालियन पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 अक्तूबर, 2009)

26 अक्तूबर, 2009 को लांस हवलदार राजन की सैन्य टुकड़ी को जम्मू-कश्मीर के सूपियन जिले के सामान्य क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाने के काम पर लगाया गया था। बेहतरीन युक्ति एवं कौशल का प्रयोग करते हुए उसने घने जंगलों के बीच छुपने वाली जगह का पता लगाया और शीघ्र उसके चारों ओर अपने स्क्वाड के जवानों को तैनात कर दिया। अपने साथी के साथ, कानों-कान खबर किए बिना वह घुटने के बल रेंगकर वहां तक गया और छुपने की जगह के प्रवेश द्वार पर विस्फोट करने वाला काम चलाऊ बम रख दिया। ज्योंही वह बम फटा आतंकवादी स्क्वाड पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। अपनी टुकड़ी पर भारी खतरा भांप कर लांस हवलदार राजन ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए रेंगकर आतंकवादियों के जजदीक पहुंच गया और तत्काल सजगता का परिचय देते हुए उसने एक आतंकवादी को चाल में मात देते हुए और बहुत नजदीक से गोली से मार गिराया। तथापि, यह गैर-कमीशन प्राप्त अधिकारी एक अन्य आतंकवादी की ओर से हो रही भारी गोलीबारी के बीच घिर गया। बिना डरे तथा हथगोले फैंकते हुए, उसने एक बार फिर से उन्हें पास से घेर लिया और आमने-सामने की भारी गोलीबारी में दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया।

लांस हवलदार राजन ने आतंकवादियों से लड़ते समय असाधारण वीरता तथा कर्त्तव्य से ऊपर उठकर बहादुरी का प्रदर्शन किया।

11. 13627069 पैराट्रूपर मकुंग सारंग हुचोंग, 21 पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 अक्तूबर, 2009)

27 अक्तूबर, 2009 को पैराट्रूपर मकुंग सारंग हुचोंग जो आक्रमणकारी स्क्वाड के स्काऊट थे, को मणिपुर जिले के थाउबल के सामान्य क्षेत्र में उपने छुपने की जगहों पर आतंकवादियों को लुभाने के लिए खुली कार्रवाई करने का काम सौंपा गया। एक रणनीति विश्राम के दौरान 1200 बजे उन्होंने आतंकी गतिविधियों का पता लगाया, संभवत: वह अपने ही रास्ते में घात लगा रहा था। उन्होंने अपने स्क्वाड कमाण्डर को तुरंत सूचित किया जो उनका मुकाबला करने के लिए तुरंत चल पड़े। तथापि, अपनी टुकड़ी को सही जगह पर लगाते समय कमाण्डर को आतंकवादी की स्नाइपर बुलेट से चोट लग गई। अपने कमाण्डर को घायल और पूरी तरह जमीन पर पड़ा हुआ देखकर पैराट्रूपर हुकांग भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए तेजी से बाहर निकले और उन्हें खींच कर सुरक्षित जगह पर ले गए। आतंकवादियों ने अपनी अधिक संख्या भांपकर स्क्वाड को चारों ओर से घेरना शुरू कर दिया। वह शीघ्रता से घुटने के बल चल कर दूसरी घुपने की जगह जा पहुंचा जहां उसने छ: आतंकवादियों को नजदीक आते हुए देखा। स्वयं के अकेले होने और उनकी संख्या अधिक होने के बावजूद भी, उसने आतंकवादियों पर चुपचाप गोलबारी कर दी और एक को मौके पर ही मार गिराया। बाकी आतंकवादियों ने जवाब में भारी गोलीबारी कर दी जिससे उसके पैर में चोट लग गई। तथापि, इस प्रक्रिया में उसने चार और आतंकवादियों को घायल करते हुए उन्हें घेरा तोड़ने और भारी आपाधापी में उन्हें भागने के लिए मजबूर कर दिया। तत्पश्चात् होने वाले आतंकवादी की रेडियो बातचीत से दूसरे आतंकवादी और चार वरिष्ठ कैडेटों के मारे जाने की पुष्टि हुई। घायल होने के बावजूद पैराट्रूपर हुचोंग की बहादुरी उनके घायल अफसर के जीवन को बचाने में अत्याधिक उच्च कोटि की थी जिससे उसके साथियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी और दो आतंकवादियों का सफाया किया जा सका और चार अन्यों को गंभीर चोट पहुंचाई जा सकी।

पैराट्रूपर मकुंग सारंग हुचोंग ने इतनी कम उम्र तथा अल्प सेवाकार में उत्कृष्ट बहादुरी और पहल का प्रदर्शन किया और उसने घायल होने के बावजूद भी प्रतिकूल लड़ाई की परिस्थितियों में भी अपने साथियों का जीवन बचाने में अपनी जान को दांव पर लगा दिया।

12. आईसी-66201 कैप्टन सुनील यादव, पंजाब रेजिमेंट/37 राष्ट्रीय राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 अक्तूबर, 2009)

28 अक्तूबर, 2009 को एक विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कैप्टन सुनील यादव को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव के एक घर में छिपे हुए दो आतंकवादियों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन का नेतृत्व करने के काम पर लगाया गया।

अफसर ने बड़ी बुद्धिमानी से ऑपरेशन की योजना बनाई और निशानदेही वाले घर को, दुर्गम जंगल क्षेत्र की ओट लेकर बिना दिखाई दिए उसे पास से घेर लिया। मकान मालिक ने घर के अंदर दो आतंकवादियों के होने की पुष्टि की। अफसर ने सभी सिविलियनों से घर को खाली करा दिया। उसके तुरंत बाद दो आतंकवादी भारी गोलीबारी करने लगे और भागने की कोशिश करने लगे। प्रत्युत्पन्नमति दर्शाते हुए कैप्टन सुनील यादव ने अपने व्यक्तिगत हथियार से गोलीबारी की और एक आतंकवादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह मकान की छत पर चढ़ गया और उसने चिमनी तथा खिड़कियों से हथगोले/स्टेन ग्रेनेड फेंकी। छ: घंटे से अधिक समय तक लगातर गोलीबारी करके वह आधी रात के बाद दूसरे आतंकवादी को मारने में सफल हो गया।

कैप्टन सुनील यादव ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल तथा नेतृत्व के असाधारण गुणों को दर्शाया।

13. आईसी-55217 लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य नेगी, सेना मेडल, 3 गोरखा राइफल/32 राष्ट्रीय राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 09 नवम्बर, 2009)

09 नवम्बर, 2009 को जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के एक गांव में दो आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य नेगी ने एक अभेद्य घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन का संचालन किया। 0330 बजे, उन बेखबर आतंकवादियों से अफसर का आमना-सामना हुआ। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अफसर की ओर से हुई जवाबी गोलीबारी से यह सुनिश्चित हो गया कि आतंकवादी भाग नहीं पाएंगे और वे एक घर में घुस गए। खोज के

दौरान आतंकवादियों ने लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य नेगी और उनकी सैन्य पार्टी पर भारी मात्रा में गोलीबारी की दी। गोलीबारी के दौरान अफसर ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्हें पास से घेर लिया और एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरा आतंकवादी कई कमरों की आड़ का सहारा लेकर सर्च पार्टी पर गोलीबारी करता रहा। पांच घंटों की भारी गोलीबारी के बाद आतंकवादी ने संपर्क को तोड़ने का प्रयास किया और समीपवर्ती घर की ओर भाग निकला। ज्योंही उसने भागने की कोशिश की अफसर की ओर से हुई एक गालियों की सटीक बौछार से आतंकवादी नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य नेगी ने आतंकवादियों से लड़ते हुए कर्त्तव्य भाव से ऊपर उठकर उत्कृष्ट बहादुरी, शौर्य, अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

14. 2602065 नायक बैजू बी, 7वीं बटालियन, मद्रास रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 नवम्बर, 2009)

14 नवम्बर, 2009 को नायक बैजू बी उस त्वरित प्रतिरोध दल का हिस्सा थे जो आतंकवादियों का सामना कर रही एक छोटी टुकड़ी को बल प्रदान करने के लिए जम्मू- कश्मीर के बारामुला जिले के एक गांव में तुरंत पहुंची थी।

लक्ष्य को बुरी तरह तहत-नहस करने के बाद अपने कमांडिंग अफसर के साथ वह सावधानीपूर्वक ढोक पहुंचे और घर की छानबीन करने के लिए घुटने के बल इसकी छत पर पहुंच गए। छत पर पहुंच कर नायक बैजू उसके बाद धीरे-धीरे और आगे बढ़े और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना ढोक में एक छोटे छेद से तीन हथगोले फेंके। इससे नीचे छिपे हुए आतंकवादियों को गंभीर चोट लग गई। इसके बाद अंतिम बार सफाई के लिए ढोक में जाते समय, उन्होंने तत्क्षण बुद्धि का प्रदर्शन करते हए बहुत करीब से एक आतंकवादी को मार गिराया जो ढोक के दरवाजे के पीछे छिपा हुआ था। इस प्रकार घर की तलाशी ले रही पार्टी को हो सकने वाली कैजुअल्टी की संभवना को समाप्त किया।

नायक बैजू बी ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ने में व्यक्तिगत बहादुरी, पेशेवर कुशलता और हिम्मत का परिचय दिया।

15. 4002995 सिपाही सुरेन्दर कुमार, डोगरा रेजिमेंट/62 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 जनवरी, 2010)

13 जनवरी, 2010 को सिपाही सुरेन्दर कुमार अपने कम्पनी कमाण्डर के साथ थे जिनकी टीम ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के एक गांव के एक घर पर घेरा डाला जिसमें दो आतंकवादी मौजूद थे। कुछ देर बाद ऑपरेशन में शामिल होने के लिए एक पुलिस दल भी आ पहुंचा। निशानदेह घर पर आतंकवादियों की उपस्थिति से बेपरवाह इस पार्टी के कुछ सदस्य बिना कवर के ही आगे बढ़े। यह देखकर, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और एक पुलिस कर्मी को घायल कर दिया। असाधारण पहल करते हुए, सिपाही सुरेन्दर कुमार गोलियों की बौछार के बीच तेजी से गए और एक घायल पुलिसमैन को बाहर खींच लाए। ऐसा करते समय उन्हें गोली से चोट लग गई। चोट के बावजूद, उन्होंने अपनी स्थिति बदली और चोट के कारण वीरगति प्राप्त करने से पहले एक आतंकवादी को मार गिराया।

सिपाही सुरेन्दर कुमार ने विषम परिस्थितियों में भी अद्वितीय साहस और सखाभाव का प्रदर्शन किया।

16. 4001514 सिपाही रवि कान्त, डोगरा रेजिमेंट/11 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 फरवरी, 2010)

चार आतंकवादियों की विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सिपाही रवि कान्त ने 04 फरवरी, 2010 को जम्मू-कश्मीर के किस्तवाड़ जिले के ढोक के पास कारडन के भाग के रूप में खिड़की से भारी आतंकवादी गोलीबारी होते हुए देखी। उन्होंने पास पहुंचकर ढोक में हथगोला फेंक दिया और इस प्रकार आतंकवादी सरगना के जिला कमाण्डर को गालीबारी करते हुए कूदने के लिए दबाव बनाया। सिपाही रवि कान्त ने दृढ़ साहस दिखाते हुए बिल्कुल करीब से उस पर गोली दाग दी।

यह समझते हुए कि आतंकवादी भाग सकते हैं उन्होंने अपने को फिर से काम पर लगाया और एक आतंकवादी आउटफिट के तहसील कमाण्डर जो अंधाधुंध फायरिंग कर रहा था को मार गिराया। उन्हें बंदूक की गोली से घायल करते हुए तीसरे आतंकवादी ने भागने की कोशिश की। सिपाही रवि कान्त ने जवाबी हमला किया और इस आतंकवादी को घायल कर दिया, जिसे बाद में उनके साथी द्वारा मार गिराया गया। चौथे आतंकवादी ने पिछली खिड़की से भागने की कोशिश की। सिपाही रवि कान्त ने कवर को छोड़ दिया और उन पर तीन राउंड गोलियों की बौछार हुई। उन्होंने इस आतंकवादी को रोककर, प्रभावी गोलीबारी करते हुए उसे घायल कर दिया किंतु इसके लिए उन्हें अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़ी। गोलीबारी के दौरान उन्होंने महिला आतंकवादी और वहां उपस्थित उसके बच्चों पर गोलीबारी करने से परहेज रखते हुए साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया।

सिपाही रवि कान्त ने दो दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने में असाधाराण वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने मानव जीवन के रक्षार्थ अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया और वे मौत के पर्यन्त तक विश्वस्थ साबित हुए।

17. आईसी-61307 मेजर दीपक यादव, सेना शिक्षा कोर/भारतीय राजदूतावास, काबुल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 फरवरी, 2010)

मेजर दीपक यादव भारतीय अंग्रेजी भाषा टीम के रूप में काबुल में तैनात थे। 26 फरवरी, 2010 की अल्लसुबह, भलीभांति सुरक्षा गार्डों से तैनात एक आवासीय परिसर जिसमें छः सेना मेडिकल अधिकारी, चार पैरा मेडिकल और दो अन्य सेना अधिकारियों के घर थे पर भारी हथियारबंद आतंकवादी आत्मघाती बम्बरों ने धावा बोल दिया। हमले की शुरूआत बाउंडरी वॉल के परे आईईडी से लेस एक आत्मघाती वाहन के विस्फोट से हुई जिससे तीन सुरक्षा गार्डों की तत्काल मौत हो गई और बाउंडर दीवार तथा आवासीय अहाता पूरी तरह गिर गया। हथयारों से लैस आतंकवादी आत्मघाती बम्बर से हथगोला फेंकते हुए परिसर में प्रवेश किया और कालाश्नीकोव से गोलीबारी करने लगा और इस प्रकार बिना हथियार वाले लोगों पर अचानक हमला कर दिया। कोई बच न निकले इसकी शिनाख्त के लिए वह कमरा-दर-कमरा तलाशी लेने लगा। अवश्यंभावी मौत का खतरा होते हुए भी इस चुनौती का सामना करते हुए हथियारहीन मेजर दीपक यादव अपने साथियों के साथ अपने-अपने कमरों के मलबे में से रेंग कर बहार आए और

वे तुरंत उन तीन अधिकारियों के पास पहुंच गए जो अतिथिगृह के एक ओर खड़े थे और उन्हें अतिथिगृह के बिल्कुल अंदरूनी हिस्से में स्थित बाथरूम की ओर जाने का संकेत किया। तब तक उनके छिपने की जगह जलने लगी थी क्योंकि हथगोलों को फेंका जा रहा था और उनके कपड़ों में आग लग गई थी। एक दूसरे अफसर के बहादुरी भरे कारनामे के परिणामस्वरूप जब आतंकवादी ने अंतिम रूप से अपने आत्मघाती वेस्ट का विस्फोट किया तो मेजर दीपक यादव ने अन्य चार अधिकारियों को जलते घर से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसा करते हुए वह स्वयं जल रहे कमरे में फंस गए और दुर्भाग्यवश जल कर उनकी मौत हो गई।

मेजर दीपक यादव ने अपने कर्त्तव्य से ऊपर उठ कर अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और बहादुरी का प्रदर्शन किया और आतंकवादी आत्मघाती बम हमले का सामना करने में अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया।

18. आईसी-61324 मेजर नितेश राय, सेना शिक्षा कोर/भारतीय राजदूतावास, काबुल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 फरवरी, 2010)

मेजर नितेश राय भारतीय अंग्रेजी भाषा टीम के रूप में काबुल में तैनात थे। 26 फरवरी, 2010 की अल्लसुबह, भलीभांति सुरक्षा गार्डों से तैनात एक आवासीय परिसर जिसमें छः सेना मेडिकल अधिकारी, चार पैरा मेडिकल और दो अन्य सेना अधिकारियों के घर थे पर भारी हथियारबंद आतंकवादी आत्मघाती बम्बरों ने धावा बोल दिया। हमले की शुरूआत बाउंडरी वॉल के परे आईईडी से लेस एक आत्मघाती वाहन के विस्फोट से हुई जिससे तीन सुरक्षा गार्डों की तत्काल मौत हो गई और बाउंडर दीवार तथा आवासीय अहाता पूरी तरह गिर गया। हथियारों से लैस आतंकवादी आत्मघाती बम्बर ने हथगोला फेंकते हुए परिसर में प्रवेश किया और कालाश्नीकोव से गोलीबारी करने लगा और इस प्रकार बिना हथियार वाले लोगों को पर अचानक हमला कर दिया। कोई बच न निकले इसकी शिनाख्त के लिए वह कमरा-दर-कमरा तलाशी लेने लगा। अवश्यंभावी मौत का खतरा होते हुए भी इस चुनौती का सामना करते हुए हथियारहीन मेजर नितेश राय अपने साथियों के साथ अपने-अपने कमरों के मलबे में से घुटने के बल रेंग कर बाहर आए और वे तुरंत उन तीन अधिकारियों के पास पहुंच गए जो अतिथिगृह के एक ओर खड़े थे और उन्होंने उन्हें अतिथिगृह के बिल्कुल अंदरूनी हिस्से में स्थित बाथरूम की ओर जाने का संकेत किया। तब तक उनके छिपने की जगह जलने लगी थी क्योंकि हथगोलों को फेंका जा रहा था और उनके कपड़ों में आग लग गई थी। एक दूसरे अफसर के बहादुरी भरे कारनामे के परिणामस्वरूप जब आतंकवादी ने अंतिम रूप से अपने आत्मघाती वेस्ट का विस्फोट किया तो मेजर नितेश राय ने अन्य चार अधिकारियों को जलते घर से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसा करते हुए वह स्वयं जल रहे कमरे में फंस गए और दुर्भाग्यवश जल कर उनकी मौत हो गई।

मेजर नितेश राय ने अपने कर्त्तव्य से ऊपर उठ कर अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और बहादुरी का प्रदर्शन किया और आतंकवादी आत्मघाती बम हमले में अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया।

19. कमाण्डर दिलीप दोण्डे (03593-टी)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 2010)

22 मई, 2010 को कमाण्डर दिलीप दोण्डे, स्वदेशी निर्मित याच मेडी पर पृथ्वी के चारों ओर एक चक्कर लगाने के बाद सोलो नेविगेटरों का संभ्रांत क्लब में शामिल हो गए।

जब कमाण्डर दोण्डे प्रशांत महासागर में याच चला रहे थे तभी दो ऑटो पायलटों के फेल हो जाने से एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। कमाण्डर दोण्डे को हाथ से शिप को चलाना पड़ा। तेज हवा और मजबूद लहरों के साथ खराब मौसम के कारण याच के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया और उसे बचाने के लिए उन्हें दिन रात अलर्ट रहना पड़ा और वे बेरुखे समुद्र में जान पर खतरे वाली परिस्थिति में कुशलतापूर्वक याच चलाते रहे। इस प्रकार मैनुअल स्टीयरिंग पर उन्हें पूरे 5400 नाटिकल मील की यात्रा करनी पड़ी। परियोजना की सफलता को खतरे में डालने के बनिस्पत अपने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अधिकारी ने पूरी मुस्तैदी से प्रतिकूलताओं के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया।

15 नवम्बर, 2009 को तस्मान समुद्र में नौवहन करते समय याच को गेल तूफानों का सामना करना पड़ा। भारी वर्षा के कारण बोट की स्टीयरिंग प्रणाली खराब हो गई। नजदीक के भूक्षेत्र के लगभग 800 नाटिकल मील दूर होने के कारण भारी विषमताओं और उसकी जान का संकट होने के कारण अकेले पृथ्वी का चक्कर लगाने के उद्देश्य से समझौता नहीं किया और बहादुरी से यात्रा को जारी रखा। याच और अफसर दोनों तूफान की दया पर थे जो लगातार 5 दिनों तक चलता रहा। अफसर ने 25-30 फीट ऊंची लहरों और 90 कि.मी./घंटा की रफ्तार से बह रही हवाओं का मुकाबला किया। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, निर्भीकता और नौसैनिक की बारीकियों के चलते अफसर सफलतापूर्वक तूफान का सामना करने में सफल रहा और नौवहन करता रहा।

कमाण्डर दिलीप दोण्डे भारत के इतिहास में एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने पृथ्वी के चारों ओर अकेले ही नाव द्वारा चक्कर लगाया है जिसमें सभी प्रमुख समुद्रों के पास 23000 नॉटिकल मील से अधिक की दूरी तय की है। उन्होंने जोखिम भरी समुद्री लहरों और तेज हवाओं का सामना करते हुए 270 दिन से अधिक नौवहन किया और इस दौरान केवल समुद्री नाविकों की जानकारी वाले कुछ अत्यधिक खतरनाक समुद्रों में भी नौवहन किया। यह पेशेवर क्षमता, बहादुरी की असली परीक्षा थी तथा इसकी भी कि वह कितनी सामंजस्यता से जीत हासिल करते हैं और कि उनका कारनामा कमजोर दिलवालों के लिए नहीं था। अधिकारी ने अत्यधिक खतरनाक मौसमी दशाओं के विरुद्ध नौवहन किया, खाना पकाया, मशीन की मरम्मत की और सर्वोपरि रूप से अज्ञात भय पर विजय हासिल की।

कमाण्डर दिलीप दोण्डे ने जानलेवा प्रतिकूल परिस्थितियों के विरुद्ध असाधारण पेशेवर क्षमता, शारीरिक शक्ति और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र के लिए उल्लेखनीय सेवा की।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 125-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1.	मुस्ताक हुसैन शाह कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)	(मरणोपरांत)
2.	निसार हुसैन एसपीओ	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)	(मरणोपरांत)
3.	फारूख अहमद कैशर पुलिस उप-अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)	

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

धर्मशाल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में कल्यार और पिंगा गली वनों में आतंकवादियों की उपस्थिति से संबंधित स्रोत सूचना पर कार्रवाई करते हुए दिनांक 13.1.2009 को राजौरी पुलिस और 54 आर आर ने एक संयुक्त अभियान चलाया। इस अभियान दल ने क्षेत्र का घेराव किया और आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। जंगल में छिपे आतंकवादियों ने अभियान दल पर गोली-बारी कर दी। अभियान दल ने जवाबी गोलीबारी की और इस प्रकार एक मुठभेढ़ शुरू हो गई। कांस्टेबल मुस्ताक हुसैन शाह और एसपीओ निसार हुसैन ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर आतंकवादियों के साथ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। दोनों को गोलियां लगीं और बाद में घायलावस्था में उनकी मृत्यु हो गई। शुरूआती हानि के बाद उप-पुलिस अधीक्षक (ओपीएस), राजौरी ने अत्यंत चतुराई से अभियान दल का पुनर्गठन किया, वास्तविक मुठभेड़ स्थल में पहुंचे और जवानों के शव वहां से हटाए। आतंकवादियों ने अभियान दल पर फिर गोलीबारी की और उप-पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) राजौरी ने अत्यंत सूझबूझ का परिचय दिया और फुर्ती से जवाबी गोलीबारी की जिससे पुलिस दल के कार्मिकों का जीवन बच गया और आतंकवादी बच कर भाग नहीं सके। आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए बार -बार कहा गया लेकिन हर बार उन्होंने अधांधुंध गोलीबारी की। उप-पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) ने अपने

दल के साथ इस अभियान में अनुकरणीय भूमिका निभाई और दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी जिले में विगत कुछ वर्षों से सक्रिय थे और ये कई सिविलियनों को मारने में संलिप्त थे। बाद में उनकी पहचान अबु तलहा, निवासी पाक अधिकृत कश्मीर, एलईटी गुट और असफाक, निवासी किस्तवार, एचएम गुट के रूप में हुई। जिले में सक्रिय एलईटी /एचएम गुट के इन खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने से इन गुटों को गहरा धक्का पहुंचा।

मुटभेड़ स्थल से निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई:-

(क)	राइफल एके-47	-	2 नग
(ख)	मैगजीन एके-47	-	06 नग
(ग)	राउंद	-	80 राउंद
(घ)	मोबाइल फोन (क्षतिग्रस्त)	-	04 नग
(ड.)	इयरफोन (क्षतिग्रस्त)	-	01 नग

इस मुठभेड़ में श्री सर्व श्री (स्व.) मुस्ताक हुसैन शाह, कांस्टेबल, (स्व.) निसार हुसैन, एसपीओ और फारूख अहमद कैशर, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.1.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.126-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1.	श्याम सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरांत)
2.	प्रमोद कुमार कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया ।

नगीन पुलिस स्टेशन, श्रीनगर के अन्तर्गत ग्राम दगरपुरा, तेलबेल में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में दिनांक 23.3.2008 को एसपी (आप्स) जम्मू और कश्मीर पुलिस, श्रीनगर से आसूचना प्राप्त होने पर एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई जिसमें श्री एस.के झा, सहायक कमाण्डेंट के तहत जी/122, श्री जी.एस.नेगी, सहायक कमांण्डेट के तहत डी/139 और श्री जे.पी बलई डी/सी के तहत डी/112 मौजूद थे।

योजना के अनुसार घेराव पूरा करने के बाद जम्मू और कश्मीर पुलिस के निरीक्षक राजेन्द्र सिंह राही की कमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू और कश्मीर पुलिस के संयुक्त दल को आदेश दिया गया कि वे उग्रवादियों के छिपने के दो मंजिले मकान के बिल्कुल पीछे जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसपी (आप्स) के नजदीक मोर्चा संभालें । कांस्टेबल/जीडी प्रमोद कुमार और संख्या 031458464 कांस्टेबल/जीडी श्याम सिंह, जी/122 बटालियन, जिनके पास एलएमजी 1 और 2 थे और जो हैड कांस्टेबल बासप्पा बिलगुंडी की कमान में थे, इस दल में शामिल थे।

जब यह दल बिल्डिंग के सामने के प्रवेश द्वार के निकट पहुंचा तो उग्रवादियों ने संयुक्त दल पर हथगोला फैंका और फिर अचानक भारी गोलीबारी कर दी लेकिन भाग्य से हथगोला नहीं फटा ।

इसके बाद उग्रवादियों ने पता लगाए गए मकान से दो मंजिला बिल्डिंग की ओर दक्षिण दिशा से भारी गोलीबारी का सहारा लिया । इसका एलएमजी 1 और 2 से लैस जी/122 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांस्टेबल / जीडी प्रमोद कुमार और स्व. कांस्टेबल/जीडी श्याम सिंह ने माकूल जवाब दिया। कांस्टेबल प्रमोद कुमार और स्व. कांस्टेबल श्याम सिंह सहित सी.आर.पी.एफ और जम्मू और कश्मीर पुलिस का संयुक्त दल, अगली रणनीति की योजना बनाने के लिए अपने मूल मोर्चे से हटने के बाद टी –जंक्शन के निकट फिर से एकजुट हुआ।

अचानक हुए इस परिवर्तन से विचलित हुए बगैर कांस्टेबल प्रमोद कुमार और स्व. कांस्टेबल श्याम सिंह ने सामने आकर अत्यंत बहादुरी का परिचय दिया और भाग रहे उग्रवादियों पर जम्मू कश्मीर पुलिस के 2-3 कार्मिकों के साथ गोलीबारी कर दी। कांस्टेबल/जीडी श्याम सिंह के सिर में गोलियां लगी लेकिन उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बावजूद वे पीछे नहीं हटे और इन्होंने उग्रवादियों की गोलियों का जवाब देना जारी रखा। इस भयंकर गोलीबारी में कांस्टेबल श्याम सिंह और कांस्टेबल प्रमोद कुमार द्वारा चलाई गई गोलियों से दोनों उग्रवादी भी घायल हो गए। इनमें से एक उग्रवादी मारा गया और दूसरा बच कर भाग निकलने में सफल हो गया। जम्मू और कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल इरशाद अहमद, कांस्टेबल मोहम्मद कबीर और कांस्टेबल बशीर अहमद नामक 3 कार्मिकों को भी गोलियां लगीं। जम्मू और कश्मीर पुलिस के घायल कार्मिकों को तत्काल पीसीआर अस्पताल, श्रीनगर ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया गया घोषित किया गया।

मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में अबु फैजल (पाकिस्तान में प्रशिक्षित उग्रवादी), स्वयंभू डिविजनल कमांडर, एलईटी के रूप में की गई। उसके कब्जे से एके-47 राइफल-01, मैगजीन एके-47 राइफल-01, जीवित गोलीबारूद-13, ग्रेनेड-03, पाऊच-01 बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री (स्व.) श्याम सिंह, कांस्टेबल और प्रमोद कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.3.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.127-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. शहनवाज़ कासिम,
   पुलिस अधीक्षक
2. ए. श्रीनू,
   रिजर्व उप-निरीक्षक
3. बी. रघुपति,
   पुलिस कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

रेगोंडा मंडल गांवों और आसपास के क्षेत्रों में हत्यायें करने तथा सनसनीखेज संज्ञेय अपराध करने के लिए प्रतिबंधित सीपीआई मावोवादी कार्रवाई टीम की हलचल के बारे में दिनांक 31.10.2009 को श्री शहनवाज कासिम, पुलिस अधीक्षक वारंगल को विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर श्री शहनवाज, पुलिस अधीक्षक ने सूचना का बारीकी से विश्लेषण किया और उग्रवाद-रोधी अभियान आयोजित करने में विशेषज्ञता प्राप्त ओएसडी, वारंगल के साथ मिलकर सावधानी पूर्वक परिचालनात्मक योजना तैयार की। एसपी और ओएसडी, वारंगल ने उपलब्ध जिला गार्ड दल का पूल बनाया ताकि शिविर पर छापा मारा जा सके। इन्होंने सूचना के महत्व और घात लगाने, क्लेमोर सुरंगों और बारूदी सुरंगों से संबधित सावधानियों के बारे में दल को बताया। श्री शहनवाज कासिम, एसपी, श्री हनमकोंडा, सीआई, श्री ए.श्रीनू, आरएसआई, श्री बी. रघुपति, पीसी और जिले के 15 गार्ड दिनांक 31.10.2009 को लगभग 12.30 बजे जिला मुख्यालय की ओर चल पड़े। पूरे दल को दो दलों में विभाजित किया गया। असॉल्ट दल का नेतृत्व श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने किया और उनके साथ श्री ए. श्रीनू, आरएसआई और श्री हनमकोंडा, सीआई के नेतृत्व में कटऑफ दल में श्री बी. रघुपति, पीसी और 5 सहायक सदस्य और अन्य कार्मिक थे। असॉल्ट दल, कोटान्चा (v) के बाहर रूक गया और कटऑफ दल लिंगला

और पोचमपल्ली गांवों के बीच रूक गया। चूंकि खेतों से होकर जाने वाले सभी रास्तों में भारी मात्रा में सुरंगें बिछी होने की आशंका थी इसलिए श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने श्री ए. श्रीनू, आरएसआई और श्री बी. रघुपति, पीसी के साथ फील्ड रणनीतियों का पालन करके अत्यंत सावधानी पूर्वक पगडंडिया पैदल ही पार कीं। 1½ किलोमीटर चलने के बाद लगभग 1500 बजे एसपी ने कपास के खेत के निकट मिट्टी के तीन टीलों पर हथियारों के साथ तीन सशस्त्र उग्रवादियों की हलचल नोटिस की।

श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने एक बार फिर पूरे दल को दो दलों में विभाजित किया एक का नेतृत्व असॉल्ट दल के रूप में स्वयं उन्होंने किया और उनके साथ श्री ए. श्रीनू, आरएसआई और श्री बी. रघुपति, पीसी थे। कटऑफ दल के रूप में दूसरे दल का नेतृत्व उप-निरीक्षक जिला गार्ड ने किया और उनके साथ 5 सदस्य थे। श्री शहनवाज कासिम, एसपी पहले असॉल्ट ग्रुप में थे। बचकर भाग निकलने के संभावित रास्ते पर कटऑफ दल द्वारा मोर्चा संभालने के बाद श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने असॉल्ट दल को आगे बढ़ने का संकेत दिया। असॉल्ट दल रेंगते हुए उग्रवादियों के शिविर तक पहुंचे लेकिन संतरी को आगे बढ़ रहे पुलिस दल की भनक मिल गई वह जोर से "पुलिस" चिल्लाया तथा शिविर में मौजूद उग्रवादियों को सचेत करने के साथ ही असॉल्ट दल पर तेजी से गोलीबारी शुरू कर दी। ये उग्रवादी संख्या में लगभग तीन थे और लाभप्रद स्थिति में थे तथा उन्होंने स्वचालित हथियारों से सभी दिशाओं में तत्काल अंधांधुध गोलीबारी कर दी तथा साथ ही साथ एचई ग्रेनेड भी फैंके। श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने उग्रवादियों को गोलीबारी रोकने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी तथा असॉल्ट दल को आदेश दिया कि वे उपलब्ध आड़ लेकर उग्रवादियों के शिविर की ओर आगे बढ़ें। चूंकि बार-बार दी गई चेतावनी का असर उग्रवादियों पर नहीं पड़ा और पुलिस कार्मिकों की हत्या करने की नीयत से उन्होंने दल पर भारी गोलीबारी करनी जारी रखी इसलिए श्री शहनवाज कासिम, एसपी, वारंगल ने दल को आदेश दिया कि वे अपनी रक्षा में उग्रवादियों पर गोलीबारी करें तथा साथ ही इन्होंने कटऑफ दल को भी सतर्क किया कि वह बचकर निकलने वाले रास्ते को बंद कर दें। श्री शहनवाज, एसपी ने उग्रवादियों की गोलियों के कारण अपने जीवन के लिए गंभीर जोखिम की परवाह नहीं की तथा उग्रवादियों की गोलीबारी का जबाब देते हुए वे शिविर स्थल के निकट पहुंच गए। एक उग्रवादी आड़ और खेत का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया जबकि दूसरे उग्रवादियों ने शिविर स्थल से अन्य पुलिस कार्मिकों पर लगातार गोलीबारी करनी जारी रखी। दोनों ओर से चली इस गोलीबारी से खेतों में युद्ध जैसा दृश्य बन गया था। यद्यपि श्री शहनवाज कासिम, एसपी वारंगल, श्री ए. श्रीनू, आरएसआई और श्री बी.रघुपति, पीसी पर उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की जा रही थी और उनके बहुत नजदीक से गोलियां गुजर रही थीं, फिर भी इन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर उग्रवादियों का साहसिक ढंग से पीछा किया और नियंत्रित गोलीबारी से उग्रवादियों को ढेर कर दिया। इनकी एक ही साहसिक और निर्भीक कार्रवाई से उग्रवादी भौचक्के रह गए। श्री शहनवाज कासिम, एसपी की इस

साहसिक कार्रवाई और उच्च स्तर के नेतृत्व के कारण ही पुलिस कार्मिक अपनी अलाभकर स्थिति से निकल कर लाभप्रद स्थिति में पहुंच गए। ऐसी स्थिति में भी श्री शहनवाज कासिम, एसपी ने अपनी सुरक्षा और जीवन की परवाह नही की बल्कि अपने आप को कर्तव्य के प्रति समर्पित कर दिया । उग्रवादियों की ओर से 1515 बजे तक गोलीबारी होती रही। यद्यपि श्री शहनवाज, एसपी, श्री ए. श्रीनू, आरएसआई और श्री बी.रघुपति, पीसी संख्या में कम थे लेकिन इन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बगैर बहादुरी के साथ जवाबी गोलीबारी की। पुलिस दल ने घटनास्थल की तलाशी ली और शिविर स्थल में 2 पुरूष उग्रवादियों के शव पाए जिन की पहचान (क) मंथानी राजू उर्फ मंगली राजू उर्फ दया उर्फ दयाकर उर्फ सुधाकर पुत्र पोचैय्या, 29 वर्ष, मंगली, निवासी जंगेडू (v), भूपालपल्ली (एम), वारंगल जिला, एनटीएसजेडसी वैकल्पिक सदस्य, के.के.डब्ल्यू सदस्य और डीसीएस वारंगल (ख) नूनेती वैंकटेश उर्फ भाष्कर उर्फ बापना उर्फ मधु उर्फ महेश, पुत्र कोमुरैय्या, 25 वर्ष गोला निवासी पेडाकोमतिपल्ली (v), मोगूपल्ली (एम), वारंगल जिला, कार्रवाई दल सदस्य/कमांडर के रूप में की गई।

घटना स्थल से निम्नलिखित हथियार बरामद किए गए:-

(क) 9 एमएम कार्बाइन मशीन -01 नग
(ख) देशी स्टेनगन -01 नग

इस मुठभेड़ में सर्व श्री शहनवाज कासिम, पुलिस अधीक्षक, ए. श्रीनू, रिजर्व उप-निरीक्षक और बी. रघुपति, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.10.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.128-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व श्री</u>

1. टी. नरसिंह राव,
   पुलिस अधीक्षक
2. ए. सुरेन्द्र राव,
   पुलिस उप अधीक्षक
3. वी.वी.रामी रेड्डी,
   सशस्त्र आरक्षी पुलिस कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, एस आई बी के अनुरोध पर पुलिस अधीक्षक, वारंगल ने श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी रामी रेड्डी, ए आर पीसी की सहायता करने के लिए जिला विशेष दल के साथ उप निरीक्षक मटवाडा को भेजा। श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप- अधीक्षक और श्री वी.वी रामी रेड्डी, ए आर पी सी ने दिनांक 1.4.2008 की सायं को जिला विशेष दल के साथ रेहुर गांव से तलाशी अभियान शुरू किया । चूंकि इस क्षेत्र में अत्यधिक बारूदी सुरंगें बिछी होने की आशंका थी इसलिए श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी. रामी रेड्डी, ए आर पी सी उस रात पुलिस दल के साथ रामपुर गांव के निकट रूक गए। दिनांक 2.4.2008 को सुबह ही पुलिस दलों ने उस क्षेत्र का घेराव अभियान शुरू किया और इस प्रक्रिया में 6.45 पूर्वाह्न को उन्हें आधुनिक आग्नेयस्त्रों, ग्रेनेडो, क्लेमोर सुरंगों से लैस जैतून की हरी वर्दी में एक महिला सहित 6 माओवादी दिखाई दिए। श्री नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी रामी रेड्डी ए आर पी सी ने गजराला सरैया को स्पष्ट रूप से पहचान लिया और इस जानकारी के आधार पर उप निरीक्षक मटवाडा ने यह जानकारी पुलिस दल को दी तथा उग्रवादियों को अपने हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। तथापि, माओवादी विपरीत दिशा में पहाड़ी से नीचे आने की पूरी तैयारी में थे और उन्होंने देखा कि पुलिस दल उनसे खराब स्थिति में है इसलिए उन्होंने पुलिस दल के कार्मिकों की हत्या करने की मंशा से इन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । चूंकि पुलिस दल ने अपनी सुरक्षा के लिए रक्षात्मक मोर्चा संभाला हुआ था और उन्होंने उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा था इस लिए पुलिस दल के आगे चल रहे श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी रामी रेड्डी, ए आर पी सी ने महसूस किया कि इस प्रक्रिया में गजराला सरैया निश्चित रूप से बचकर भाग निकलने में सफल हो सकता है ।

माओवादियों की ओर से अंधाधुंध गोलीबारी हो रही थी और यदि पुलिस दल द्वारा कोई कदम उठाया जाता तो इससे केवल मृत्यु ही संभव थी।

ऐसी गंभीर स्थिति में या तो रक्षात्मक मोर्चा संभालने या पीछे लौटने में ही बुद्धिमानी थी ताकि आसन्न खतरे के कारण कार्मिकों का जीवन बच सके। फिर भी, श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी. रामी रेड्डी, ए आर पी सी ने महसूस किया कि यदि आजाद आखों से ओझल हो जाता है तो वह हमेशा के लिए हमारे हाथ से निकल जायेगा। इसलिए श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक ने यह निर्णय लिया कि वे अपने जीवन और अपनी रक्षा की कीमत पर गजराला सरैया का पीछा करें। ऐसा निर्णय लेने पर श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी. रामी रेड्डी, ए आर पी सी, माओवादियों की गोलियों की बौछार के बीच अपनी सुरक्षा और रक्षा की परवाह किए बगैर गजराला सरैया को पकड़ने के लिए आगे बढ़े और साथ ही अपनी रक्षा में गोलीबारी भी की ताकि गजराला सरैया को जीवित या मृत पकड़ा जा सके। इसके लिए इन्होंने अपने अमूल्य जीवन की भी परवाह नहीं की। तथापि, श्री नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, श्री ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री वी.वी. रामी रेड्डी, ए आर पी सी के इस दृढ निश्चय के बावजूद अत्यंत वांछित और खूंखार माओवादी नेता, जिस पर 10 लाख रूपये का इनाम रखा हुआ था, उस गजराला सरैया उर्फ आजाद-एमएचएससीएम को पकड़ने में या मार गिराने में पुलिस दल दो दशकों तक पूरी कोशिश कर रहा था और उसके सहयोगी बोलमपल्ली अरूणा उर्फ राम उर्फ पदम, जो एमएचएसएसी का सदस्य था और जिस पर 3 लाख रूपए का ईनाम रखा था, उसने भी पुलिस दल पर जवाबी गोलीबारी कर दी लेकिन इस गोलीबारी में जैतून की हरी वर्दी पहने ये दोनों उग्रवादी मारे गए और इस गोलीबारी में एक .30 कार्बाइन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक .38 रिवाल्वर, 6 जीवित राउन्द और उच्च स्तर के माओवादी साहित्य से भरे 4 बैग उनसे बरामद हुए। इस सफल और साहसिक अभियान से गजराला सरैया उर्फ आजाद के क्रिया-कलापों का अंत हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। यदि पुलिस दल ने अपने जीवन और निजी सुरक्षा की कीमत पर गजराला सरैया उर्फ आजाद को पकड़ने का निर्णय नहीं लिया होता तो पुलिस दल को यह कामयाबी हासिल नहीं होती और इसके बजाय उन्हें अपनी जीवन से हाथ धोना पड़ता और राज्य के हित में वे अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाते।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री टी. नरसिंह राव, पुलिस अधीक्षक, ए. सुरेन्द्र राव, पुलिस उप-अधीक्षक और वी.वी.रामी रेड्डी, सशस्त्र आरक्षी पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2.4.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.129-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. सीएच. राजुला नायडु,
   उपनिरीक्षक
2. पी. सुरेश कुमार,
   पुलिस कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

एसपी और ओएसडी विजयनगरम ने उड़ीसा राज्य के एसपी, रायगढ़ जिले के साथ मिलकर अपने विश्वस्नीय स्रोत से इस आशय की महत्वपूर्ण सूचना एकत्र की कि विजयनगरम जिले के एलविनपेठ पुलिस स्टेशन से लगभग 32 किलोमीटर और उड़ीसा राज्य के रायगढ़ जिले के चॉदिली पुलिस स्टेशन से 42 किलोमीटर दूर ओरहडा गॉव के निकट रंगलपाडु वन क्षेत्र में श्रीकाकुलम और कोरापुट ज्वाइंट डिविजन कमेटी के प्रतिबंधित सीपीआई माओवाद के उग्रवादी डेरा जमाये हुए हैं। श्री सीएच. राजुला नायडु, उपनिरीक्षक और श्री पी. सुरेश कुमार , कांस्टेबल, उड़ीसा के विशेष कार्यबल और विशेष अभियान ग्रुप के साथ एलविनपेठ पुलिस स्टेशन की सीमाओं के मुलुगुडा (v) वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाने के लिए रूक गये और इन्होंने दिनॉक 10.08.2009 को 2200 बजे तलाशी लेनी शुरू की ।

श्री सीएच. राजुला नायडु, उपनिरीक्षक के समग्र नेतृत्व और स्काउट-1 के रूप में श्री पी. सुरेश कुमार, कांस्टेबल के तहत पुलिस दल ने ओरहडा (v) के निकट रंगलपाडु वन क्षेत्र में लगभग 0645 बजे तलाशी अभियान शुरू किया। श्री सीएच. राजुला नायडु, 6 अन्य सदस्यों के साथ एक ओर से और श्री पी. सुरेश कुमार अन्य सदस्यों के साथ दूसरी ओर से आगे बढे और इन्होंने अपनी रक्षा में गोलियां चलायीं तथा इन्होंने अपने आप को छिपाते और रेंगते हुए माओवादियों की ओर बढना शुरू किया तथा इन्होंने खड़ी चढाई पर 150 मीटर तक उनका पीछा किया। दोनों ओर से लगभग एक घंटे तक गोली बारी हुई जिसमें श्री सीएच. राजुला नायडु, श्री

पी. सुरेश कुमार और एसटीएफ दल ने अपने जीवन की परवाह किये बगैर बहादुरी से लडाई लड़ी। दोनों ओर से चली इस गोलीबारी में श्री सीएच. राजुला नायडु, उपनिरीक्षक और श्री पी. सुरेश कुमार, कांस्टेबल ने उन तीन महत्वपूर्ण महिला माओवादियों को मार गिराया जिन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल का कड़ा मुकाबला किया था।

श्री सीएच.राजुला नायडु, उपनिरीक्षक और श्री पी. सुरेश कुमार, कांस्टेबल और इनकी टीम के वीरतापूर्वक कृत्य से सीपीआई (माओवाद) को भारी हानि हुई जिसमें 1. पोथमपल्ली सुभद्रा उर्फ विजया, उर्फ स्वर्ण, एरिया कमेटी सदस्य, 2. लांडा राजेश्वरी उर्फ दिव्या, एरिया कमेटी सदस्य, 3. पुव्वला आरती उर्फ जीवनी, पार्टी सदस्य मारे गये और इनसे इंसास रायफल, .303 की दो रायफलें, 85 राउंद गोलीबारूद और साहित्य से भरे 5 किटबैग बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री सीएच. राजुला नायडु, उपनिरीक्षक और पी. सुरेश कुमार, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.08.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.130-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. एम. रविन्द्र रेड्डी,
   निरीक्षक
2. आर. के. राजेश राजु,
   जूनियर कमांडो

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

कालेगांव वन केरमेरी (एम), आदिलाबाद जिले में उत्तरी तेलांगना में शीर्ष माओवादियों की गतिविधि के बारे में दिनांक 01.12.2009 को श्री एम. रविन्द्र रेड्डी की सूचना मिलने पर एसआईबी, ग्रेहाउंड और विशेष दलों के साथ मिलकर अभियान चलाने के योजना बनाई गयी। घने वन और संदिग्ध सुरंग के रास्ते जैसे पहाड़ी भू-भाग की कठिन स्थितियां होते हुए भी श्री

बी. चेनचैया और श्री आर. के. राजेश राजू सहित श्री एम. रविन्द्र रेड्डी और डी ए सी के नेतृत्व में पुलिस दल दिनांक 1.12.2009 की रात में काले गांव के बाहरी हिस्से में पहुंचा और इन्होंने एलयूपी लिया।

दिनांक 2.12.2009 को वन की तलाशी लेते हुए ये लगभग 1750 बजे राजूकोंडा पहाड़ी पर पहुंचे और वहां इन्होंने खतरनाक आधुनिक हथियारों से लैस लगभग 20 सशस्त्र माओवादी देखे। इस पर तुरंत इन्होंने पुलिस दल को आसॉल्ट और कटऑफ दलों के रूप में विभाजित किया। असॉल्ट दल का नेतृत्व श्री एम. रविन्द्र रेड्डी ने किया जिसमें श्री बी चेनचैया और श्री आर के राजेश राजू शामिल थे और इन्होंने मोर्चा संभालने के बाद रणनीति के अनुसार आगे बढ़ना शुरू किया। लेकिन माओवादियों के गार्ड के रूप में कार्य कर रहे दो संतरियों में से एक ने पुलिस दल को देख लिया और उसने सभी माओवादियों को सतर्क करते हुए उन सभी ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। शत्रुओं की गोलीबारी की परवाह किए बगैर श्री एम. रविन्द्र रेड्डी और श्री आर के राजेश राजू ने आंशिक रूप से आड़ लेकर माओवादियों पर बहादुरी के साथ जवाबी गोलीबारी की । दोनों और से यह गोलीबारी लगभग 15 मिनट तक चली जिसमें श्री एम रविन्द्र रेड्डी और श्री आर के राजेश राजू ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाला और 1) चिप्पाकुर्थी रवि उर्फ सुरेश, डीसीएम आदिलाबाद जिला समिति और 2) अलेम तिरूपती उर्फ पुन्नम, कमांडर (डीसीएस), कम्बैट प्लाटून नामक 2 कुख्यात मावोवादियों को मार गिराया।

घटना स्थल से 1 एके-47 राइफल, एक 7.62 एसएलआर, एक टीएसएम गन, एक 9 एमएम पिस्तौल, दो वायरलैस हैंड सैट और गोलीबाररूद बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एम. रविन्द्र रेड्डी, निरीक्षक और आर.के. राजेश राजू, जूनियर कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2.12.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

6—351 GI/2010

सं.131-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. मुग्ध ज्योति देव महंत,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. दिपुल चंद्र दास
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 9.6.2008 को अपराह्न 900 बजे बोरबरी पुलिस स्टेशन के तहत गांव पोलसबारी, नथखुशी में छिपे हुए कुछ खूंखार उल्फा उग्रवादियों के बारे में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्री मुग्ध ज्योति देव महंत, अपर पुलिस अधीक्षक, बक्सा ने एसपी बक्सा को इस बारे में सूचित किया और पुलिस उप-अधीक्षक, सीआरपीएफ 10वीं बटालियन, एफ कम्पनी मुसलपुर के साथ अभियान चलाने की योजना पर चर्चा की और उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तत्काल जाल बिछाया। ये उपलब्ध सशस्त्र कार्मिकों के साथ तत्काल गांव पोलसबारी की ओर चल पड़े और क्षेत्र का घेराव किया । छापे के दौरान इससे आगे मिली जानकारी के आधार पर श्री महंत, अपर पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ अपराह्न 930 बजे श्री गौरीकांत नाथ के घर पर पहुंचे। जैसे ही यह दल उक्त मकान के परिसर की बाऊंडरी के पास पहुंचा वैसे ही उक्त मकान से इन पर गोली की बौछार शुरू हो गई। उल्फा उग्रवादियों ने पुलिस दल को लक्ष्य बनाकर इन पर एक हैंड ग्रेनेड भी फैका लेकिन इस दल का आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहें अपर पुलिस अधीक्षक श्री महंत ने सौभाग्य से अपने आप को बचा लिया और फिर जवाबी गोलीबारी की। इन्होंने अपने दल के साथ अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह नहीं की और अनुकरणीय साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल जवाबी गोलीबारी की और अपने हथियार से 10 राउन्द गोलियां चलाईं। साथ-ही-साथ इन्होंने तत्काल जवाबी कार्रवाई करने के लिए अपने दल की कमान भी संभाली। अपर पुलिस अधीक्षक बक्सा श्री एम जे महंत, अपर पुलिस अधीक्षक की प्रभावी कमान ने अन्य पुलिस कार्मिकों का साहस बढ़ाया और उन्होंने भी प्रभावी ढंग से जवाबी

कार्रवाई की। दोनों ओर से लगभग आधे घंटे तक गोलीबारी होती रही। गहन तलाशी अभियान के दौरान घटना स्थल के निकट उल्फा के दो खूंखार उग्रवादियों के शव पाए गए बाद में जिनकी पहचान एस/एस कैप्टन धरिजय डेका उर्फ रतन डेका आईसी कैडर 29वीं बटालियन और एस/एस सार्जेंट मेजर रवा उर्फ लंकेश्वर रवा, 709 बटालियन, उल्फा संगठन के रूप में की गई।

इसी बीच अंधेरे और बांस के झुरमुटों का लाभ उठाते हुए दो अन्य उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गए। घटना स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद आदि बरामद हुए:-

(क)	पिस्तौल	-1 नग
(ख)	रिवाल्वर	-1 नग
(ग)	ग्रेनेड	-4 नग
(घ)	आरडीएक्स	-1 नग
(ड.)	राउन्द	-9 नग
(च)	खाली केस	-7 नग
(छ)	मैग. पिस्तौल	-
(ज)	मोबाइल फोन	-4 नग
(झ)	सेटेलाइट फोन	-2 नग

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मुग्ध ज्योति देव महंत, अपर पुलिस अधीक्षक और दिपुल चंद्र दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9.6.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.132-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लम्हावो दौंगेल

पुलिस उप-अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिफू पुलिस स्टेशन के तहत डोलडोली रिजर्व वन के अन्दर नाहरबाड़ी क्षेत्र में एनडीएफबी (वार्ता विरोधी) उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक 11 जून, 2009 को लगभग 1230 बजे पुलिस उप-अधीक्षक (मुख्यालय) कार्बी एन्गलांग, श्री लम्हावो दौंगेल (एपीएस) ने तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई। श्री दौंगेल ने श्री निशान्त कालरा, पाचवीं राजपूताना राइफल कैम्प, दिफू और ओसी दिफू पुलिस स्टेशन के साथ नाहरबाड़ी क्षेत्र में अभियान शुरू किया। इस अभियान में अधिकारियों सहित कुल मिलाकर 35 कार्मिकों ने भाग लिया। श्री दौंगले ने अभियान का आगे बढ़कर नेतृत्व किया और तलाशी दल के साथ जंगल क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। यह क्षेत्र घने जंगली रास्तों वाला क्षेत्र था जहां घात लगाए जाने या आईईडी हमलों की संभावना अधिक थी।

पहाड़ी की चोटी पर संदिग्ध स्थान थैच हाउस के निकट पहुंचने के बाद लगभग 330 बजे श्री दौंगेल सावधानी पूर्वक पहाड़ी रास्ते पर चढ़े ताकि दिन निकलने पर उस छप्पर का घेराव किया जा सके और उसकी तलाशी ली जा सके। अचानक ही तलाशी दल की दिशा में गोलियों की बौछार हुई। दल का आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे श्री दौंगेल ने अपनी एके-47 राइफल से तत्काल जवाबी गोलीबारी की और यह सुनिश्चत करने के बाद की तलाशी दल को कोई नुकसान नहीं हुआ है इन्होंने अपनी टुकड़ियों को निदेश दिया कि वे अपनी रक्षा में मोर्चा संभाल लें। अलाभप्रद स्थिति में होने के बावजूद पुलिस उप-अधीक्षक श्री दौंगेल ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और उंचाई की ओर से तथा पेड़ की आड़ लेकर गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों का पीछा किया तथा दल को यह निदेश दिया कि वे भी आड़ लेकर उग्रवादियों पर जवाबी गोलीबारी करें। वह जून महीने की बरसाती अंधेरी रात थी जिससे पूरे घने जंगल में

अंधेरा छाया हुआ था। पुलिस उप-अधीक्षक ने उग्रवादियों पर दबाव बनाए रखा और अपने जीवन को दांव पर लगा कर सावधानी पूर्वक अभियान की योजना बनाई । दोनों ओर से लगभग 45 मिनट तक गोलीबारी होती रही। अंन्ततः जब गोलीबारी रूकी तो तलाशी दल आगे बढ़ा और थैच हाऊस से लगभग 30 मीटर की दूरी पर संतरी चौकी पर पहुंचा तथा वहां से निम्नलिखित वस्तुऐं बरामद हुईः-

(क) एके गोलीबारूद का ईएफसी-15 नग, (ख) चीनी ग्रनेड-1 नग, (ग) जीवित एके- गोली बाररूद-70 राउन्द (घ) एके-मैगजीन-2 नग (ड.) मैगजीन पाउच- 01 नग (च) नोकिया मोबाइल-2 नग (छ)ऊनी कंबल-1 नग (ज) प्लास्टिक ग्राउंड सीट- 01 नग (झ) एनडीएफबी के आपत्तिजनक दस्तावेज (ञ) धन प्राप्ति पुस्तिका आदि।

पीओ की आगे और छानबीन करने पर जंगल की ओर जाते हुए खून के धब्बे पाए गए और लगभग 50 मीटर तक चलने के बाद एके-56 राइफल के साथ शव पाया गया। बाद में उस शव की पहचान एनडीएफबी के उग्रवादी श्री बोलो दायीमरी (26) पुत्र श्री नोरेश दायीमरी, ग्राम नाहरबाड़ी, डाक घर/पुलिस स्टेशन-दिफू, जिला-कार्बी एंगलौंग, असम के रूप में हुई। इस संबंध में दिफू पूलिस स्टेशन में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (क), 27 के साथ पठित आई पी सी की धारा 120/121/121 (क)/122/123/307 के तहत मामला संख्या 66/09 दायर किया गया है। आस-पास के क्षेत्रों में खून के और अधिक धब्बे पाए गए जिससे पता चलता है कि गोलियों से और अधिक उग्रवादी घायल हुए हैं। पुलिस उप-अधीक्षक श्री दौंगेल ने एक और अधिक तेज अभियान चलाने के लिए चतुर योजना बनाई जिसमें इन्होंने खोजी कुत्तों का प्रयोग किया और अन्ततः जी जान से उग्रवादियों का पीछा करने के बाद अगली सुबह अर्थात दिनांक 12.6.2009 को नागालैंड सीमा पर एक और मुठभेड़ हुई जिसमें बांग्लादेश में प्रशिक्षित जिले का एनडीएफबी (वार्ता विरोधी) का टैक्स कमांडर श्री डांगखावो उर्फ धीरेन्द्र बोरो, रांगिया, कामरूप जिले को मार गिराया गया और चार अन्य उग्रवादी पकड़े गए । इन चार उग्रवादियों में से दो उग्रवादियों को नाहरबाड़ी में पिछली सुबह हुई गोलीबारी में गोली लग गई थी। श्री विश्वार (25), ग्राम-थाईगरगुड़ी, विश्वनाथ चरियाली, सोनीपुर जिले की बायीं हथेली और पेट के निचले भाग में गोली लगी थी, श्री तुलाराम बासुमतारी, हावड़ाघाट कार्बी एन्गलोंग जिले के बायें पैर में गोली लगी थी। उनसे प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके छिपने के स्थान से एम-20 पिस्तौल और 9 एमएम कार्बाइन बरामद हुई। इस संबंध में पुलिस स्टेशन दिफु में मामला संख्या 67/09 दायर किया गया है।

इस संबंध में यह नोट किया गया है कि एनडीएफबी के टैक्स कामांडर दंगखावो उर्फ धीरेन्द्र बोरो और बोलो दाईमरि, जिले के एक्शन कमांडर जिले में जबरन धन ऐंठने और हत्या के कई मामलों में संलिप्त थे। ये दोनों ही दिनांक 19 मई, 2009 को दिफू, वार्ड संख्या 4 आयुक्त श्री अप्पुदास उनकी पत्नी, दो पुत्रियों सहित इनके परिवार के सदस्यों और एक महिला

ट्यूटर की सनसनीखेज नृशंस हत्या करने में संलिप्त थे। इस संबंध में दिफू पुलिस स्टेशन में मामला संख्या 60/09 दायर किया गया है। इसी ग्रुप ने दिनांक 23 फरवरी, 2009 को हिंदी भाषी व्यवसायी श्री सोहीराम पारीख पुत्र श्री सोहन लाल पारीख, पानबडी क्षेत्र, दिफू शहर की जबरन धन ऐंठने के लिए हत्या कर दी थी। इस संबंध में दिफू पुलिस स्टेशन में मामला संख्या 21/09 दायर किया गया है। एनडीएफबी के पकड़े गए उग्रवादी श्री दीपक स्वरगियारी ने पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया कि उपर्युक्त मामलों में मारे गए ये दोनों उग्रवादी संलिप्त थे।

यह अभियान एक ऐसे गांव में चलाया गया था जो सुरक्षा बलों की आवाजाही पर क्रुध होता था और उग्रवादियों की हलचल के बारे में बहुत कम सूचना प्राप्त हुई थी। यह मार्ग घात लगाने और आईईडी हमलों का संभावित मार्ग ही था। ऐसी परिस्थिति में जिससे पुलिस उप-अधीक्षक (मुख्यालय) श्री लम्हावो दौंगेल ने सावधानी से योजना बनाई, विपरीत परिस्थिति में चतुराई भरी चाल चली, जो इनके जीवन के लिए गंभीर खतरा भी हो सकता था, साहस का परिचय दिया और इन सबसे अधिक कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया जिससे यह अभियान सफल हुआ और एनडीएफबी (वार्ता विरोधी) गुट के एक्शन कमांडर और टैक्स कमांडर को मार गिराया जा सका जिससे दूसरे उग्रवादियों का मनोबल भी गिरा।

इस मुठभेड़ में श्री लम्हावो दौंगेल, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.06.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.133-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. प्रशांत कुमार दत्ता
   पुलिस अधीक्षक
2. बाबुल हैनरी
   हवलदार
3. बिरेन सैकिया
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.8.2009 की रात को श्री पी के दत्ता, एपीएस को पुलिस अधीक्षक, कोकराझार से विशिष्ट आसूचना मिली कि श्री तिलक सीएच शर्मा, कचुगांव पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत ग्राम थाईसुगुरी में एनडीएफबी के खूंखार उग्रवादियों (वार्ता विरोधी गुट) ग्रुप के कब्जे में हैं। उक्त व्यक्ति का अपहरण दिनांक 28.8.2009 की सांय को गोसाईगांव टाउन से किया गया था।

इस पर तत्काल ही श्री पी के दत्ता के नेतृत्व में 11वीं मराठा एल.1 की सेना के कार्मिकों के साथ पुलिस कार्मिकों की एक छोटी टीम उक्त गांव की ओर गई ताकि उपर्युक्त शिकार व्यक्ति को छुडाया जा सके। रास्ते में इन्होंने ग्राम सैलमारी में अपना वाहन छोड़ दिया और उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर अचानक छापा मारने की दृष्टि से पैदल ही आगे बढ़े। यद्यपि उस समय रूक-रूक कर बारिश हो रही थी और रास्ता कठिन था फिर भी लगभग 330 बजे (31.8.2009) को ये उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध स्थान के निकट पहुंच गए और उग्रवादियों के बचकर के निकलने के रास्तों को बन्द करने के लिए इन्होंने उसका घेराव कर दिया। लेकिन अचानक ही अत्याधुनिक हथियारों से इन पर अंधाधुंध और भारी गोलीबारी हो गई इसलिए श्री पी के दत्ता और इनके पीएसओ ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की और उग्रवादियों के छिपने के दांये और बांये छोर का घेराव करने का आदेश दिया तथा स्वयं ये थैच हाउस की आड़ लेकर बांए छोर से आगे बढ़े। यह थैच हाउस पीछे के तालाब के बिल्कुल निकट था।

चूंकि उग्रवादियों की ओर से रूक-रूक कर गोली-बारी की जा रही थी इसलिए श्री पी के दत्ता के नेतृत्व वाले पुलिस दल और इनके दो पीएसओ आगे बढ़ने से रूक गए। फिर भी, क्योंकि वह थैच हाउस गोली बारी के बचने के लिए उचित आड़ के रूप में कार्य करने योग्य नहीं था और उसकी दिवारों पर उग्रवादियों द्वारा चलाई गई कई गोलियां पहले ही लग चुकी थी, ऐसी

स्थिति में श्री दत्ता और इनके पीएसओ ने रेंगते हुए तालाब की ओर बढ़ना शुरू किया ताकि उग्रवादियों की तुलना में अपनी बेहतर स्थिति बनाई जा सके और तालाब के निकट पेड़ों के झुरमुट की आड़ लेकर उन पर गोलीबारी की जा सके। तथापि, ऐसा करते समय श्री दत्ता और इनके पीएसओ उग्रवादियों के बिल्कुल सामने आ गए और इनके जीवन को गंभीर खतरा पैदा हो गया । लेकिन अपने जीवन के लिए गंभीर खतरे और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर श्री दत्ता और इनके पीएसओ ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और विपरीत तथा प्रतिकूल परिस्थितयों में भी बहादुरी से हमला कर दिया और अन्ततः एक ऐसे उग्रवादी को बिल्कुल निकट से ढेर करने में सफल हो गए जिसने झाड़ियों और पेड़ों के बीच आश्रय लिया हुआ था।

सेना ने एक और ऐसे उग्रवादी को मार गिराया जो दांये छोर पर था। मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में एनडीएफबी (रंजन दायीमरी ग्रुप) के वार्ता-विरोधी गुट के खूंखार उग्रवादियों के रूप में की गई। इनके नाम थे (क) श्री रोशन नरजरी (25 वर्ष), पुत्र श्री सुकुरसिंह नरजरी, ग्राम बोंगलबाड़ी, पुलिस स्टेशन-सेरफंगुरी, (ख) जनजीत मुचाहरी (28 वर्ष), पुत्र श्री शंभुनाथ मुचाहरी, ग्राम बलनबाड़ी, पुलिस स्टेशन कोकराझार।

मारे गए उग्रवादियों से निम्नलिखित हथियार और गोली-बारूद आदि बरामद किए गए:-

(क)	राइफल एके-56 जिसके साथ 1 मैग्जीन फिट की गई थी	-1 नग
(ख)	एके-56 राइफल की मैग्जीन	-2 नग
(ग)	एके राइफल के जीवित गोली बारूद	-57 राउन्द
(घ)	पिस्तौल 7.65 एमएम (यूएसए में निर्मित)	-1 नग
(ड.)	7.65 एमएम पिस्तौल के जीवित गोलीबारूद	- 8 राउन्द
(च)	एके-56 के खाली केस	-16 नग
(छ)	7.62 एमएम के खाली केस	-8 नग
(ज)	सिम कार्ड के साथ नोकिया मोबाइल	-3 नग

इस मुठभेड़ में सर्वश्री प्रशांत कुमार दत्ता, पुलिस अधीक्षक, बाबुल हैनरी, हवलदार और बिरेन सैकिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.8.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.134-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्वश्री.</u>

1. सिंह राम मिली,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. जयन्त सारथी बोरा
   उपमंडल पुलिस अधिकारी

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 7.5.2009 को लगभग 14 बजे पुलिस अधीक्षक, डिब्रुगढ़ से सूचना मिली कि डिब्रुगढ़ से सोनारी जा रही बस में उल्फा का एक लिंकमैन है। इस सूचना के आधार पर सोनारी पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत भाजू रेलवे स्टेशन के निकट श्री जयन्त सारथी बोरा, एसडीपीओ, सोनारी और 871 फील्ड रेजीमेंट, कैम्प-सापखाती की सेना के कार्मिकों ने घात लगाई । तलाशी के दौरान सोनारी पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत उल्फा का एक लिंकमैन श्री धनन्त ज्ञान, पुत्र श्री दुलाल ज्ञान, तेवखाबी गांव पकड़ा गया । घटना स्थल पर की गई पूछताछ से उल्फा के लिंकमैन ने कुछ महत्वपूर्ण सूचना दी कि तेवखाबी गांव के श्री अतुल बोरा के मकान में आधुनिक हथियारों से लैस उल्फा के चार उग्रवादियों ने शरण ली हुई है। श्री सिंह राम मिली, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (सीमा) डिब्रुगढ़, जिन्होंने शुरू में उल्फा लिंकमैन के संबंध में स्रोत सूचना प्राप्त की थी, को भी पकड़े गए उल्फा लिंकमैन के संबंध में सूचित किया गया। अपने कर्मचारियों और क्यूआरटी टीम के साथ इन्होंने तुरंत ही शिवसागर पुलिस के साथ की गई चर्चा के अनुसार अपने अगले चरण के अभियान के लिए सोनारी की ओर प्रस्थान किया । लगभग 1640 बजे शिवसागर और डिब्रुगढ़ जिले की पुलिस तथा 871 फील्ड रेजीमेंट, कैम्प सपखाती की सेना के कार्मिकों ने श्री सिंह राम मिली, एपीएस,अपर पुलिस अधीक्षक (सीमा) डिब्रुगढ़, मेजर एस रमेश, 871 फील्ड रेजीमेंट और श्री जयन्त सारथी बोरा, एपीएस, एसडीपीओ, सोनारी, शिवसागर के नेतृत्व में सोनारी पुलिस के अन्तर्गत तेवखाबी गांव में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। अभियान दल ने पूरे गांव का घेराव किया तथा तलाशी ली। जब अभियान दल

उस मकान के निकट पहुंचा तो उल्फा के उग्रवादियों ने अभियान दल के सदस्यों की हत्या करने की दृष्टि से इन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस पर श्री सिंह राम मिली, एपीएस अपर पुलिस अधीक्षक (सीमा) डिब्रुगढ़, श्री जयन्त सारथी बोरा, एपीएस, एसडीपीओ सोनारी ने तत्काल जबाबी कार्रवाई करने के लिए उपनिरीक्षक श्यामंत शर्मा, सोनारी पुलिस स्टेशन, उपनिरीक्षक राजीव कुमार सैकिया ओ/सी नाहरकातिया पुलिस स्टेशन, उपनिरीक्षक देबोजीत दास ओ/सी सोनारी पुलिस स्टेशन और अन्य कार्मिको से युक्त टीम का गठन किया और उनका मार्गदर्शन किया। तदनुसार, श्री सिंह राम मिली, एपीएस अपरपुलिस अधीक्षक (सीमा) डिब्रुगढ़, श्री जयन्त सारथी बोरा और इनके अधीनस्थ कार्मिको ने जवाबी गोलीबारी की और ऐसा करते समय ये अधिकारी बिना डर या अपने जीवन की परवाह किए बगैर उग्रवादियों को स्पष्ट रूप से देखने और उन्हें मार गिराने की दृष्टि से उनके बिल्कुल सामने आ गए । इस मुठभेड़ के दौरान स्वघोषित कैप्टन जिन्तू चंगमाई उर्फ अनल सिंह फुंकन उर्फ मास्टर पुत्र स्वर्गीय दुलेसर चंगमाई, चंगमाई गांव, पुलिस स्टेशन बोरहाट, जिला शिवसागर और स्वघोषित कैप्टन अनुप बरूआ उर्फ लिंकोन इग्ंती उर्फ गाथी पुत्र स्वर्गीय भुदेश्वर बरूवा, लाखीपत्थर रंगचंगी गांव, डिगबोई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जिला तिनसुखिया नामक दो उग्रवादी मारे गए और अन्य दो अंधेरे तथा जंगल का लाभ उठाकर भाग निकलने में सफल हो गए। मारे गए उग्रवादियों के शवों के निकट एक यू एम जी, एक एके-56 राइफल, दोनों राइफलों के 3 मैगजीन, 42 राउन्द गोलीबाररूद, 20 इलैक्टोनिक डीटोनेटर, 2 मैगजीन पाउच बरामद किए गए और इस संबंध में कानून के अनुसार सोनारी पुलिस स्टेशन में यू ए (पी) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित शस्त्र अधिनियम की धारा 25(i)(क)/27 के साथ पठित आई पी सी की धारा 121/121(ख) के तहत मामला संख्या 118/09 दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सिंह राम मिली, अपर पुलिस अधीक्षक और श्री जयन्त सारथी बोरा, उपमंडल पुलिस अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7.5.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.135-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्वश्री</u>

1.	शशी भूषण शर्मा, पुलिस उप-अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	राजेन्द्र सिंह, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3.	अजय कुमार सिंह, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4.	संजय कुमार, उपनिरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	राम बदन पासवान, हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	मो. गुलाम मुस्तफा, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 6.10.2004 की सुबह जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना को कुख्यात आततायी विक्की शर्मा और उनके कुछ सहयोगियों के बारे में यह सूचना मिली की वे न्यू बाईपास रोड स्थित केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग के निकट एक बच्चे का अपहरण करने की योजना बना रहे है तो इन्होंने उस गैंगस्टर के दुर्भावनाओं को निश्फल करने तथा उसे जीवित गिरफ्तार करने के लिए, यदि संभव हो तो, तत्काल छापा मार दल का गठन किया। पुलिस टीम ने जिसमें (1) श्री शशि भूषण शर्मा, पुलिस उप-अधीक्षक, कानून और व्यवस्था नेता के रूप में (2) श्री प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक और प्रभारी अधिकारी, कदमकुआँ पुलिस स्टेशन (3) श्री राजेन्द्र सिह,

पुलिस निरीक्षक और प्रभारी अधिकारी, कोतवाल पुलिस स्टेशन (4) श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक और प्रभारी अधिकारी, पाटिलपुत्र पुलिस स्टेशन (5) उप-निरीक्षक संजय कुमार सिंह, पुलिस लाइन्स (6) हवलदार 284 रामबदन पासवान (7) कांस्टेबल 1800 मो. गुलाम मुस्तफा (8) उप-निरीक्षक विनोद कुमार पांडे, कोतवाली पुलिस स्टेशन (9) उप-निरीक्षक कैलाश राम, कोतवाली पुलिस स्टेशन (10) सहायक उप-निरीक्षक हरीलाल मांझी, पाटिलपुत्र पुलिस स्टेशन और (11) कांस्टेबल 3049 आफताब आलम, जिला पुलिस से युक्त एक टीम का गठन किया गया जिसे उचित रूप से इस बारे में अवगत कराये जाने के बाद दो वाहनों में तुरंत नियत स्थान की ओर भेजा गया ताकि प्राप्त हुई गुप्त सूचना सत्यापित कर सकें और अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए उचित कदम उठा सकें। जब सूचना और नियत स्थान या लक्ष्य को सत्यापित किए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे थे तो उसी दौरान पूर्व से आती हुई और कंकड़बाग केन्द्रीय विद्यालय के निकट रोड कॉसिंग पर रुकती हुई एक सफेद मारुति कार दिखाई दी। तब तक दोपहर के 12.05 बज चुके थे। इस पर यह पाया गया कि उस वाहन में लगभग 5 लोग सवार थे और उनमें से कुछ लोग अपने मोबाइलों पर बात कर रहे थे। उन में से एक या दो को वाहन से बाहर आते हुए और फिर तत्काल ही वाहन के अन्दर जाते हुए देखा गया । उनकी गतिविधि, आचरण और व्यवहार ने संदेह पैदा कर दिया। पुलिस टीम ने स्वयं सड़क के दो ओर से अपने दोनों वाहनों में उनकी तलाशी लेने के उद्देश्य से उनकी ओर बढ़ना शुरू किया । लेकिन अपराधियों ने पुलिस की उपस्थिति महसूस कर ली और उन्होंने अपनी गाड़ी शुरू करके उसे उत्तरी सड़क पर भगाना शुरू कर दिया और न्यू बाईपास सड़क की पश्चिमी ओर चले गए । इस पर उन्हें कई बार रूकने के लिए कहा गया और साथ ही साथ उनके निकट जाने और उन्हें घेरने की भी कोशिश की गई । लेकिन उन्होंने पुलिस टीम की कोई बात नहीं सुनी बल्कि गोलियों की बौछार कर दी । टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे श्री शशि भूषण शर्मा (नामिती क्रम संख्या-1) के बिल्कुल नजदीक से निकल रही गोलियों से सौभाग्य से वे बच गए। ऐसे संकट पूर्ण क्षण में पुलिस दल ने श्री शर्मा के सुदृढ नेतृत्व में उन भगोड़ों का पीछा करना जारी रखा और वे ऐसी विकट और गंभीर परिस्थिति के बीच किसी भी परिणाम के लिए तैयार थे। श्री शर्मा ने अपना मानसिक संतुलन और धैर्य नहीं खोया तथा साथ ही इन्होंने अपने अधिकारियों और कार्मिकों को लगातार मिलकर 'करो या मरो' के लिए प्रेरित करना जारी रखा तथा झुकने और हतोत्साहित न होने के लिए प्रेरित किया। ऐसी संकटपूर्ण अवस्था में यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि पुलिस टीम ने गोलीबारी नहीं की बल्कि भगोड़ों का पीछा करना जारी रखा तथा उनके हित में ही लगातार उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहते रहे। इस प्रक्रिया में जब अपराधी "उर्मिला निवास" के निकट आरएमएस कालोनी, कंकड़बाग (पटना टाउन) पहुंचे तो कुछ उग्रवादी वाहन से बाहर आए और निरन्तर चेतावनी दिए जाने के बावजूद उन्होंने अनवरत गोली-बारी की। यद्यपि उपनिरीक्षक संजय कुमार गोली लगने से घायल हो गए लेकिन अन्य कार्मिक बाल-बाल बचे। आस-पास रह रहे लोगों और पुलिस दल के लोगों का जीवन/संपत्तियां बचाने का जब कोई विकल्प नहीं बचा तो एक बार फिर चेतावनी देने के बाद

सीमित जवाबी गोली-बारी का सहारा लिया गया जिससे दोनों ओर से गोली-बारी शुरू हो गई और यह एक मुठभेड़ में बदल गई। निरीक्षक अजय कुमार सिंह की गर्दन में एक गोली लगी और वे नीचे गिर पड़े तथा उनके शरीर से रक्त बहने लगा। इसी प्रक्रिया में निरीक्षक प्रमोद कुमार और कांस्टेबल 1600 मो. गुलाम मुस्तफा भी घायल हो गए। इसी बीच जो दो अपराधी वाहन का आड़ लेकर गोलीबारी कर रहे थे वे इस जबावी गोलीबारी में गोली लगने के कारण नीचे गिर पड़े और दो अन्य अपराधी घनी बसी कालोनी में मकानों और बाई-लेनों का सहारा लेकर बच कर भाग निकलने में सफल हो गए। यद्यपि उनका तेजी से पीछा किया गया लेकिन ऐसी घनी आबादी में शांतिप्रिय नागरिकों का जीवन और संपत्ति खतरे में डालने के लिए उनपर गोली चलाना बुद्धि सम्मत नहीं माना गया। निश्चित ही उचित समय पर लिये गये इस निर्णय की प्रशंसा की जानी चाहिए। इसके बाद शांति छा गई। इस संबंध में इतना ही कहना उचित होगा कि वर्दीधारियों ने मानवीय मानवीय दृष्टिकोण अपनाया लेकिन साथ ही वे एकजुट थे और किसी भी घटना का मुकाबला करने के लिए कर्तत्व की बेदी पर अपना जीवन न्यौछावर करने की भावना रखते थे। इन्होंने सहनशक्ति का परिचय दिया और आतंकवाद की किसी भी घटना का मुकाबला करने के लिए दृढ़ संकल्प का भी परिचय दिया। यद्यपि इनमें से चार कार्मिक घायल हो गए थे और मृत्य उनके करीब ही थी फिर भी उन्होंने साहस नहीं खोया और बिना घबराहट या हिचकिचाहट के साथ अपने नेता का पूरा सहयोग दिया । इस पूरे घटना क्रम में मारूती वाहन के एक ओर सड़क पर पड़े और गोलियों से घायल जो दो अपराधी पड़े हुए पाए गए थे उनमें से एक खूंखार और कुख्यात उल्लिखित विक्की शर्मा था। दूसरे अपराधी की घटनास्थल पर पहचान नहीं की जा सकी । तीसरा अपराधी वाहन में ही गंभीर रूप से घायल पाया गया और उससे खून बह रहा था । बाद में दोनों की पहचान राजीव कुमार और कारूशाह, नालन्दा जिले के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायल तीनों अपराधियों को तत्काल इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया जहां उन्हें मृत लाया गया घोषित किया गया । कार्यपालक मजिस्ट्रट द्वारा शवों का अपमृत्य विचारणा किया गया और उसके बाद पोस्टमार्टम किया गया । ये मौतें, आग्नेयास्त्रों से चलाई गोली के कारण घायल होने से हुई थी। मारे गए तीन अपराधियों के आपराधिक जीवन वृत्त से अब तक यह सिद्ध हो गया था कि वे पटना और नालन्दा जिलों में हत्या, लूटपाट, अपहरण आदि जैसे जघन्य अपराध करते थे। विक्की शर्मा कमसे कम 19 मामलों (नालन्दा के 5 और पटना के 14) के लिए जिम्मेदार था, जबकि राजीव कुमार 5 मामलों (पटना के तीन और नालन्दा के दो) तथा कारूशाह नालन्दा के 4 मामलों में वांछित था। इन सभी मामलों की धाराओं से यह सिद्ध होता है कि वे फिरौती के लिए अपहरण के कार्यों में सिद्धहस्त थे तथा वे राज्य में इस पेशे को फैला रहे थे । उनके मारे जाने से लोगों को कुछ राहत और शांति मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों ने लगभग 30-32 राउन्द गोलियां चलाईं जिससे 4 पुलिस कार्मिक घायल हो गए और इनके नेता और टीम के अन्य सदस्यों के नजदीक से निकल गईं जिससे वे बाल-बाल बच गए। घटना स्थल पर मारे गए 3 अपराधियों से हथियार/गोलीबारूद आदि बरामद हुआ जिसमें तीन पिस्तौल/रिवाल्वर, चलाए न गए 1 और 2

जीवित कारतूस, चलाए गए 12 कारतूस, 2 मोबाइल फोन और 1 मारूती वाहन शामिल है। पुलिस दल (11) ने कुल मिला कर 17 राउन्द गोलियां चलाईं जिनमें से निरीक्षक प्रमोद कुमार ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से 6 राउन्द, निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 4 राउन्द और कांस्टेबल मो. गुलाम मुस्तफा ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 7 राउन्द गोलिया चलाईं । यहां पर फिर से यह उल्लेख किया जा सकता है कि जिस स्थान पर यह मुठभेड़ हुई वह घनी बसी आबादी का क्षेत्र है और यह मुठभेड़ दिन में हुई । एक बार फिर यह कहा जा सकता है कि इसका श्रेय छापा मार दल और इसके नेता को जाता है जिसमें किसी भी तरफ का कोई भी सिविलियन इस गोलीबारी का शिकार नहीं हुआ। अपराधियों से निम्नलिखित हथियार/गोलीबारूद बरामद हुआ:-

1. मैगजीन और भरे हुए एक जीवित कारतूस के साथ 7.65 एमएम की एक पिस्तौल
2. एक जीवित गोलीबारूद से भरी .38 रिवाल्वर ।
3. पिस्तौल के अंदर चलाई न गई एक कारतूस के साथ देशी .315 पिस्तौल
4. चलाए गए 12 कारतूस, 2 मोबाइल फोन और एक मारूती कार ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री शशी भूषण शर्मा, पुलिस उप-अधीक्षक, राजेन्द्र सिंह, निरीक्षक, अजय कुमार सिंह, निरीक्षक, संजय कुमार, उप-निरीक्षक,राम बदन पासवान, हवलदार और मो. गुलाम मुस्तफा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6.10.2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.136-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लाखन लाल मरकम (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.1.2007 को पुलिस स्टेशन, कौंटा उप-प्रभाग, जिला दांतेवाड़ा से उप-निरीक्षक प्रमोद खेस के नेतृत्व में एक पुलिस दल रेगरकट्टा क्षेत्र में तलाशी अभियान पर था। रास्ते में एक मुखबिर ने इन्हें नक्सलियों के प्रशिक्षण शिवर और शिविर में बगैर वर्दी के लगभग 150 नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में सूचित किया। नक्सलियों की ग्रामीणों की बैठक आयोजित करने की भी योजना थी। इस तथ्य के बावजूद भी कि पुलिस दल में कार्मिकों की संख्या कम थी, फिर भी इन्होंने नक्सलियों को चुनौती देने का निर्णय लिया । इसके तुरंत बाद पुलिस दल उचित फारमेशन में नक्सलियों की ओर आगे बढ़ा। जैसे ही ये अपेक्षित स्थान के निकट पहुंचे वैसे ही नक्सलियों ने पुलिस दल को देख लिया और स्वचालित तथा अर्ध-स्वचालित हथियारों से इन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने उचित ढंग से अपने बारे में नक्सलियों को बताया लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और गोलीबारी करनी जारी रखी। पुलिस दल ने अपनी रक्षा में जवाबी गोलीबारी की। लेकिन नक्सली बड़ी संख्या में मौजूद थे और पूरे पुलिस दल का जीवन घतरे में पड़ गया था। इस स्थिति का अंदाजा लगाते हुए कांस्टेबल लाखन लाल मरकम अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर बहादुरी से आगे बढ़े और एक ओर से नक्सलियों पर तेजी से गोलीबारी कर दी। कांस्टेबल लाखन लाल मरकम के इस साहसिक कृत्य से पूरा दल भी उत्साहित हुआ और इन्होंने भी साहस और बहादुरी के साथ नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी कर दी। पुलिस दल द्वारा की गई इस तेज गोलीबारी से नक्सली घबरा गए और उन्होंने घने वन की ओर भागना शुरू कर दिया। पुलिस दल ने उनका पीछा किया और कांस्टेबल लाखन लाल मलकम इन सबसे आगे थे। अचानक ही दायीं कनपटी से इनकी बायीं आंख और सिर पर गोली लगी और ये घटना स्थल पर ही शहीद हो गए। पुलिस दल ने नक्सलियों का पीछा करना जारी रखा लेकिन नक्सली घने वन की आड़ में दूर भाग गए। घटना स्थल की पूरी जांच की गई

और वहां पर पुलिस दल को बगैर वर्दी के 2 खूंखार नक्सलियों के शव मिले। नक्सलियों के विरूद्ध मिली इस आश्चर्य जनक सफलता के पीछे केवल कांस्टेबल स्वर्गीय लाखन लाल मरकम द्वारा दर्शाये गए अनुकरणीय साहस, बहादुरी और उच्च श्रेणी की कर्तव्यपरायणता का अनुपम कृत्य ही है। इन्होंने सामान्य ड्यूटी से परे उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया। इन्होंने अपने जीवन की परवाह नहीं की और राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इनके इस साहसिक कृत्य से पूरा पुलिस दल प्रभावित हुआ और कम संख्या में होने पर भी पुलिस दल ने नक्सलियों का बहादुरी के साथ मुकाबला किया।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री लाखन लाल मरकम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.1.2007 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.137-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. राजेश दुग्गल,
   सहायक पुलिस आयुक्त
2. जितेन्द्र कुमार,
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया ।

दिनांक 18.12.2008 की सुबह श्री अजीत सिंह सुपुत्र भगवान सिंह, निवासी भीमगढ़ खारी (गुड़गांव) अपनी इंडिको कार में अपनी बुवा को एक लाख रूपए देने के लिए हौजखास, नई दिल्ली जा रहे थे। जब ये बाटिक्स गार्डन, सेक्टर 17-18 की सड़क, गुड़गांव के निकट पहुंचे तो एक मारूती कार संख्या एचआर-12डी 9266 इनके आगे बढ़ी और आगे से इनकी कार रोक दी। इस पर इन्होंने भी अपनी कार रोक दी। उक्त कार से एक युवक नीचे उतरा और वह इनके निकट पहुंचा। उस युवक ने लहराते हुए एक पिस्तौल निकाली और इनसे अपनी कार की खिड़की का शीशा खोलने के लिए कहा । इस पर ये घबरा गए और इन्होंने खिड़की का शीशा खोल दिया। वह युवक इनका एक लाख रूपए वाला बैग उठाकर भाग गया। इस घटना के शिकार श्री अजीत सिंह ने पुलिस नियंत्रण कक्ष, गुड़गांव को सूचित किया। इन्होंने अपराधी का हुलिया भी बताया। नियंत्रण कक्ष ने तुरंत कार्रवाई की और अपराधियों को पकड़ने के उद्देश्य से सभी पुलिस स्टेशनों/पुलिस चौकियों/नाको/पीसीआर वाहनों और राइडरों को सतर्क कर दिया ताकि तत्काल नाके बंदी की जा सके। इस संबंध में पुलिस स्टेशन, सेक्टर-18, गुड़गांव में आई पी सी की धारा 392 और शस्त्र अधिनियम 25/54/59 के तहत दिनांक 18.12.2008 को प्राथमिकी संख्या 175 दर्ज की गई है।

श्री राजेश दुग्गल, एसीपी/उद्योग विहार, गुड़गांव अपने रीडर ई/एएसआई वीरसिंह, गनमैन कांस्टेबल गुलाब सिंह और कांस्टेबल कृष्ण कुमार, सहायक रीडर कांस्टेबल अमित कुमार और

सहायक रीडर कांस्टेबल विनोद कुमार से युक्त अपने स्टाफ के साथ ग्राम बंधवानी में कानून और व्यवस्था से निपटने के लिए जाने के लिए तैयार थे। यह स्थिति डंम्पिंग स्टेशन स्थापित किए जाने के कारण उत्पन्न हुई थी। यह सूचना प्राप्त होने पर इन्होंने तत्काल कार्रवाई की और अपने उक्त स्टाफ के साथ अपराधी को पकड़ने के लिए कांस्टेबल कृष्ण कुमार द्वारा चलाए जा रहे वाहन में नाकाबन्दी करने की जांच करने के लिए चल पड़े। जब ये पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क के अंतर्गत ग्राम दौलताबाद में एक मंदिर के निकट पहुंचे तो इन्होंने उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, एसएचओ पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क, गुडगांव को ईएचसी कृष्ण कुमार और ड्राइवर कांस्टेबल मनोज कुमार नामक अपने स्टाफ के साथ नाकाबन्दी करने के लिए वहां पाया। श्री राजेश दुग्गल, एसीपी, उद्योग विहार ने एसएचओ को प्रभावी ढंग से नाकाबंदी करने के लिए कहा ताकि अपराधी को बचकर निकलने का अवसर न मिले। इसी बीच ग्राम दौलताबाद की ओर से एक मारूती कार आती हुई दिखाई दी। इस पर एसीपी, उद्योग विहार के आदेश पर उप-निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, एसएचओ पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क, गुडगांव ने ड्राइवर को कार रोकने का संकेत किया। लेकिन एसएचओ के संकेत की परवाह किए बगैर ड्राइवर ने कार की रफ्तार तेज करने की कोशिश की। तथापि, पुलिस दल यह नोट करने में सफल हो गया कि यह वही कार थी जिसका इस्तेमाल एक चोरी में किया गया था। इस पर श्री राजेश दुग्गल एसीपी और एचएचओ पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क, उप-निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ने अपने कर्मचारियों के साथ अपने-अपने वाहनों में कार का पीछा किया। जब अपराधी को यह पता चला कि पुलिस उसका पीछा कर रही है तो उसने दौलताबाद पावर हाउस की ओर अपनी कार मोड़ दी। तथापि, श्री राजेश दुग्गल, एसीपी और एसएचओ, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क ने दो से ढाई किलोमीटर उसका पीछा करने के बाद ये उसके निकट पहुंच गए । इस पर उस अपराधी ने अपनी कार खेरकी रोड की तरफ मोड़ने की कोशिश की। लेकिन उसका संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क से फिसल गई तथा सड़क के किनारे सरसों के खेत में चली गई । इसके बाद अपराधी कार से उतरा और उसने भागने की कोशिश की। पुलिस दलों ने उसको घेर लिया और श्री राजेश दुग्गल, एसीपी ने उससे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। अपराधी ने पुलिस चेतावनी की परवाह नहीं की और श्री राजेश दुग्गल, एसीपी को निशाना बनाकर गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन उसका निशाना चूक गया और उसकी गोली उसकी टाटा सूमो की सामने की खिड़की के शीशे से टकरा गई। अपराधी ने फिर गोली चलाई जो उसके वाहन के दायीं तरफ के सामने के पहिए के मडगार्ड के बिल्कुल ऊपर लगी। श्री राजेश दुग्गल ने अपनी रक्षा में .38 बोर की अपनी विशेष सर्विस रिवाल्वर से गोलीबारी की जिससे अपराधी घायल हो गया। उप-निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, एसएचओ राजेन्द्र पार्क ने भी तुरंत स्थिति के अनुसार कार्रवाई की और 9 एमएम बोर की अपनी सर्विस रिवाल्वर से अपराधी पर दो राउन्द गोलियां चलाईं । इसके परिणाम स्वरूप अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी पिस्तौल उसके हाथ से गिर गई। इसी बीच, दूसरे पुलिस कार्मिकों ने भी मोर्चे संभाले और अपराधी को घेर लिया तथा उसे अपने कब्जे में किया। उस व्यक्ति की तलाशी लेने पर उससे कारतूसों के निचले हिस्से में 7.65 केएफ लिखे

हुए तीन जीवित कारतूसों के साथ एक देशी पिस्तौल और लूटे गए एक लाख रूपए की राशि बरामद हुई। इसके अलावा, अपराधी द्वारा चलाए गए दो खाली कारतूस भी घटना स्थल से बरामद हुए।

श्री राजेश दुग्गल, एसीपी उद्योग विहार उस अपराधी को एसएचओ, पीएस राजेन्द्र पार्क के सरकारी वाहन में जनरल अस्पताल गुड़गाव में इलाज कराने के लिए ले गए और उस स्थल की रक्षा करने के लिए वहां पर एसएचओ, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क को वहां पर छोड़ दिया। तथापि जनरल अस्पताल, गुड़गांव के डाक्टरों ने उसे मृत लाया गया घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन राजेन्द्र पार्क, गुड़गाव ने आईपीसी की धारा 332/353/186/ 307 और शस्त्र अधिनियम 25/54/59 के तहत दिनांक 18.12.2008 को प्राथमिकी संख्या 254 दर्ज की गई जनरल अस्पताल, गुड़गांव में अपराधी का पोस्टमार्डम किया गया। बाद में अपराधी की पहचान राजीव उर्फ पोचू पुत्र कवरपाल निवासी 154/18 सूरज विहार दादरी, गौतम बुद्ध नगर के रूप में उसके पिता और भाई ने की। उन्होंने कहा कि वह उस समय कैलाश कालोनी, पुलिस स्टेशन सिविल लाइन्स, रोहतक में रह रहा था। राजीव उर्फ पोचू एक खूंखार अपराधी था और वह रोहतक जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और हत्या करने की धमकी यादि जैसे निम्नलिखत जघन्य अपराधों में सम्मिलित था:-

क्रम संख्या	प्राथमिकी संख्या	तारीख	धारा	पुलिस स्टेशन
1.	503	28.11.1993	आई पी सी की धारा 435/308	सिविल लाइन्स, रोहतक
2.	24	25.1.1994	आई पी सी की धारा 379	सिविल लाइन्स, रोहतक
3.	84	6.3.1994	आई पी सी की धारा 379	सिविल लाइन्स, रोहतक
4.	296	26.5.1998	आई पी सी की धारा 302/34	सिविल लाइन्स, रोहतक
5.	351	7.7.1998	शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59	सिविल लाइन्स, रोहतक
6.	518	8.9.2000	आई पी सी की धारा 323/307/224/34	सिविल लाइन्स, रोहतक
7.	206	18.4.2001	आई पी सी की धारा 302/449/307/34	सिविल लाइन्स, रोहतक
8.	280	31.5.2001	आई पी सी की धारा 506/387/120 ख	सिविल लाइन्स, रोहतक

9.	383	19.6.2001	आई पी सी की धारा 302/307/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59	सिविल लाइन्स

यहीं नहीं वह उल्लिखित कई मामलों में घोषित अपराधी था और आई जी पी /रोहतक रैंज, गुडगांव ने उसकी गिरफ्तारी के लिए उपयोगी सूचना प्रदान करने के लिए 10 हजार रूपए का नकद पुरस्कार घोषित किया हुआ था।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री राजेश दुग्गल, सहायक पुलिस आयुक्त और जितेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.12.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.138-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री महबूब हुसैन
सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

देमनारी एण्डरबुग (जिला-कुपवाड़ा), जम्मू एवं कश्मीर के क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी गई एक विशिष्ट जानकारी के अनुसरण में, दिनांक 6.10.2008 को कुपवाडा पुलिस और 28 आर.आर द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना बनायी गई। मुखबिर के अनुसार, ये आतंकवादी उपर्युक्त जगह के ऐसे एक घने जंगल में छिपे हुए थे जो पुलिस स्टेशन लालपोरा से कम से कम पांच किमी. दूर है। पुलिस और आर आर उस स्थान की ओर पैदल रवाना हुई क्योंकि वहां सड़क मार्ग की व्यवस्था नहीं थी। अपेक्षित दूरी पार करने के पश्चात, उस क्षेत्र में अंधेरा छाने लगा और चांदनी के उजाले में घेराबन्दी की गई। जब आतंकवादियों की कुछ संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी तो उन्हें रूकने के

लिए कहा गया, परन्तु उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल महबूब हुसैन ने सूझबूझ का परिचय दिया और जवाबी गोलीबारी प्रारम्भ कर दी और आतंकवादियों का पीछा किया। कुछ दूरी कवर करने के पश्चात, उन्होंने अपनी पोजीशन ले ली और आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझा लिया। आतंकवादियों ने उन्हें निशाना बनाने की भरपूर कोशिश की किन्तु उनकी असाधारण तत्परता और उच्च स्तरीय सेनानीपन की वजह से आतंकवादी उन्हें अपना निशाना बनाने में सफल नहीं हुए। अन्ततः आमने सामने की गोलीबारी में इस अभियान में एक खूंखार आतंकवादी को मार गिराया गया जिसकी पहचान एल ई टी गुट के थैकण्डी (मो. फैयाज) पुत्र टी.के. सैफिया निवासी थैकण्डी हाऊस, थायिल, जिला कन्नूर, केरल राज्य के रूप में हुई और मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए:-

1.	एके.47 राइफल	-01
2.	एके-47 मैगजीन	-04
3.	एके-47 गोलाबारूद	-79 राउण्ड्स
4.	पाउच	-01

इस संबंध में पुलिस स्टेशन लालपोरा में एक मामला एफ आई आर संख्या 34/2008, धारा 307 आर पी सी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत दर्ज है।

इस मुठभेड़ में श्री महबूब हुसैन, सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7.10.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.139-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू व कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. अली मोहम्मद,
   वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2. हिलाल अहमद
   कांस्टेबल
3. शबीर अहमद
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 4.7.2008 को बारपोरा और ताकिया वागाम गांव के बीच स्थित फलोद्यानों में जे ई एम गुट के एक आतकवादी के होने के संबंध में विशिष्ट सूचना मिलने पर, पुलिस कैम्प पुलवामा के उप निरीक्षक मो. सलीम के नेतृत्व में एक पुलिस दल और 182वीं बटालियन, सी आर पी एफ की सैन्य टुकडी तत्काल रवाना हुई और उस क्षेत्र की घेराबन्दी कर दी जहां पर आतंकवादी छिपा हुआ था। अभियान पार्टियों की गतिविधि का अनुमान लगाकर उस आतंकवादी ने फलोद्यानों में काम कर रहे कुछे गांववालों को बंधक बना लिया और घेरे को तोड़ने और बचकर भागने के लिए गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, श्री अली मोहम्मद, आई पी एस, एस एस पी, पुलवामा भी स्थिति की संवदेनशीलता का आकलन करके और इस प्रकार के अभियानों के अनुभव के आधार पर घटनास्थल की ओर गए और नागरिकों को सुरक्षित बचाकर लाने के लिए कांस्टेबल हिलाल अहमद और कांस्टेबल शबीर अहमद की एक पुलिस टीम साथ ले गए। वे लक्ष्य की ओर बढ़े और आतंकवादी को गोलीबारी में उलझा लिया और नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर जाने का अवसर प्रदान किया।

नागरिकों को सुरक्षित बचा लेने के पश्चात, श्री अली मोहम्मद ने छिपे हुए आतंकवादियों पर अपनी टीम के साथ दुबारा सामने से हमला बोल दिया जबकि टीम के अन्य सदस्यों ने उन्हें

कवर फायर मुहैया कराया और उसके बचकर निकल भागने के सभी रास्तों को बन्द कर दिया। आतंकवादी ने अभियान टीम की इस गतिविधि को भांपकर अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी, किन्तु टीम में अपना धैर्य बनाए रखा और अपनी जान की परवाह किए बगैर वीरतापूर्वक जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी जिसके फलस्वरूप आतंकवादी को मार गिराया गया जिसकी पहचान बाद में शबीर अहमद लोन उर्फ अर्सलान पुत्र मो. अकबर निवासी अगलर कण्डी जे ई एम गुट के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से हथियारों/गोला बारूद की बरामदगी भी की गई। अपनी अतुलनीय कर्तव्यनिष्ठा और प्रभावकारी कार्रवाई की वजह से सिफारिशी न केवल नागरिकों को सुरक्षित बचाने में सफल हुए बल्कि उस आतंकवादी को भी मार गिराया जो हत्या के अनेक मामलों में संलिप्त था। जान और माल के नुकसान के बगैर उक्त आतंकवादी का मारा जाना वस्तुतः जे ई एम गुट के लिए एक बड़ा आघात था। इस संबंध में पुलिस स्टेशन पुलवामा में एक मामला एफ आई आर संख्या 215/08 धारा 307 आर पी सी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री अली मोहम्मद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हिलाल अहमद, कांस्टेबल और शबीर अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4/7/2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.140-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी के नाम और रैंक
श्री बशीर अहमद खान,
पुलिस अधीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.09.2008 को श्री बी.ए. खान, पुलिस अधीक्षक, अवन्तीपुरा के पर्यवेक्षण में अवन्तीपुरा पुलिस, 42 आर.आर. की टुकड़ी और सी आर पी एफ की 180वीं बटालियन द्वारा पथखारपुर गांव में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया था। तलाशी अभियान के दौरान, गुलाम हसन भट पुत्र अब. रहमान निवासी पथखारपुर (शाहाबाद) के रिहाइशी मकान में आतंकवादी होने का कुछ विशिष्ट सुराग मिलने से वहां आतंकवादी के छिपे होने का संदेह हुआ। उस मकान की गहन तलाशी की गई किन्तु कुछ भी देखने में नहीं आया। तथापि, घर की छत की तलाशी की गई और जब यह कार्रवाई चल रही थी तभी घर की छत से गोलियों की बौछार आ गई। आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया किन्तु ऐसा करने के बजाय उसने ग्रेनेड फेंकना शुरु कर दिया जिसकी वजह से सुरक्षा कार्मिक घायल हो गए। पार्टी ने अपनी पोजीशन ली और आवश्यकतानुसार जवाबी गोलीबारी की गई। इस तेज गोलीबारी के संघर्ष के दौरान, वह मकान जिसमें आतंकवादी छिपा हुआ था, भरभराया और आंशिक रूप से टूटकर गिर गया। श्री बी ए खान, पुलिस अधीक्षक, अवन्तीपुरा ने अपने क्यू आर टी के साथ उस आंशिक रूप से टूटे मकान के कोनों में आतंकवादी की तलाश करनी प्रारम्भ की। वह खूंखार आतंकवादी उस मकान के क्षतिग्रस्त हिस्से के किसी कोने में छुपा हुआ था। तलाशी के दौरान पार्टी के ऊपर भारी गोलीबारी और इसके बाद ग्रेनेडों से हमला किया गया जिसके परिणामस्वरुप पुलिस अधीक्षक, अवन्तीपुरा के तीन सुरक्षाकर्मी बुरी तरह घायल हो गए। तथापि, आतंकवादी को भागने का मौका नहीं दिया गया। हालांकि इससे अधिक लोगों की जान जा सकती थी और घायल हो सकते थे, इतना ही नहीं, इसकी वजह से वह आतंकवादी घेराव पार्टी को चकमा भी दे सकता था। पुलिस अधीक्षक, अवन्तीपुरा ने छिपे हुए आतंकवादी पर भारी गोलीबारी करनी शुरु कर दी जिसकी वजह से वह बुरी तरह घायल हो गया और मौके पर ही मारा गया। इस खूंखार आतंकवादी की पहचान अबू शेरजिल, निवासी गुजरावाला, पाकिस्तान के रूप में हुई जो जैश-ए-मोहम्मद गुट का तथाकथित डिवीजनल कमाण्डर/आपरेशनल चीफ था।

यह आतंकवादी वर्ष 1994 में छिपकर इस घाटी में चला आया था और कुपवाड़ा क्षेत्र में सक्रिय था और इसके पश्चात वह श्रीनगर आ गया और गाजी बाबा का सागिर्द बनकर रहता रहा जिसे अगस्त, 2003 में मार गिराया गया था। यह आतंकवादी श्रीनगर में वर्ष 2005 तक रहा और सुरक्षा बलों के दबाव की वजह से वहां से हटकर नूरपाड़ा ट्राल चला गया, जहां उस पर श्री महेश शर्मा, निरीक्षक (जो जामिया नगर मुठभेड़ में वर्ष, 2008 में शहीद हुए थे) के नेतृत्व में

दिल्ली पुलिस के विशेष सेल द्वारा छापा मारा गया। तथापि, इस आतंकवादी ने छापा मारने वाली पार्टी को चकमा दे दिया। इसके पश्चात वह अपना ठिकाना बदलकर ट्राल एरिया के ऊपरी क्षेत्र में चला गया। इस आतंकवादी ने वर्ष 2007 में अपने छिपने का ठिकाना पथखारपुर (शाहाबाद) में बना लिया और तब से वह गुलाम हसन भट पुत्र अब. रहमान के घर की दूसरी मंजिल में छिपकर रह रहा था जहां पर आतंकवादी के भाग्य ने उसका साथ सदा के लिए छोड़ दिया। यह आतंकवादी अत्याधुनिक तकनीकी का जानकार था और अपना संप्रेषण अपने लैपटाप के जरिए करता था जहां से वह मेल इत्यादि प्राप्त और भेजा करता था। यह आतंकवादी प्रत्यक्ष रूप से जैश के संस्थापक मौलाना अजहर से सैटलाइट फोनों के माध्यम से सम्पर्क रखता था।

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियारों/गोलाबारुद और अभिसंशी सामग्री बरामद हुई थी। इस घटना में 07 सैनिक और तीन पुलिस कर्मी भी घायल हुए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन, अवन्तीपुरा में एक मामला एफ आई आर सं. 141/2008 धारा 307 आर पी सी, 7/27 आई ए एक्ट दर्ज है। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि वह 'क' श्रेणी का आतंकवादी था। इस मुठभेड़ के दौरान, श्री बसीर अहमद खान, (पुलिस अधीक्षक, अवन्तीपुरा) ने उपर्युक्त ऐसे खूंखार आतंकवादी का खात्मा करने में निर्णायक भूमिका निभायी और अनुकरणीय कार्य किया जो विगत पांच वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय था।

इस वीरतापूर्ण कार्रवाई के स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

ए.के. 74-02, ए.के.- 74 मैगजीन-03, ए.के0. आर डी एस .122, मैगजीन सहित पिस्टल-02, पिस्टल आर डी एस-19, वायरलेस सेट-01, खाकी बेल्ट-01, मनीपर्स-01, डिजिटल डायरी-01, ट्रांजिस्टर-01, वीडियो गेम-01, मोबाइल चार्जर-03, आई/कार्ड-02, पाउच-01, पेन स्टैम्प-01, हैण्ड ग्रेनेड पिन-04, मैट्रिक्स-02, नकद भारतीय मुद्रा-1000रू0, फोटोग्राफ-04, इलेक्ट्रानिक वोल्ट मीटर-01, लैपटाप-01, माउस-01, सैटलाइट फोन-01, हेड-फोन-05, लैपटाप बैग-01, लैपटाप चार्जर-01, मोबाइल फोन-07, सैटलाइट टेलीफोन चार्जर-01, लैपटाप चार्जर बैटरी-01

इस मुठभेड़ में श्री बशीर अहमद खान, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 29.09.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.141-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	गुलाम जीलानी वानी उप पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	राजेश कुमार उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पदक)
3.	विनय कुमार उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पदक)
4.	तुफैल अहमद कांस्टेबल	(वीरता के लिए पदक)
5.	इश्तियाक अहमद कांस्टेबल	(वीरता के लिए पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01/02 जून, 2008 को ज़ियारत-ई-शरीफ, संग्राम साहब चोट्टीपोरा में सुरक्षा बल कनवाय पर आतंकवादी हमले की योजना के संबंध में विशिष्ट सूचना मिलने पर हन्दवारा/श्रीनगर पुलिस द्वारा 30वीं आर आर की सैन्य टुकड़ी की सहायता से एक कार्रवाई योजना बनायी गई और क्रियान्वित की गई। जम्मू और कश्मीर पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक गुलाम जीलानी वानी इस कार्रवाई दल का नेतृत्व कर रहे थे और इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक विनय कुमार, कांस्टेबल तूफैल और कांस्टेबल इश्तियाक़ अहमद ने उनका साथ दिया। ज्यों ही कार्रवाई पार्टी मौके पर पहुंची, उसी समय उन्होंने घेराबंदी करना शुरु कर दिया। जब घेराबंदी की जा रही थी और तलाशी शुरु की गई, तब श्राइन में आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि हो गई। पुलिस/सेना की संयुक्त कार्रवाई पार्टी को देखने के पश्चात आतंकवादियों ने उप पुलिस अधीक्षक गुलाम जीलानी वानी और उनकी पुलिस पार्टी, जो सबसे आगे थी, पर ग्रेनेड फैंके और गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी के प्रत्युत्तर में जबावी

कार्रवाई इस वजह से नहीं की गई क्योंकि जिस स्थान पर आतंकवादी छिपे हुए थे उसके आस-पास के मकानों में अनेक नागरिक मौजूद थे। वस्तुस्थिति को देखने के पश्चात, पुलिस पार्टी ने नागरिकों को बचाने की कार्यवाही शुरु की। जब यह बचाव कार्य चल रहा था, उसी समय आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरु कर दी। आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई और यह एक भीषण गोलीबारी की जंग में तब्दील हो गयी। मुठभेड़ स्थल के पास स्थित मकानों से नागरिकों को निकालना और विशेष रूप से श्राइन को किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बगैर घेरे गए आतंकवादियों को मार गिराना एक अति दुष्कर कार्य था। भीषण गोलीबारी के बावजूद पुलिस कार्मिकों ने अपनी जान जोखिम में डाली और आस-पास के मकानों से सभी लोगों को सुरक्षित बचाकर लाने में सफल हुए। यह मुठभेड़ लगभग 8 घण्टे तक चली जिसमें एक लम्बी दूरी के अश्रुगैस शेल की बौछार श्राइन के भीतर की गई जिसके फलस्वरुप, छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर आने के लिए मजबूर होना पड़ा और इस प्रकार एल ई टी गुट के उस्मान भाई, निवासी पाकिस्तान और अबू वहीद, निवासी पाकिस्तान के रूप में पहचाने गए एल ई टी गुट के दो शीर्ष कमाण्डरों को मार गिराया गया।

घटनास्थल से निम्नलिखित मात्रा में हथियार/गोला-बारुद बरामद किया गया था:-

(क)	राइफल ए.के.-47	-	02
(ख)	ए.के. मैगजीनें	-	12
(ग)	ए.के. गोला बारुद	-	305 राउण्ड
(घ)	हैण्ड ग्रेनेड	-	08 (मौके पर नष्ट किए गए)
(ड.)	आर पी जी	-	01 (मौके पर नष्ट किए गए)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गुलाम जीलानी वानी, उप पुलिस निरीक्षक, राजेश कुमार, उप निरीक्षक, विनय कुमार, उप निरीक्षक, तूफैल अहमद, कांस्टेबल और इश्तियाक अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 02.06.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.142-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री फारूख अहमद
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 11 अक्टूबर, 2008 को, बेदीबेरा सुरीगाम लोलाब क्षेत्र (जिला कुपवाड़ा) में कुछ आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, जम्मू और कश्मीर पुलिस (एस ओ जी कुपवाड़ा) द्वारा 28 आर आर/18 आर आर और 9 पी ए आर ए की सहायता से एक कार्रवाई योजना तैयार की गई और क्रियान्वित की गई। जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एस ओ जी कुपवाड़ा के पुलिस कार्मिक, सेना कार्मिकों के साथ तुरन्त उस स्थान पर गए और क्षेत्र की घेराबंदी करना और तलाशी अभियान प्रारम्भ कर दिया। कांस्टेबल फारूक अहमद और उनके कुछ सहयोगियों जो जम्मू और कश्मीर पुलिस टीम के ही सदस्य थे, पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। आतंकवादियों ने तलाशी कार्रवाई कर रही पुलिस पार्टी पर अनेक ग्रेनेड फेंके और गोलियों की बौछार शुरू कर दी। कान्स्टेबल फारूक अहमद, जो मोर्चे पर सबसे आगे चल रहे थे, ने अपनी पोजीशन ली और तुरन्त जवाबी गोलीबारी की। टीम के अन्य सदस्यों द्वारा भी जवाबी गोलीबारी की गई। इस घमासान गोलीबारी के दौरान कान्स्टेबल फारूक अहमद ने, विद्रोह-रोधी कार्रवाई के अपने पिछले अनुभव को आजमाया और उस क्षेत्र के शेष हिस्से को कवर करने की कार्रवाई की जो घेराबंदी से छूट गया था और जहां से आतंकवादी मुठभेड स्थल से भाग सकते थे। यह सुनिश्चित करने के पश्चात, कि घेराबन्दी का कार्य पूर्णत: हो गया है और वह क्षेत्र पूर्णत: सील हो गया है, कांस्टेबल और उनके सहयोगियों ने सेना की इकाइयों के कार्मिकों के साथ आतंकवादियों पर सामूहिक रूप से हमला कर दिया जिसके फलस्वरूप घमासान गोलीबारी की जंग शुरू हो गयी जो काफी देर तक चली। फिर यह अनुमान लगाकर कि यह गोलीबारी सारे दिन के बाद भी चलती रह सकती है और इससे आतंकवादियों को फायदा हो सकता है, इस कांस्टेबल और कुछ अन्य कार्मियों ने अपने आप उस लक्ष्य स्थल की ओर बढ़ना शुरू किया जहां से आतंकवादी गोलियां चला रहे थे। कांस्टेबल फारूक अहमद सरकते और घुटनों के बल चलते हुए तथा जवाबी गोली-बारी करते हुए आतंकवादियों के अत्यधिक निकट पहुंच गए और उन पर हमला बोल दिया। इस पार्टी द्वारा किया गया हमला इतना भीषण था कि सभी तीनों आतंकवादियों का धैर्य टूट गया और वे मारे गये। बाद में उनकी पहचान रहीम पुत्र कोयासान कानाकठ सैडो निवासी चेट्टीपाडी मालापुरम केरल, अबू हाफिज जनवासी पी ओ के और मोहम्मद फैज पुत्र अब. रहीम निवासी मुझुथादम कन्नूर, केरल के रूप में हुई। मुठभेड स्थल से बरामद किए गए हथियारों एवं गोलाबारूद में 01 ए.के. राइफल, 04

ए.के. मैगजीनें, 40 ए.के. राउण्ड्स और 01 हैण्ड ग्रेनेड शामिल थे। इस घटना के संबंध में, पुलिस स्टेशन सोगाम में एक मामला, एफआईआर संख्या 46/2008 धारा 307 आरपीसी 7/27 आईए एक्ट दर्ज है।

इस मुठभेड़ में श्री फारूक अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.10.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.143-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व श्री</u>

1. राजेश कुमार,
   उप महानिरीक्षक
2. गुलजार अहमद
   उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 30.03.2009 को मशवाड़ा शोपियान गांव में एक घर में जेईएम गुट के आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर पुलवामा/शोपियान पुलिस द्वारा 44 आर आर और 18 सीआरपीएफ की सहायता से एक संयुक्त कार्रवाई प्रारम्भ की गई। पुलिस पार्टी ने 44 आर आर और 18 सी आर पी एफ के साथ मिलकर उस घर की घेराबंदी की। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया किन्तु आत्मसमर्पण करने के बजाय उन्होंने ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया और मौके से भागने के लिए तलाशी दल पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी भी आरम्भ कर दी। उस टीम जिसमें श्री राजेश कुमार, आई पी एस, डीआईजी एस के आर, अनंतनाग के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुलजार अहमद भी शामिल थे, ने तत्परता से कार्रवाई की और आतंकवादियों को मौके से भागने का कोई अवसर नहीं दिया। श्री राजेश कुमार, आई पी एस और उपनिरीक्षक गुलजार अहमद ने बहुत ही पेशेवर तरीके से आगे रहकर अपनी टीम का नेतृत्व किया और उस घर के अत्यन्त निकट पहुंचने में सफल रहे, जहा पर आतंकवादी छिपे हुए थे। कार्रवाई पार्टी की गतिविधि को भांपकर आतंकवादियों ने उन

पर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें श्री राजेश कुमार डी आई जी और उप निरीक्षक गुलजार, जो टीम के आगे चल रहे थे; बाल-बाल बचे। दोनों अधिकारियों ने तत्काल जवाबी गोलीबारी करके अत्यधिक सूझ-बूझ का परिचय दिया और मौके से आतंकवादियों को भागने और कार्रवाई दल को हताहत करने का कोई मौका नहीं दिया। श्री राजेश कुमार उस कार्रवाई में निरन्तर अपने नेतृत्व का प्रदर्शन करते रहे क्योंकि उन्होंने और उप निरीक्षक गुलजार ने उस घर के अत्यन्त निकट पहुंचने के बाद उन पर हथगोले और अश्रुगैस के शेल फैंके जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों का आत्मविश्वास टूट गया और वे घर से बाहर आ गए और बाहर आते समय उन्होंने कार्रवाई दल पर, अंधाधुंध गोलीबारी की। तथापि इन अधिकारियों ने अपना धैर्य बनाए रखा; अत्यधिक फुर्ती का परिचय दिया और उस भीषण गोलीबारी के जंग, जो 4 घण्टे चली, में दो आतंकवादियों को मार गिराया जिनकी पहचान अबू हमजा और अब्दुल्लाह पठान उर्फ जेईएम गुट के अबूतलहा के रूप में हुई। ये दोनों मुल्तान, पाकिस्तान के निवासी थे।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

(क)	राइफल-एके-47	-2
(ख)	एके. मैगजीन	-02
(ग)	एके. 47 राउण्ड्स	-42 राउण्ड्स
(घ)	पाउच	-02

इस मुठभेड़ में सर्व श्री राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक और गुलजार अहमद, उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.03.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.144-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री मोहन लाल

पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 7.11.2008 को पुलिस स्टेशन देस्सा के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले दरमान जंगल में चार खूंखार आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, श्री मोहन लाल, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), डोडा के नेतृत्व में डोडा पुलिस ने 10 आर आर और 76वीं बटालियन, सी आर पी एफ के साथ मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई आरम्भ की। दिनाक 8.11.2008 को बहुत ही अल्प समय में आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने की घेराबंदी की गयी और श्री मोहन लाल, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), डोडा ने छिपे हुए आतंकवादियों को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। इस पर, आतंकवादियों ने कार्रवाई दल पर अंधाधुध गोलियां चलानी शुरू कर दीं और आत्मरक्षा में कार्रवाई दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और भीषण गोलीबारी की जंग छिड़ गई। मुठभेड के दौरान, एक आतंकवादी छिपने के ठिकाने से बाहर निकला और कार्रवाई दल की ओर गोलियों की बौछार करता हुआ भागने का प्रयास करने लगा। श्री मोहन लाल, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ने भारी गोलीबारी के बीच भागते हुए आतंकवादी का पीछा किया और उस आतंकवादी को मार गिराया। बाद में मारे गए आतंकवादी की पहचान मोहम्मद शफी उर्फ हाशिम खान पुत्र अब्दुल सलाम कुम्हार निवासी कोट्टल साजन के रूप में हुई, जो 'क' श्रेणी का आतंकवादी था और उस क्षेत्र में अनेक हत्याएं करने और पुलिस/सुरक्षा बलों पर हमला करने की घटनाओं में शामिल था। मुठभेड़ लगातार चलती रही और इस मुठभेड़ में अन्य तीन आतंकवादियों को भी मार गिराया गया जिन की पहचान (i)मुजफ्फर हुसैन उर्फ दाउद पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी कोटल साजन (ii)फिदा हसैन उर्फ जहांगीर पुत्र तारिक सलीम निवासी धारोश, जिला डोडा और (iii)मुश्ताक अहमद पुत्र अब्दुल गनी राहेर निवासी मानज्मी देस्सा के रूप में हुई।

मारे गए आतंकवादियों से निम्नलिखित हथियार/गोला बारूद बरामद किए गए:-

(क) राइफल एके. -47	02
(ख) राइफल एके.-56	05
(ग) चाइनीज पिस्टल	01
(घ) मैगजीन एके.	06
(ड.) मैगजीन पिस्टल	01
(च) वायरलेस सेट	01
(छ) क्षतिग्रस्त मोबाइल सेट	01
(ज) डायरी	01
(झ) ऐन्टिना	02

श्री मोहन लाल, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ने उच्चकोटि के नेतृत्व गुण के अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्रवाई विशेषज्ञता के साथ-साथ परम कर्तव्य परायणता और समर्पण की भावना प्रदर्शित की जिसके फलस्वरूप मोहम्मद शफी उर्फ हाशिम खान पुत्र अब्दुल सलाम कुम्हार निवासी कोट्टल साजन नामक ऐसे खूंखार आतंकवादी को मार गिराया गया जो 'क' श्रेणी का आतंकवादी था और इस क्षेत्र में लगभग डेढ़ दशक से सक्रिय था। इस अधिकारी ने आतंकवादी को ढेर करने के लिए अपनी जान को जोखिम में डालते हुए पुलिस पार्टी का नेतृत्व आगे रहकर किया, जबकि आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की जा रही थी।

इस मुठभेड़ में श्री मोहनलाल, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.11.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.145-प्रेज/2010. राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुखबीर सिंह
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया ।

दिनांक 22.4.2008 को उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) को किसी स्रोत से यह सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस चौकी अर्नास के क्षेत्राधिकार में स्थित ग्राम चल्लाड-कल्लियान के सार्वजनिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विध्वंसात्मक वारदात करने के लिए एच एम गुट के आपरेशनल चीफ और सर्वाधिक खूंखार/वांछित आतंकवादी कमाण्डर अब्दुल हक उर्फ जहांगीर की कमान में हथियारों/ गोलाबारूद से लैश एचएम गुट के स्थानीय/विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं।

यह सूचना मिलने पर राज्य पुलिस कैम्प अर्नास के प्रमुख श्री ताहिर अशरफ, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) निरीक्षक सुखवीर सिंह, प्रभारी राज्य पुलिस अर्नास द्वारा उक्त क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की गई। करीब 2300 बजे; जब कार्रवाई पार्टी ग्राम कल्लियान (चल्लाड) पहुंची, तब श्री ताहिर अशरफ, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) अर्नास और निरीक्षक सुखबीर सिंह, प्रभारी, राज्य पुलिस अर्नास ने कार्रवाई पार्टी को दो ग्रुपों में बांट दिया।

दोनों ग्रुपों ने क्षेत्र की घेराबंदी की और उस क्षेत्र की तलाशी शुरू कर दी । लगभग 1130 बजे, पहले ग्रुप को निकटवती जंगल में कुछ गतिविधि होने का आभास हुआ और प्रभारी अधिकारी ने नाइट विजन डिवाइस के माध्यम से देखा और उन्हें तीन कम्बलधारी व्यक्ति दिखायी पड़े जो पहाड़ी की ओर जा रहे थे। उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), अर्नास अपने अनुगामी मोहम्मद रफीक और एस पी ओ मोहम्मद रफीक के साथ उस ग्रुप को जंगल की ओर ले गए और आतंकवादियों का पीछा किया। इस समूह ने सावधानीपूर्वक अपनी पोजीशन ली और आतंकवादियों को रूकने और अपनी पहचान बताने का आदेश दिया किन्तु आतंकवादियों ने एकाएक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और मौके से बचकर भागने के लिए हथगोले फैंकने शुरू कर दिए। कार्रवाई दलों ने सूझबूझ के साथ जवाबी गोलीबारी की। निरीक्षक सुखवीर सिंह के नेतृत्व में दूसरा ग्रुप आतंकवादियों की ओर बढा जिन्होंने बड़े पत्थरों और पेड़ों के पीछे पोजीशन

ले रखी थी और जवाबी गोलीबारी की। निरीक्षक सुखवीर सिंह ने सामरिक तरीके से आतंकवादियों पर हमला बोल दिया और उनके बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया जिसकी पहचान बाद में एच एम गुट के अब्दुल हक उर्फ जहांगीर पुत्र सलामादीन निवासी लासूली, तहसील माहोर, जिला रियासी के रूप में हुई। लेकिन, अन्य आतंकवादी अंधेरे और घने जंगलों का फायदा उठाकर बचकर भाग गए। यह मारा गया आतंकवादी पी ओ के में प्रशिक्षित आतंकवादी था और रियासी जिले में वर्ष 1993 से सक्रिय था। वह विभिन्न श्रेणियों के सौ से ज्यादा व्यक्तियों के नरसंहार/कत्ल के लिए उत्तरदायी था। वह रियासी जिले में प्रानकोट/बरयाना नरसंहार के लिए भी उत्तरदायी था, जिसमें वर्ष 1998/99 के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के 27+11(38) लोगों की हत्या की गई थी। वह सभी आतंकवादी गुटों का चीफ कोआर्डिनेटर, फाइनेंसियल चीफ, पूरे रियासी जिले में हथियारों एवं गोला-बारूद का वितरक, एचएम गुट का बटालियन कमाण्डर और इसके साथ-साथ आई ई डी विशेषज्ञ भी था। एचएम कैडर में सबसे वरिष्ठ होने की वजह से वह पूरे क्षेत्र से वाकिफ था और पहाड़ी भू-भाग में रहा करता था और पीओके की आई एस आई एजेंसी में एक जानी-मानी और मशहूर हस्ती था। उसके मारे जाने से एचएम कैडर को एक बड़ी क्षति हुई है और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई:

(क) राइफल एके.47 -01
(ख) मैगजीन एके-सीरीज -01
(ग) बायनोक्यूलर -01
(घ) पाउच -01
(ड.) डायरी -01
(च) गोला बारूद एके. सीरीज -11 राउण्ड

इस मुठभेड़ में श्री सुखबीर सिंह निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22.4.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.146-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. संजय कुमार शर्मा,
   उप पुलिस अधीक्षक
2. जावेद अख्तर मलिक,
   उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 02.10.2008 को एस एस पी ऊधमपुर श्री सुरेन्द्र गुप्ता, आई पी एस को रामनगर तहसील में बाडोल के सार्वजनिक क्षेत्र में आतंकवादियों के घूमने-फिरने के बारे में एक विश्वशनीय सूचना प्राप्त हुई थी, एस एस पी ने इस सूचना की जानकारी एस डी पी ओ, रामनगर को दी और उन्हें इस क्षेत्र में तलाशी की कार्रवाई करने का निदेश दिया। श्री संजय शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, एस डी पी ओ, रामनगर ने पुलिस स्टेशन रामनगर के नफरी के साथ मिलकर उस क्षेत्र में तलाशी की कार्रवाई आरम्भ की जो दिनांक 03.10.2008 की शाम तक चलती रही किन्तु कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। एस एस पी, ऊधमपुर ने अपने सूचना स्रोतों को फिर से सक्रिय किया और जानकारी एकत्रित करने के पश्चात उन्होंने एस डी पी ओ/एस एच ओ रामनगर को जिला पुलिस और 158वीं टी ए बटालियन के सैन्य कार्मिकों के साथ मिलकर उस क्षेत्र में तलाशी की कार्रवाई जारी रखने का निदेश दिया। परन्तु पुन: 04 अक्टूबर की शाम तक कोई सम्पर्क की पुष्टि नहीं हो पायी। दिनांक 05.10.2008 को एस एस पी अपने सुरक्षा कार्मिक के साथ मौके पर पहुंचे और यह विशिष्ट जानकारी एकत्रित की कि आतंकवादी खैल सेर मांजाला गांव में बूब-उल-दीन नामक एक स्थानीय व्यक्ति के मकान में छिपे हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर, एस एस पी, ऊधमपुर ने बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से कार्रवाई की योजना तैयार की और उस घर की घेराबंदी की जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। एस एस पी ऊधमपुर, एस डी पी ओ/एस एच ओ रामनगर के नेतृत्व में कार्रवाई पार्टियों ने भीतरी घेरा डाला और लेफ्टीनेन्ट कर्नल एच एस एस सिद्धू के नेतृत्व में सेना की चौथी पार्टी द्वारा वन क्षेत्र की तरफ से आतंकवादियों के बचकर भागने को रोकने के लिए बाहरी घेरा डाला गया। भीतरी घेराबंदी में तैनात सभी तीनों पुलिस पार्टियों ने छिपने के स्थान की और बढ़ना आरम्भ किया। पुलिस टीमों को आगे बढ़ता हुआ देखकर घर के भीतर छिपे आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलबारी शुरु कर दी जिसकी जवाबी गोलीबारी की गई और मुठभेड़ शुरु हो गयी। श्री सुरेन्द्र गुप्ता, आई पी एस, एस एस पी, ऊधमपुर, एस डी पी ओ, रामनगर और एस एच ओ, रामनगर पुलिस स्टेशन, जो सामने की ओर से अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर कार्मिकों का नेतृत्व कर रहे थे और गोलियों की घातक बौछार का सामना कर रहे थे, ने वीरता, बहादुरी और दुर्लभतम साहस का प्रदर्शन करते हुए मकान में रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा

की परवाह न करते हुए ये अधिकारी मकान की सबसे ऊपरी छत पर गए और आतंकवादियों की ओर से हो रही भारी गोलीबारी का सामना करते हुए छत में छेद किए। इन छेदों के जरिए अधिकारियों ने उन पर गोलियां चलाईं और उन्हें व्यक्तियों एवं सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का मौका दिए बगैर मार गिराया। इसके पश्चात, मकान की तलाशी शुरु की गई और इस मुठभेड़ में मारे गए दो खूंखार आतंकवादियों की पहचान एल ई टी गुट के रिजवान कोड अबू तल्लाह निवासी पाकिस्तान (श्रेणी-ए) और मो. सब्बार उर्फ अबू हाजमा कोड अयूब अंसारी पुत्र अब्दुल अज़ीज़ बाकरवाल निवासी टाण्डा, तहसील रामनगर, जिला ऊधमपुर (श्रेणी-बी) के रूप में हुई। यह कार्रवाई 6 अक्तूबर, को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

(क)	राइफल ए.के. 56	01	(जली हुई)
(ख)	राइफल .303 बट के बगैर	01	(जली हुई)
(ग)	मैगजीन .303	01	(क्षतिग्रस्त)
(घ)	मैगजीन ए के-56	03	(क्षतिग्रस्त)
(ड.)	वायरलेस सेट	01	(जला हुआ)
(च)	एन्टीना वायरलेस सेट	01	(जला हुआ)
(छ)	राउण्ड .303 (जिन्दा)	13	राउण्ड्स
(ज)	राउण्ड ए.के. 56 (जिन्दा)	19	राउण्ड्स
(झ)	मोबाइल सेट (नोकिया)	02	(जला हुआ)
(ञ)	हाथ की घड़ी	02	(जली हुई)
(ट)	पर्स	02	(जले हुए)
(ठ)	एअरसेल कार्ड	03	
(ड)	नकद भारतीय मुद्रा	1,705/-रु.	(जले हुए)
(ढ)	पाऊच	02	(जले हुए)
(ण)	मोबाइल चार्जर लीड	01	(जली हुई)
(त)	पैंसिल सेल	10	
(थ)	खाली खोखा ए के-56	31	
(द)	खाली खोखा .303	13	
(ध)	पुल थ्रो	01	(जला हुआ)
(न)	चाकू	01	
(प)	सेविंग मशीन	01	
(फ)	समाचार पत्र की कतरनें	02	
(ब)	बैटरी मोबाइल सेट	02	(जला हुआ)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय कुमार शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक और जावेद अख्तर मलिक, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 06.10.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.147-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री मोह. रफीक,
सहायक उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 8.3.2009 को एसटीएफ, गूल के सहायक उप निरीक्षक मोह. रफीक को गूल में भाटास भीमदास्सा के क्षेत्र में आतंकवादियों के घूमने-फिरने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। तुरन्त उस क्षेत्र के अत्यधिक ऊँचाई वाले क्षेत्र में घेराबन्दी और तलाशी की कार्रवाई शुरू कर दी गई। लगभग 0230 बजे, कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने कार्रवाई दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसकी जवाबी गोलीबारी की गई। ए.एस.आई मो. रफीक जो कार्रवाई दल का नेतृत्व कर रहे थे, ने तलाशी दल को इस तरीके से तैनात किया ताकि घनी झाड़ियों में छिपे आतंकवादियों को बच निकलने से रोका जा सके। ए एसआई मो. रफीक और उसके कार्मिक युक्तिपूर्ण बुद्धिमत्ता और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए कुछ दूरी तक घुटनों के बल चलने के पश्चात, लक्ष्य स्थान के बिलकुल नजदीक पहुंच गए और छिपे हुए आतंकवादियों पर गोलीबारी कर दी और इस आमने-सामने की मुठभेड़ में ए एस आई ने एक आतंकवादी के सीने पर गोली मारकर मार गिराया । दूसरे आतंकवादी को कार्रवाई दल द्वारा दिनांक 9.3.2009 को अगले दिन सुबह मार गिराया गया।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोला-बारूद बरामद किए गए:-

(क)	स्निपर राइफल	-01
(ख)	मैगजीन स्निपर	-01
(ग)	राउण्डस स्निपर	-05
(घ)	राइफल .303	-1
(ड)	मैगजीन 303	-01

(च) राउण्डस.303 02 राउण्ड

इस मुठभेड़ में श्री मोह. रफीक, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8.3.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.148-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री मुबस्सिर लतीफी,
पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 11.5.2008 को करीब 0600 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि दो आतंकवादी राख अम्बताली साम्बा गांव में किसी होशियार सिंह के मकान में घुस गए हैं और घर में रहने वाले लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी है जिसके परिणामस्वरूप, होशियार सिंह और उनकी पत्नी शशिवाला की मौके पर ही मृत्यु हो गई है और उनकी बेटी और उनकी सास गम्भीर रूप से घायल हो गई हैं। इस जघन्य आतंकवादी कृत्य को अन्जाम देने के पश्चात वे आतंकवादी कैली मण्डी, जिला साम्बा की ओर निकल गए और किसी सुरेश सिंह के मकान में शरण ली और महिलाओं और बच्चों सहित मकान में रहने वाले सभी लोगों को बन्धक बना लिया।

पुलिस अधीक्षक आपरेशन, जम्मू श्री मुबस्सिर लतीफी, जो जिला साम्बा का चार्ज संभाले हुए थे, तत्काल अपने विशेष कार्रवाई दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे और उस मकान की घेराबन्दी कर ली जहां से आतंकवादी अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे। चूंकि बंधक लोगों की सुरक्षा और रक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण थी; अतः आतंकवादियों पर धुएं का प्रयोग करके इन बन्धकों की अमूल्य जान को बचाने के हर-सम्भव प्रयास किए गए। विशेष कार्रवाई दस्ता का एक दल, जिसे फायर कवर दिया जा रहा था, ने आतंकवादियों द्वारा की जा रही भीषण गोलीबारी के बीच पीछे वाली खिड़की से सिविलियन को सुरक्षित बाहर निकाला। बंधक बनाए गए लोगों को सुरक्षित निकालने के पश्चात, पुलिस अधीक्षक मुबास्सिर लतीफी ने अपने चुनिन्दा दस्ते के साथ जोरदार हमला शुरू किया जिस पर छिपे हुए आतंकवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी और ताबड़तोड़ राइफल ग्रेनेड फैंकना शुरू कर दिया। उनके जवाबी हमले से निर्भीक, श्री मुबस्सिर लतीफी ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय दिया और आतंकवादियों से मोर्चा

लेते हुए धीरे-धीरे लक्षित मकान की ओर बढ़ते रहे और एक आतंकवादी को ढ़ेर कर दिया। दूसरा आतंकवादी जो अभी भी मकान में छिपा हुआ था, लगातार गोलीबारी कर रहा था और राइफल ग्रेनेड फैंक रहा था जिसके फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक मुबस्सिर लतीफी के चेहरे और बाएं हाथ में हथगोलों के टुकड़ों से बहुत सारे घाव हो गए। यद्यपि उन घावों से तेज खून बह रहा था, फिर भी अधीक्षक ने अपनी धैर्य नहीं खोया और अपने साथियों को आतंकवादियों से संघर्ष जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते रहे और इस भीषण और आमने-सामने की जंग में दूसरे आतंकवादी को भी ढेर करने में सफलता प्राप्त की। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया। श्री मुबस्सिर लतीफी, पुलिस अधीक्षक आपरेशन, जम्मू ने इस कार्रवाई के दौरान उत्कृष्ट नेतृत्वगुण का परिचय दिया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर मोर्चे पर आगे रहकर इस कार्रवाई का स्वतः संचालन किया।

कार्रवाई स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

(क)	एके. 47 राइफल	-02
(ख)	मैगजीन एके.	-10
(ग)	एके राउण्डस	-250 राउण्ड
(घ)	यू बी जी एल	-01
(ड.)	हैण्डग्रेनेड	-03
(च)	नाइट विजन गॉगल	-01
(छ)	अन्य विविध सामान	-14

इस मुठभेड़ में श्री मुबस्सिर लतीफी पुलिस अधीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.5.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.149-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व श्री

1. शाहनवाज अहमद,
   एस जी कांस्टेबल
2. पृथ्वी राज,
   एस जी. कांस्टेबल
3. दीपक भट
   कांस्टेबल
4. आजाद अहमद नाइक,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन जैनपुरा शोपियान के अन्तर्गत आने वाले ग्राम कोका, मोहल्ला मलहोत्रा में 'ए' श्रेणी के दो आतंकवादियों नामतः रयीस अहमद डार उर्फ रयीस काचरू पुत्र हुसैन भट निवासी रंजगाम पुलवामा और अब्दुल रशीद भट-उर्फ इश्फाक पुत्र मो. अब्दुल्ला भट निवासी वाची पुलवामा जो एच एम गुट के संभागीय कमाण्डर और जिला कमाण्डर थे, के मौजूद होने के संबंध में प्राप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस पार्टी तुरंत उक्त गांव की ओर गई और दिनांक 17.12.2008 को बड़े सुबह ही उस क्षेत्र की घेराबन्दी कर ली।

एस जी कांस्टेबल शाहनवाज अहमद, कांस्टेबल दीपक भट; कांस्टेबल आजाद अहमद नाइक और एसजी कांस्टेबल पृथ्वीराज संदिग्ध छिपने के ठिकाने की तरफ बढ़े और पुलिस पार्टी को युक्तिपूर्ण तरीके से उक्त गांव के चारों और तैनात कर दिया । जब उन्होंने लक्षित मकान की ओर बढ़ने का प्रयास किया तो भीतर छिपे हुए आतंकवादियों ने ग्रेनेड फैंकना और पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दिया। पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी गोलीबारी करने पर,

आतंकवादी छिपने के ठिकाने पर वापस चले गए। इसी बीच 55 आर आर की सैन्य टुकड़ियां भी वहां पहुंच गई और उन्होंने बाहरी घेराबन्दी कर ली।

असाधारण सूझबूझ और साहस का प्रदर्शन करते हुए, पुलिस कार्मिकों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर आतंकवादियों के ठिकाने के बहुत ही निकट कवर ले लिया और उन्हें गोलीबारी में उलझा दिया। आतंकवादी जब उक्त मकान से बच निकलने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर ग्रेनेड फेंकते हुए और भीषण गोलियां बरसाते हुए बाहर निकले तो समय पर जवाबी गोलीबारी किए जाने की वजह से दोनों आतंकवादी मार गिराए गए। मारे गए आतंकवादी वर्ष 1996 से सक्रिय थे और शोपियान और पुलवामा में नागरिकों, सुरक्षा बल के कार्मिकों की हत्याओं जैसे अनेक अपराधों में संलिप्त थे। इन आतंकवादियों के मारे जाने से, एच एम गुट को बहुत आघात लगा। इस संबंध में पुलिस स्टेशन जैनपुरा, शोपियन में धारा 307 आर पी सी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामले की एफआईआर संख्या 98/2008 दर्ज है।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

(क)	राइफल एके-47	01
(ख)	एके-56	01
(ग)	एके मैगजीन	03(02-क्षतिग्रस्त)
(घ)	एके राउण्ड्स	10 राउण्ड्स
(ड.)	पाउच	02
(च)	मोबाइल	01

इस मुठभेड़ में श्री शाहनवाज अहमद, एस जी कांस्टेबल, पृथ्वीराज, एस जी कांस्टेबल, दीपक भट्, कांस्टेबल और आजाद अहमद नाइक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.12.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.150-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक अर्हर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री अब्दुल खालिद
निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 2 जून, 2008 को मोहम्मद शुभान डार पुत्र गु. मोहम्मद निवासी विझारा बान्दीपुरा के मकान में आतंकवादी के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर निरीक्षक, अब्दुल खालिद, एस एच ओ, पुलिस स्टेशन बान्दीपुरा की कमान में पुलिस पार्टी तुरंत विझारा बान्दीपुरा गांव की ओर गई और संदिग्ध मकान की घेराबन्दी कर ली। जब उस मकान की सभी ओर से घेराबन्दी की जा रही थी, उसी समय निरीक्षक अब्दुल खालिद, एस एच ओ, पुलिस स्टेशन बान्दीपुरा और उनकी टीम ने लक्ष्य स्थल की ओर बढ़ना आरम्भ किया। उनके मौके पर पहुंचते ही आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए और पुलिस पार्टी पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। तथापि, जवाबी गोलीबारी करने से पहले, निरीक्षक अब्दुल खालिद और उनकी टीम, मुठभेड़ स्थल से नागरिकों को सुरक्षित निकालने का दुष्कर कार्य करने में लगी रही। यह उनकी उत्कृष्ट पेशेवरता और सूझबूझ ही थी कि वह टीम सभी नागरिकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल सकी। इनके पश्चात, आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी की जंग छिड़ गई और निरीक्षक, अब्दुल खालिद अपने उत्कृष्ट नेतृत्वगुण के साथ अपने साथियों को उस मकान की ओर ले गए और दीवार के पीछे पोजीशन ली और छिपे हुए आतंकवादियों पर व्यापक पैमाने पर आक्रमक हमला बोल दिया। मुठभेड़ के दौरान निरीक्षक ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर मुठभेड़ का सामना किया और उस कमरे के अन्दर ही आतंकवादियों को ढ़ेर कर दिया जहां वे छिपे हुए थे। यह निरीक्षक अब्दुल खालिद द्वारा प्रदर्शित साहस और वीरता का ही नतीजा था कि मुठभेड़ स्थल पर बहुत ही असुरक्षित स्थिति में होने के बावजूद किसी के हताहत हुए बगैर उन्होंने दोनों आतंकवादियों को ढ़ेर कर दिया। इन मारे गए आतंकवादियों की पहचान रहीमुल्लाह निवासी पाकिस्तान: एचयूएम आतंकवादी गुट के तथाकथित जिला कमांडर और मोहम्मद सजद उर्फ छोटा साजद, निवासी पाकिस्तान, एचयूएम आतंकवादी गुट के तथाकथित बटालियन कमाण्डर के रूप में हुई। इस कार्रवाई में बरामद किए गए हथियारों एवं गोला-बारूद में दो एके-47 राइफलें, 01 एके-56 राइफल, पांच एके मैगजीनें, तीन हथगोले, 02 पाउच और 02 मोबाइल फोन शामिल थे। इस घटना के संबंध में पुलिस स्टेशन बान्दीपुरा में एक मामला धारा 307 आर पी सी, 7/27, आयुध अधिनियम के तहत एफआई आर संख्या 107/08 दर्ज है। इन दोनों आतंकवादियों, जो बांदीपुरा क्षेत्र में काफी लम्बे अर्से से सक्रिय थे और अनेक
40 जघन्य अपराधों अर्थात सुरक्षा बलों पर हमला करने और नागरिकों की हत्या करने में संलिप्त थे,

का मारा जाना पुलिस के लिए वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि थी और आतंकवादी संगठन के लिए एक आघात था।

इस मुठभेड़ में श्री अब्दुल खालिद, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2.6.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.151-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संजय कुमार परिहार,
   उप पुलिस अधीक्षक
2. दर्शन सिंह
   कांस्टेबल

इन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.02.2008 को एस ओ जी पट्टन को किसी अब्दुल खालिक भट पुत्र समद भट निवासी तंत्रायपुरा, पलहल्ला के मकान में आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, श्री संजय कुमार परिहार, उप पुलिस अधीक्षक(आपरेशन) पट्टन की कमान में पट्टन पुलिस द्वारा सुरक्षा बलों की सहायता से उक्त गांव की तलाशी कार्रवाई शुरु की गई थी। पुलिस पार्टी को देखकर आतंकवादियों ने उप पुलिस अधीक्षक और कांस्टेबल दर्शन कुमार जो मोर्चे पर आगे थे, पर ग्रेनेड और गोलियों की बौछार शुरु कर दी। सराहनीय सूझबूझ और नेतृत्वगुण का प्रदर्शन करते हुए उक्त अधिकारी और कांस्टेबल दर्शन सिंह तेजी के साथ मकान की ओर बढ़े और दीवार के पीछे पोजीशन ले ली और आतंकवादियों को भीषण गोलीबारी की जंग में उलझा लिया। मुठभेड़ के दौरान श्री संजय कुमार परिहार, उप पुलिस अधीक्षक(आपरेशन), पट्टन और कांस्टेबल दर्शन सिंह ने सूझबूझ का परिचय दिया और उन पर बड़े पैमाने पर सामूहिक हमला कर दिया जिसके फलस्वरुप दोनों आतंकवादियों को उस कमरे के अंदर ही ढेर कर दिया गया जहां से वे पुलिस पार्टी को अपना निशाना बना रहे थे।

आतंकवादियों से मुकाबला करने के दौरान दोनों पुलिस कार्मिकों ने छिपने के ठिकाने पर हमला करके अत्यधिक एकजुटता और फुर्ती का प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरुप इन

आतंकवादियों को ढ़ेर किया गया। मुठभेड़ स्थल पर असुरक्षित स्थिति में होने के बावजूद उप पुलिस अधीक्षक और उनके कांस्टेबल द्वारा प्रदर्शित अत्यधिक साहस, वीरता और शौर्य तथा अधिकारी की अपने साथियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने की नेतृत्व क्षमता इन दोनों आतंकवादियों को ढ़ेर करने में सहायक सिद्ध हुई जिनकी पहचान एच एम आतंकवादी गुट के जहूर अहमद गनाई उर्फ फिरदौस पुत्र गुलाम हसन गनाई निवासी चन्दरहामा पट्टन और नजीर अहमद पर्राय उर्फ पठान पुत्र गुलाम रसूल पर्राय निवासी गोशबुग के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए हथियारों और गोला बारुद में के दो ए के-47 राइफलें, 07 ए के मैगजीनें, ए के गोला-बारुद के पचहत्तर राउण्ड्स, तीन यू बी जी एल शेल, दो पाउच और एक मोबाइल चार्जर शामिल थे। उक्त घटना के संबंध में धारा 307 आई पी सी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामले की एफ आई आर सं. 14/28 पुलिस स्टेशन पट्टन में दर्ज है। यहां यह भी उल्लेख करना उचित होगा कि मारा गया एक आतंकवादी अर्थात जहूर अहमद गनाई, हिजबुल-मुजाहिद्दीन गुट का तथाकथित कमाण्डर था और उस क्षेत्र में काफी लम्बे अर्से से सक्रिय था। वह अनेक अपराधों में संलिप्त था जिनमें सुरक्षा बलों पर हमला करना और नागरिकों की हत्याएं करना शामिल है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय कुमार परिहार, उप पुलिस अधीक्षक और दर्शन सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10.02.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.152-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री रियाज अहमद,
हेड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 17.10.2008 को कुपवाड़ा जिला (जम्मू और कश्मीर) के शमरियाल क्षेत्र में एक आतंकवादी के मौजूद होने के संबंध में विशिष्ट सूचना मिलने पर, जम्मू और कश्मीर पुलिस (विशेष कार्रवाई दस्ता, कुपवाड़ा) और 47 आर आर द्वारा संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई गई और इसे कार्यरूप दिया गया। हेड कांस्टेबल रियाज अहमद कुछेक पुलिस कार्मिकों के साथ उस स्थान की ओर तुरंत गए जहां आतंकवादी छिपा था। उनके साथ 47 आर आर के कार्मिक भी थे और उनके द्वारा उस क्षेत्र की घेराबन्दी और तलाशी की संयुक्त कार्रवाई शुरू की गई। इस कार्रवाई में, हेड कांस्टेबल रियाज अहमद और उनके साथियों पर आतंकवादी ने हमला कर दिया और उसने हेडकांस्टेबल रियाज अहमद और उनकी पार्टी पर ग्रेनेड़ों और गोलियों की बौछार शुरू कर दी। तथापि, हेड कांस्टेबल ने युद्ध रणनीति में अपनी दक्षता का फायदा उठाया और इस भीषण जंग में जवाबी कार्रवाई करने के लिए अपने साथियों का नेतृत्व करते हुए आश्चर्यजनक नेतृत्व गुण का प्रदर्शन किया। चूंकि आतंकवादी के छिपने का वह स्थान आपरेशन पार्टी को नुकसान पहुंचाने और घटना स्थल से उसके भागने के लिए पूर्णत: सुरक्षित था; अत: हेड कांस्टेबल रियाज अहमद ने अपने साथियों को इस तरीके से तैनात किया कि चारों ओर से आतंकवादी की कड़ी घेराबन्दी की जा सके और उस पर तुरन्त जवाबी गोलीबारी की जा सके। आतंकवादी की हरकतों और घटनास्थल से भाग जाने की उनकी योजना को देखकर, हेड कांस्टेबल रियाज अहमद ने सूझबूझ का परिचय दिया और जवाबी गोलीबारी करते हुए लक्ष्य स्थल की ओर बढ़ने लगे। आतंकवादी ने ग्रेनेड फेंककर और गोलियों की बौछार करके हेड कांस्टेबल को निशाना बनाने का प्रयास किया किन्तु वह अपनी सूझबूझ और रणनीतिक बुद्धिमत्ता के द्वारा आतंकवादी के बिलकुल नजदीक पहुंचने में कामयाब हो गए। इस कार्रवाई के दौरान

उनके साथियों ने उनका साथ दिया और उन्हें आतंकवादी की गोलीबारी से संरक्षण मुहैया कराया। किसी ऐसे स्थान पर पोजीशन लेने के प्रयत्न में जो आतंकवादी की गोलीबारी से उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सके, हेड कांस्टेबल रियाज अहमद ने आतंकवादी के ठीक सामने एक स्थान पर अपनी पोजीशन ले ली। यह हेड कांस्टेबल की महान वीरता ही थी कि उन्होंने एक ऐसे खूंखार आतंकवादी को ढेर कर दिया जिसकी पहचान जेईएम गुट के अबू हमजा के रूप में हुई जो उन सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था जो उत्तरी कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहा था। कार्रवाई के दौरान बरामद किए गए हथियारों एवं गोला बारूद में एक ए.के. 47 राइफल, दो ए.के. मैगजीने, इक्यावन ए.के. राउण्ड्स और एक पाउच शामिल है।

इस मुठभेड़ में श्री रियाज अहमद, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.10.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.153-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. आनन्द जोसेफ टिग्गा,
   उप पुलिस अधीक्षक
2. जगदीश प्रसाद,
   निरीक्षक
3. सुधीर कुमार
   उप निरीक्षक
4. गणेश चन्द्र पान,
   कांस्टेबल
5. प्रेम प्रकाश,
   कांस्टेबल
6. लक्ष्मण पूर्ति
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

एस पी जमशेदपुर के नेतृत्व में की गई एक बड़ी कार्रवाई में, छापामार दल यह विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर भीटारमडा गांव पहुंचा कि गांव वालों द्वारा दो नक्सलियों को मार गिराया गया है। इस बात की पूर्ण आशंका थी कि उस दस्ते के बाकी सदस्य वापस आएंगे और इसका बदला लेंगे।

एक बुद्धिमत्तापूर्ण योजना तैयार की गई और दो छापामार दल बनाए गए, पहले दल का नेतृत्व एस पी द्वारा स्वयं किया गया, दूसरे पुलिस दल का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक आनन्द जोसेफ टिग्गा द्वारा किया गया। सारी रात दस्ते की तलाश में पहाड़ियों में घूमने के पश्चात, पहले छापामार दल का सामना दिनांक 14.02.2008 को 0700 बजे शत्रुओं से हुआ जिसमें माओवादियों को घने जंगलों में भागने पर मजबूर कर दिया गया। गोलियों की आवाज सुनकर और भाग रहे नक्सलियों की सामान्य दिशा का अनुमान लगाकर दूसरा छापामार दल उस दस्ते का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ने लगा। करीब 0800 बजे उप अधीक्षक आनन्द जोसेफ टिग्गा के नेतृत्व में चल रहे दल का सामना भाग रहे नक्सली दस्ते के साथ हो गया और भीषण गोलीबारी शुरु हो गई। जब दूसरी ओर से एक घण्टे तक गोलीबारी बंद नहीं हुई तो नामितियों ने एक-दूसरे को कवरिंग फायर देते हुए अपनी जान की परवाह किए बगैर आगे बढ़ने का निश्चय किया। उप पुलिस अधीक्षक और नामितियों द्वारा किए इस हमले से नक्सलियों द्वारा ली गई पोजीशन पता चली जो निर्णायक सिद्ध हुई और अन्ततः पांच नक्सलियों को मार गिराया

गया और प्रचार-प्रसार सामग्री के साथ-साथ भारी मात्रा में हथियारों और गोला-बारुद की बरामदगी हुई। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस मुठभेड़ में बरामद की गई इन्सास राइफल वही राइफल थी जो सांसद सुनील महतो हत्याकाण्ड मामले में लूट ली गई थी। इस दस्ते के सदस्य, दिवगंत संसद सदस्य की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

<u>हथियार:</u>

(i) 5.56 इन्सास पुलिस राइफल जिसमें आयुधशाला संख्या 16816258 और बट संख्या 333/डी (जे ए पी) अंकित है और तीन (3) मैगजीनें।

(ii) .303 बोर पुलिस राइफल मार्क 4 जिसमें संख्या एम. 194315972 अंकित है।

(iii) .315 रेगुलर राइफल जिसमें आयुधशाला संख्या ए आर. 02/6745 अंकित है।

(iv) दो एस बी बी एल बंदूक

(v) एक 9 एम एम पिस्टल और दो मैगजीनें।

<u>गोला-बारुद:</u>

(i) 5.56 बोर इन्सास-45 (पैंतालीस)

(ii) .303 बोर-40 (चालीस)

(iii) .315 बोर 39 (उन्तालीस)

(iv) 12 बोर-21 (इक्कीस)

<u>खाली कारतूस:</u>

(i) ए के 47 -24

(ii) 5.56 इन्सास-17(सत्रह)

<u>विस्फोटक:</u>

(i) डिटोनेटर-7 पीस

(ii) इलेक्ट्रिक वायर-20 मीटर की एक क्वायॅल।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री आनन्द जोसेफ टिग्गा, उप पुलिस अधीक्षक, जगदीश प्रसाद, निरीक्षक, सुधीर कुमार, उप निरीक्षक, गणेश चन्द्र पान, कांस्टेबल, प्रेम प्रकाश, कांस्टेबल और लक्ष्मण पूर्ति, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.02.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.154-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सत्येन्द्र सिंह,
   उप संभागीय पुलिस अधिकारी
2. मनीष चन्द्र लाल,
   उप निरीक्षक
3. अमर नाथ,
   उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.03.2008 को करीब 0630 बजे सायं सत्येन्द्र सिंह, एस डी पी ओ, गढ़वा और सहायक कमाण्डेन्ट पशुपति नाथ तिवारी की कमान में मनीष चन्द्र लाल, ओ/सी रांका, अमरनाथ ओ/सी भण्डारिया और सी आर पी एफ डी/13 और जे ए पी-7 के बल के साथ आपरेशन "थण्डर" चलाया गया। बेलवन्दामार में, पुलिस को पता चला कि नक्सलियों के अनेक दस्ते मखाटू गांव में एकत्र हो रहे हैं। पुलिस ने मखाटू की तरफ सावधानी के साथ बढ़ने का निर्णय लिया। मखाटू की ओर बढ़ते समय, पुलिस दल को बन्दू की ओर से एक वाहन आता हुआ दिखायी दिया। जब यह वाहन, जो एक ट्रैक्टर था, पुलिस पार्टी के समीप पहुंचा तो एस डी पी ओ, गढ़वा और सी आर पी एफ के सहायक कमाण्डेन्ट ने टार्च की लाइट के जरिए उस वाहन को रुकने का संकेत दिया। ज्यों ही टार्च की लाइट उस ट्रैक्टर पर पड़ी, ट्रैक्टर में बैठे 15-20 नक्सली, जिनमें से कुछेक सादे कपड़ों में थे और कुछ वर्दी में थे, ट्रैक्टर से कूदने लगे और उन्होंने अपनी पोजीशन ले ली। एस डी पी ओ गढ़वा, ए सी पशुपति नाथ तिवारी, उप निरीक्षक अमरनाथ और उप निरीक्षक, मनीष चन्द्र लाल के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने बल को तुरन्त अपनी पोजीशन लेने के लिए कहा। यह देखते ही नक्सलियों ने पुलिस पर भीषण और अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने नक्सलियों को गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। किन्तु उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ और वे गोलीबारी करते रहे। कोई विकल्प

न रहने पर, एस डी पी ओ, गढ़वा ने बल को नियंत्रित गोलीबारी करने का आदेश दिया। ए सी, पी एन तिवारी ने हवलदार प्रदीप पाण्डे को अपनी ए.के.-47 राइफल से और कांस्टेबल सुनील कुमार को मार्टर से फायर करने का आदेश दिया। कांस्टेबल शरद कुमार ने कवरिंग फायर प्रदान की। इसी बीच हवलदार पी.के. पाण्डे ने मुख्यालय को सूचना दे दी जिससे बाद में समय पर अतिरिक्त बल पहुंचने में सहायता मिली। निरीक्षक विजय पाल, जो दाहिनी ओर अपनी पोजीशन लिए हुए थे, भी सामने की ओर बढ़े और कांस्टेबल बृजेश कुमार को कवर फायर करने का आदेश दिया जिनकी मदद कांस्टेबल रामनयन द्वारा मार्टर से फायरिंग करके की गई। एस डी पी ओ, गढ़वा, उप निरीक्षक मनीष चन्द्र लाल और उप निरीक्षक अमर नाथ ने भी अपनी-अपनी पोजीशन ली और गोलीबारी जारी रखी। गोलीबारी रुकने के पश्चात पुलिस पार्टी ने अतिरिक्त बल द्वारा तलाशी शुरु किए जाने के लिए दिन के उजाले का इन्तजार किया। तलाशी किए जाने पर नक्सलियों के 8 शव, एक एस एल आर, तीन 315 राइफलें, पांच 303 राइफलें, एक कारबाईन, एक डी बी बी एल और एक देशी पिस्टल के साथ भारी मात्रा में गोला-बारुद और विस्फोटक तथा रोजाना उपयोग के सामान बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सत्येन्द्र सिंह,उप संभागीय पुलिस अधिकारी, मनीष चन्द्र लाल, उप निरीक्षक और अमरनाथ, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 01.04.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.155-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नीरज कुमार सिंह

उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19/20.04.2008 की रात्रि को अपनी जान को जोखिम में डालते हुए इस नामिती ने बड़ी ही बहादुरी और सफलता के साथ नवाडीह पुलिस स्टेशन, जिला बोकारो के अन्तर्गत ग्राम बुदगड्डा के पास मुठभेड़ की जिसके परिणामस्वरुप खूंखार नक्सली सेवा राम मांझी मारा गया जो इस राज्य के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में लगभग एक दर्जन मामलों में वांछित और आरोप-पत्रित था। इसका उल्लेख नवाडीह पुलिस स्टेशन मामला संख्या 31/08 दिनांक 20.04.2008 धारा 147/148/149/353/307 आई पी सी, 27 आयुध अधिनियम, 3/वी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 10/13 यू ए पी एक्ट के अन्तर्गत है।

संक्षेप में, दिनांक 19.04.2008 को यह गोपनीय सूचना प्राप्त होने पर कि करीब 20-25 सशस्त्र माओवादी जिनमें सेवा राम मांझी, चन्द्र मांझी, अभिषेक जी और नवीन मांझी, जो झारखण्ड बिहार स्पेशल एरिया कमेटी (एस ए सी) का एक सदस्य था, के नेतृत्व में अन्य नक्सलियों जैसे दुर्दान्त नक्सली शामिल है, नवाड़ीह पुलिस स्टेशन के बुदगड्डा के जंगल में छिपे हुए हैं और बोकारो थर्मल पुलिस स्टेशन के हथियारों को लूटने के अपने नापाक उद्देश्यों को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। यह गुप्त सूचना मिलने पर नामिती ने तत्काल, एस डी पी ओ, बेरमो श्री ए.वी. मिंज, आई पी एस से सलाह-मशविरा किया और उनके निदेश पर नामिती श्री नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया जिसमें एस आई भोला सिंह ओ/सी विष्णुगढ़ पुलिस स्टेशन, एस आई अजय कुमार ओ/सी आई ई एल पुलिस स्टेशन, 12/ए, सी आर पी एफ और एस टी एफ की सशस्त्र टुकड़ी शामिल थे। छापा मारने के लिए प्रस्थान करने से पहले छापामार दल को तीन दलों में विभाजित किया गया। सशस्त्र बल के एक प्लाटून वाले एक दल को नामिती के नेतृत्व में रखा गया, जिसे लक्ष्य अर्थात बुदगड्डा के जंगलों में छिपने के ठिकाने को निशाना बनाना था, जबकि अन्य दो दलों को उस क्षेत्र की घेराबंदी करना था और प्रमुख छापामार पार्टी को सहायता पहुंचाना था। यह समग्र कार्रवाई रात्रि के अंधेरे में की जानी थी।

नामिती के नेतृत्व में, छापामार दल तुरंत हरकत में आया और उसने 21.00 बजे अपने मिशन के लिए प्रस्थान किया जिसके पीछे शेष दोनों दलों ने भी प्रस्थान किया। आई ई, पुलिस स्टेशन से प्रस्थान करके कोनार नदी को पार करने के बाद, छापामार दल नामिती के नियंत्रण एवं कमान में लगभग 10 कि.मी. की पैदल दूरी तय करके सुबह करीब 01.00 बजे बुदगड्डा के

जंगलों के नजदीक पहुंच गये। ज्यों ही वे उक्त जंगल में पहुंचे, छिपने के ठिकाने की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र उग्रवादियों ने खतरे को भांप लिया और एस आई नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व वाले छापामार दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। नामिती ने अपना धैर्य नहीं खोया। अपने को संकटपूर्ण स्थिति में पाकर और आत्मरक्षा, बल के कर्मियों की जान बचाने एवं हथियारों को सुरक्षित रखने का कोई अन्य विकल्प न देखकर, नामिती ने बल के साथ अपनी पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप तीन उग्रवादी जख्मी हो गए। उनमें से एक उग्रवादी, जो गंभीर रूप से जख्मी हो गया था, ने बुदगड्डा गांव के तुलसी ठाकुर के निर्माणाधीन मकान में शरण ली। बाद में, उसकी पहचान परसाबेरा के सेवाराम मांझी के रूप में हुई जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। तथापि, नवीन मांझी, एस ए सी सदस्य, चन्दू मांझी, उपमंडलीय कमाण्डर और अभिषेक जी, एरिया कमाण्डर और अन्य उग्रवादी बचकर भाग गए। तलाश करने पर हथगोले, डेटोनेटर, फ्यूज वायर और कारतूस जैसे अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारुद भारी मात्रा में बरामद किए गए।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि मुठभेड़ के बाद नामिती ने जख्मी हुए सेवाराम मांझी को न केवल ढूंढ निकाला बल्कि उसे निकटस्थ एस वी सी अस्पताल भेजकर उसकी जान बचाने की भरसक कोशिश की जो उनकी बहादुरी के साथ-साथ मानव जाति की सेवा अर्थात किसी व्यक्ति की जान बचाने की भावना को परिलक्षित करता है, चाहे वह उनका मित्र हो या कोई अन्य व्यक्ति हो। दुर्भाग्यवश सेवा राम की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस प्रकार, नवाडीह पुलिस स्टेशन के "ऊपरघाट क्षेत्र" में नक्सलवाद और घृणा के युग की समाप्ति हो गई जो बोकारो जिला का सर्वाधिक नक्सल प्रभावित पुलिस स्टेशन था और जहां नक्सलियों ने अनेक पुलिस कार्मिकों को बारुदी सुरंगों का निशाना बनाया है और उनके हथियार और गोला-बारुद भी लूट लिए हैं। इस मुठभेड़ में, उग्रवादियों की ओर से लगभग 200 राउण्ड्स फायर किए गए जबकि पुलिस की ओर से केवल 60 राउण्ड्स कारतूसों और दो पेयरा बमों का प्रयोग किया गया और इतनी भीषण मुठभेड़ के बावजूद पुलिस का कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। इस प्रकार, जान को संकट में डालकर एस आई नीरज कुमार सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और कर्तव्यपरायणता एवं ईमानदारी की ज्वलंत भावना का प्रदर्शन किया है।

इस मुठभेड़ में श्री नीरज कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 20.04.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव.

सं.156-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री एम.एन. गुरुप्रसाद, (मरणोपरांत)
पुलिस कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 18.11.2008 को जब ए एन एफ मुख्यालय, कर्नाटक को यह सूचना प्राप्त हुई कि चार सशस्त्र नक्सलियों का एक गुट होरानाडु, मुदिगेरे तालुक, चिकमंगलूर जिले के मविनाहोले के जंगल में घूम रहा है, तब वह, श्री रवि नारायण, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 12 अन्य कार्मिकों की एक टीम के साथ तुरंत उस क्षेत्र की ओर गए और घात लगाकार बैठ गए।

दिनांक 18/19.11.2008 की अर्धरात्रि के दौरान करीब 01.30 बजे जब चार सशस्त्र नक्सलियों को देखा गया, तो ए एन एफ टीम ने उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। परन्तु सशस्त्र नक्सलियों ने ग्रेनेड फेंककर और गोलियां चलाकर पुलिस पर हमला कर दिया। इस आपरेशन में, श्री एम एन गुरुप्रसाद ने अपनी वीरता, अत्यधिक साहस और सराहनीय कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डाल दिया और नक्सलियों पर गोलीबारी की। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया गया किन्तु दुर्भाग्यवश नक्सलियों द्वारा चलाई गई एक गोली श्री एम एन गुरुप्रसाद के सिर में लग गई। उनकी मौके पर ही तत्काल मृत्यु हो गई। जिन तीन नक्सलियों को मार गिराया गया था, उनकी पहचान श्री मनोहर(36), श्री नवीन(40) और श्री वेंकटेश (24) के रूप में हुई। ये सभी दुस्साहसी नक्सली थे और स्थानीय गांव वालों को सरकार के विरुद्ध खड़े होने और राज्य के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने के लिए उकसाते थे। एक स्टेनगन, एक देशी पिस्टल, दो हथगोले और कारतूस बरामद किए गए। इन नक्सलियों के विरुद्ध विगत में भी अनेक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री एम.एन. गुरुप्रसाद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.11.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.157-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. सन्तोष कुमार सिंह,
   पुलिस अधीक्षक
2. अमृत मीणा,
   पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 15 सितम्बर, 2008 को पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री संतोष कुमार सिंह को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार डकैत वकील गुर्जर अपने गैंग के सदस्यों के साथ धौलपुरा (राजस्थान) की ओर से छिनवारा की तंग घाटियों की ओर जाएगा। मुखबिर से यह सूचना मिली की कि यह गैंग कैनाल ठेकेदार का अपहरण करने के लिए राजस्थान से मध्य प्रदेश की ओर जा रहा है। यह सूचना प्राप्त होने पर एस पी संतोष कुमार सिंह ने एस एच ओ, पुलिस स्टेशन, सरायछोला श्री हितेन्द्र राठौर को बल के साथ पुलिस स्टेशन देवगढ़ पहुंचने का अनुदेश दिया। एस पी, मुरैना भी सी एस पी मुरैना श्री अमृत मीणा और बल के साथ पुलिस स्टेशन देवगढ़ पहुंच गए। श्री संतोष कुमार सिंह, जो इस जिले में तैनात होने से पहले बालाघाट के नक्सल प्रभावित जिले में तैनात रहे थे, ने विस्तारपूर्वक बल को ब्रीफ करने के लिए युद्ध कला एवं रणनीति तथा रात्रि में सामरिक रूप से आने-जाने के संबंध में अपनी जानकारी और अनुभव का प्रयोग किया। अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्राप्त सूचना और डकैतों को घेरने और गिरफ्तार करने की योजना के बारे में बीफ्र किया गया।

इसके पश्चात, समग्र बल को तीन दलों में विभक्त किया गया। दल सं. 1 का नेतृत्व एस पी मुरैना श्री संतोष कुमार सिंह ने स्वयं किया, दल सं. 2 का नेतृत्व सी एस पी श्री अमृत मीणा ने किया और दल सं. 3 को कट-आफ पार्टी बनाया गया था। एस पी, श्री संतोष कुमार

सिंह के नेतृत्व में सारा बल छिनवारा गांव पहुंच गया और दुबारा ब्रीफिंग करने के पश्चात घेराबंदी करने के लिए दलों ने अपनी पोजीशन ले ली।

लगभग 1.00 बजे सुबह, चंबल नदी की ओर से कुछ आवाजें आती हुई सुनाई दीं। एस पी संतोष कुमार सिंह ने नाइट विजन से देखा कि बंदूकधारी सात लोग चंबल नदी की ओर से आ रहे हैं। एस पी संतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम के सदस्यों को उन पर सर्च लाइट करने और उनसे अपनी पहचान बताने के लिए कहा। ज्यों ही उनके चेहरों पर सर्च लाइट की गई, उन्होंने गालियां देना और यह चिल्लाना शुरु कर दिया कि पुलिस, पुलिस ..... गोलियां चलाओ और इन्हें मार डालो।

उन्होंने दल सं. 1 पर धुंवाधार गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसका नेतृत्व एस पी श्री संतोष कुमार सिंह कर रहे थे। श्री संतोष कुमार सिंह ने डकैतों को गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने की बार-बार चेतावनी दी। पुलिस चेतावनियों को बिलकुल अनसुना करते हुए और तराई क्षेत्रों का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपनी पोजीशन ले ली और पुलिस दलों पर धुंवाधार गोलीबारी शुरु कर दी।

तब श्री संतोष कुमार सिंह ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाते हुए घुटनों के बल अपने दल के साथ डकैतों की ओर खिसकने लगे और दूसरे दल को दूसरी तरफ से बढ़ने का निदेश दिया। इसके प्रत्युत्तर में, डकैत, पुलिस दल पर भीषण गोलीबारी करते रहे। अपनी ओर आ रही गोलियों की बौछार वाली इस संकटपूर्ण स्थिति में अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री संतोष कुमार सिंह डकैतों की ओर घुटनों के बल चलते हुए आगे बढ़ते रहे। ऐसा करते समय, उन पर चलाई गई गोली उनके बालों को छूती हुई उनके सिर के ऊपर से निकल गई और उनकी जान भाग्यवश बच गई। इस दौरान एस आई हितेन्द्र राठौर जो लेटकर पोजीशन लिए हुए थे, ने अपना सिर ऊपर उठाया और नाइट विजन डिवाइस से डकैतों की पोजीशन को देखने का प्रयास किया, तभी इस बीच श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उन्हें एक तरफ खींच लिया गया। एक गोली एस आई हितेन्द्र राठौर की गर्दन को छूती हुई और उन्हें जख्मी करती हुई निकल गई। श्री संतोष कुमार सिंह की ठीक समय पर की गई इस कार्रवाई की वजह से एस आई हितेन्द्र राठौर की जान बच गई। इस घड़ी में श्री संतोष कुमार सिंह ने अनूठे साहस और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अपने बगल में लेटकर पोजीशन लिए हुए अपने साथियों को ब्रीफ किया और उग्र डकैतों पर निर्णायक हमला बोलने और उन्हें मार गिराने का संक्षिप्त अनुदेश दिया। दोनों दल आगे बढ़े, श्री संतोष कुमार सिंह रेंगते हुए आगे बढ़े और घुटनों के बल ली गई पोजीशन में कुछ राउण्ड फायर किए। सी एस पी श्री अमृत मीणा के नेतृत्व में दूसरे पुलिस दल ने भी गोलियां चलाईं और वे भी आगे बढ़े। इस निर्णायक हमले और पुलिस द्वारा चलाई गई गोलियों के परिणामस्वरुप एक बहुत तेज चीख सुनाई पड़ीं। इसके तुरन्त बाद डकैतों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई।

तलाशी करने पर दल सं. 1 की फायर की दिशा से एक डकैत का शव मिला जिसकी पहचान बाद में वकील गुर्जर के रूप में हुई। वह अपने गैंग का सरगना था जो ग्वालियर-चंबल संभाग में टी-21 के रूप में सूचीबद्ध था। डकैत वकील गुर्जर पर मध्य प्रदेश सरकार की ओर से 1,00,000 रुपए (एक लाख रुपए) का और एस पी धौलपुर (राजस्थान) की ओर से 2000/- रुपए (दो हजार) का ईनाम था। घटनास्थल से एक घातक आरसेनल के साथ भारी मात्रा में जिंदा और खाली कारतूस बरामद किए गए।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

(क) एक 315 बोर राइफल।

(ख) एक देशी पिस्टल और दो राउण्ड्स।

(ग) एक 315 बोर की एक शाट वाली देशी राइफल।

(घ) 315 बोर राइफल के 15 जिन्दा राउण्ड्स और 53 खाली कारतूस।

(ङ) 12 बोर राइफल के 12 खाली कारतूस।

(च) दो डायरियां और दैनिक उपयोग के सामान।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक और अमृत मीणा, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16.09.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 158-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राजेश कुमार सिंह,
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 2 मई, 2008 को रात्रि में करीब 1 बजे एक अति विश्वसनीय मुखबिर ने एस पी, पन्ना श्री अभय सिंह को यह जानकारी दी कि ईनामी और फरार डकैत धीरेन्द्र सिंह ग्राम गोपालपुरा, जिला छतरपुर में अपनी मामी गुन्दरजा के मकान में ठहरा हुआ है। एक भी मिनट गवांए बगैर इस सूचना के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक, पन्ना श्री राजेश कुमार सिंह के साथ विचार-विमर्श किया गया और उनके समग्र नेतृत्व में पुलिस बल को इस सूचना की पुष्टि करने और डकैतों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। पन्ना पुलिस टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मांग किए जाने पर एस पी, छतरपुर ने पन्ना पुलिस टीम की मदद करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अनिल मिश्रा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम की व्यवस्था की।

पन्ना पुलिस विगत कुछ महीनों से धीरेन्द्र सिंह के विरुद्ध डकैती-रोधी अभियान चला रही थी, अतः उसे गोपालपुरा में गुन्दरजा के मकान की जानकारी थी। जब दोनों पुलिस पार्टियां मिलकर गोपालपुरा में गुंदरजा के मकान की घराबंदी कर रही थी, तब उन्होंने मकान के अंदर से हाथ में अग्नेयास्त्र लेकर भागते हुए एक व्यक्ति को देखा। कांस्टेबल सुंदर सिंह द्वारा उसकी पहचान धीरेन्द्र सिंह के रूप में की गई। उसे भागता हुआ देखकर पुलिस पार्टियों ने उसका पीछा किया। अपर पुलिस अधीक्षक, पन्ना श्री राजेश कुमार सिंह ने उसे कई बार चेतावनी दी किन्तु उनका कोई असर नहीं हुआ। उसने पुलिस पार्टियों पर भागते हुए गोलियां चलानी शुरु कर दी।

लगभग 1 कि.मी. तक भागने के पश्चात, वह किस्वावारा की पहाड़ियों में छिप गया। वहां की भूमि ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी थी। चूंकि धीरेन्द्र ने उस स्थान को अपनी सुरक्षा के लिए चुना था, अतः वह हमला करने और अपने आपको बचाने की बेहतर स्थिति में था। पुलिस बल सामरिक दृष्टि से जोखिमपूर्ण स्थिति में था क्योंकि वे (पुलिस) पहाड़ी की ढलान पर थे, क्योंकि डकैत पहाड़ी की चोटी पर था, अतः वह सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से बेहतर स्थिति में था। इसके अलावा, पुलिस पार्टियां वहां सारी रात सोए बगैर पहुंची थी।

पन्ना पुलिस पार्टी ने अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्तर की ओर से पहाड़ी पर आना प्रारम्भ किया और अनिल मिश्रा (अपर पुलिस अधीक्षक, छतरपुर) के नेतृत्व में छतरपुर पुलिस पार्टी ने दक्षिण की ओर से तलाशी शुरु की। दोनों पुलिस पार्टियों ने डकैत को चारों ओर से घेरना प्रारम्भ कर दिया। लगभग 5.35 बजे सुबह अपर पुलिस अधीक्षक,

पन्ना श्री राजेश कुमार सिंह ने डकैत धीरेन्द्र सिंह को ढूंढ निकाला और उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इस पर डकैत धीरेन्द्र सिंह ने पुलिस वालों को गालियां दीं और कहा कि 'तुम पुलिस वाले कुत्ते हो यहां से भाग जाओ अन्यथा तुम लोगों की यहां लाशें ही मिलेंगी'। इस समय पुलिस पार्टी अत्यधिक खतरे की स्थिति में पहुंच गई थी क्योंकि वह डकैत सुरक्षित पोजीशन ले चुका था जबकि पुलिस पार्टी सुरक्षित पोजीशन नहीं ले पायी थी।

अनेक बार चेतावनी देने के बावजूद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपर पुलिस अधीक्षक, पन्ना राजेश कुमार सिंह को निशाना बनाया और उन्हें मारने के लिए गोली चला दी। अपर पुलिस अधीक्षक, पन्ना इस प्रकार के हमले के प्रति सतर्क थे और वे तुरन्त एक चट्टान के नीचे छिप गए, गोली उनके सिर के पास चट्टान पर लगी और चट्टान के एक टुकड़े से उनके सिर में चोट लगी। वे बाल-बाल बच गए। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने यहां अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और अपनी पार्टी को तत्काल पोजीशन लेने के लिए कहा। स्थिति को समझकर पुलिस बल ने तत्काल पोजीशन ले ली। डकैत धीरेन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी। पुलिस पार्टी के लिए उस समय गंभीर खतरे को भांपकर, अपर पुलिस अधीक्षक, राजेश कुमार सिंह और पुलिस पार्टी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अत्यधिक साहस का प्रदर्शन किया और आत्मरक्षा को ध्यान में रखते हुए जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। घायल हो जाने की परवाह किए बगैर श्री सिंह आपरेशन का समन्वय और नियंत्रण करते हुए अपने कर्मियों को प्रोत्साहित करते रहे। अपनी जान की परवाह किए बगैर, अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने अपने कर्मियों को डकैत के विरुद्ध एकजुट किया। उनकी इस निर्भीक कार्रवाई से ही यह सुनिश्चित हुआ कि पुलिस बल गोलियों की बौछार से भयभीत हुए बिना मैदान में डटा रहा।

करीब 15-20 मिनटों की लगातार गोलीबारी के पश्चात, जब डकैत की ओर से गोलियां चलनी रुक गई, तब अपेक्षित सावधानी के साथ आपरेशन क्षेत्र की पूरी तरह से युक्तिपरक तलाशी की गई, जिसमें एक कट्टा (देशी आग्नेयास्त्र) और 315 बोर के कुछ खाली एवं जिन्दा कारतूसों के साथ डकैत का शव बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 02.05.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.159-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. केएसएच. प्रकाश सिंह,
   जमादार
2. हुईड्रोम शक्ति सिंह
   कांस्टेबल
3. मैसनाम ब्रोजेन सिंह
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

सुरक्षा बलों पर हमला करने/घात लगाने के इरादे से आन्द्रो खुनाऊ ओर सानापाट के आम क्षेत्र में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए) के कुछ सशस्त्र भूमिगत कॉडरों के घूमने-फिरने के संबंध में निजी स्रोतों से प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर दिनांक 03.01.2009 को करीब 10.30 बजे पूर्वाह्न जमादार केएसएच. प्रकाश के अधीन थाऊबाल जिला पुलिस कमाण्डोज और 21वीं पैरा की सैन्य टुकड़ी के एक संयुक्त दल ने उक्त क्षेत्र में विद्रोह-रोधी अभियान चलाने की याजना बनाई। करीब 12.30 बजे अपराह्न, जब जमादार केएसएच. प्रकाश सिंह, अपनी सीडीओ/थाऊबाल की टीम और 21 पैरा की सैन्य टुकड़ी के साथ छह वाहनों में आन्द्रो खुनाऊ से सानापाट की ओर जा रहे थे, तब इनकी संयुक्त टीम पर शस्त्रों से सुसज्जित उग्रवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों और लैथोड बमों से हाराऊराऊ ईरोई लॉक में समीपवर्ती पहाड़ियों की विभिन्न दिशाओं से भीषण गोलीबारी की गई। संयुक्त टीम तुरन्त वाहनों से नीचे कूदी और सड़क के किनारे अपनी पोजीशन लेकर उसने जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। पहाड़ी क्षेत्र और चारों ओर घनी झाड़-झंखाड़ की वजह से संयुक्त टीम को उस ठीक स्थान का पता लगाना मुश्किल हो रहा था जहां से उग्रवादी गोलीबारी कर रहे थे। ऐसी प्रतिकूल स्थिति के बावजूद, जमादार प्रकाश ने सीडीओ/थाऊबाल के कांस्टेबल एच. शक्ति सिंह और कांस्टेबल एम ब्रोजेन सिंह के साथ मिलकर घुटनों के बल चलते हुए आगे बढ़ना शुरु किया और पहाड़ी की ढलान पर एक ऐसे स्थान से उग्रवादियों पर सामरिक तरीके से हमला किया जहां से लगातार गोलियां बरस रही थीं, जबकि पीछे आ रहे शेष कमाण्डो कार्मिकों और 21 पैरा कार्मिकों ने उनको सपोर्टिंग फायर कवर प्रदान किया ताकि वे आगे बढ़ सकें। इस प्रकार हाराऊराऊ ईरोई लॉक की ढलान पर एक सशस्त्र भूमिगत कॉडर को मार गिराया गया और अन्य उग्रवादी संयुक्त बल के इस आक्रामक हमले का सामना करने में अक्षम होकर अत्याधुनिक हथियारों और लैथोड बमों से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए पीछे की ओर हटने लगे और हाराऊराऊ पहाड़ी की ऊंची चोटियों की ओर भाग गए। यद्यपि, संयुक्त टीम आगे बढ़ती रही और भागते हुए उग्रवादियों पर गोलीबारी करती

रही, तथापि उग्रवादी पहाड़ी क्षेत्रों और घनी झाड़ियों की ओट लेकर भागने में सफल रहे। करीब 10-15 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद उस क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी की गई और निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

1. एक ए.के. 56 राइफल जिसका नं. 56-आई 29010121 है।
2. ए के राइफल की गोलियों के सात जिन्दा राउण्ड्स के साथ एक मैगजीन।
3. ए.के. राइफल के ग्यारह खाली खोखे।
4. लैथोड बम का एक मिसफायर्ड शेल।
5. लैथोड बम का एक फायर्ड खोखा।

इसके पश्चात, मारे गए उग्रवादी की पहचान सागोलसेम इबोहैन्बी सिंह कदम्बू (26) पुत्र एस. खोही सिंह निवासी उचीया वांग्मा मयाई लेईकेई के रूप में हुई जो प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का तथाकथित कारपोरल था। पुलिस रिकार्डों से यह पता चला कि वह दिनांक 20 फरवरी, 2006 को थाऊबाल बाजार में सीडीओ/थाऊबाल के पूर्व प्रभारी अधिकारी, निरीक्षक एन. लोखोन सिंह और दो अन्य कमाण्डो कार्मिकों की घात लगाकर हत्या करने में शामिल था, जिसका उल्लेख एफआई आर सं. 24(2)06 टी.बी.एल. पीएस धारा 302/307/326/395/34 आईपीसी, 3/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 25(1-सी) आयुध अधिनियम और 16(1)(ख)/20 यू ए(पी) आयुध अधिनियम 04 में है और दिनांक 5 अक्तूबर, 2005 को इम्फाल वेस्ट जिला के अन्तर्गत वांगोई पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी के सुरक्षाकर्मी से हथियार छीनने में भी शामिल था जिसका उल्लेख एफआई आर संख्या 54(10)05 डब्ल्यू जीआईपीएस धारा 364/384/34 आईपीसी, 16/2 ओ यू ए(पी) आयुध अधिनियम, 04 और 25(1-बी) आयुध अधिनियम में है। यह मामला एफआईआर संख्या 01(01)09 वाई पी के पी.एस. धारा 307/34 आईपीसी, 25(1-सी) आयुध अधिनियम, ¾ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 16(1)(बी)/20 यू ए(पी) आयुध अधिनियम 04 में उल्लिखित है।

इस मुठभेड़ में केएसएच. प्रकाश सिंह, जमादार, हुईड्रोम शक्ति सिंह, कांस्टेबल, और मैसनाम ब्रोजेन सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 3.1.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.160-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>
<u>सर्व श्री</u>

1. डॉ. अकोइजम झलजीत सिंह,
   सब डिवीजनल पुलिस ऑफिसर
2. अथोकपम लंगम्बा सिंह,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 2 फरवरी 2009 को लगभग 2300 बजे, सेनापति जिले के कांगचुप मखूम गांव के आम इलाके में प्रतिबंधित भूमिगत गुट 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कंगलेइपाक' (संक्षेप में प्रीपाक) के भारी हथियारबंद काडरों की गतिविधि के बारे में स्त्रोत के माध्यम से विश्वसनीय जानकारी मिली कि वे किसी उपयुक्त मौके पर सुरक्षा बलों/पुलिस कमाण्डो पर घात लगाने/हमला करने की योजना बना रहे हैं।

इस जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, एक संयुक्त दल, जिसमें इम्फाल पश्चिम जिला के पुलिस कमाण्डो और 16वीं असम राइफल्स की टुकड़ी शामिल थे, ने बहुत कम समय में दिनांक 3.2.2009 को लगभग 0030 बजे विद्रोहरोधी कार्रवाई करने के लिए उक्त क्षेत्र की ओर कूच किया। उसी समय पहाड़ी भू-भाग के उक्त क्षेत्र की प्रभावी एवं बेहतर घेराबन्दी करने के लिए बल की तैनाती करने हेतु डॉ. ए.के. झलजीत सिंह, सब डिवीजनल पुलिस ऑफिसर, इम्फाल पश्चिम जिला, जी ओ प्रभारी, सीडीओ, इम्फाल पश्चिम इकाई ने कूटनीतिक योजना बनाई।

पहाड़ी भू-भाग में लम्बी यात्रा और चढ़ाई के बाद संयुक्त दल ने संदिग्ध गांव के चारों और घेराव स्थलों का निर्धारण किया क्योंकि पहाड़ी भू-भाग होने के कारण पूरी तरह से घेराव करना संभव नहीं था। चुनिन्दा पुलिस कमाण्डो कार्मिकों के साथ 16वीं असम राइफल्स के कुछ

कार्मिकों को गांव के पश्चिमी भाग को लगभग 50 मीटर तक कवर करते हुए पहाड़ी भाग के साथ तैनात कर दिया गया। उसी स्थान के साथ थोड़ा दांयी तरफ हट कर एक महत्वपूर्ण स्थान पर डॉ. ए.के. झलजीत सिंह और कांस्टेबल ए. लंगम्बा सिंह ने मोर्चा संभाला। इस प्रकार, संदिग्ध क्षेत्र/गांव की घेराबन्दी करने के बाद, लगभग 0530 बजे, सब इंस्पेक्टर के. बॉबी के नेतृत्व में एक कमाण्डो दल चुपचाप गांव की ओर आगे बढ़ा। जब एस.आई. के. बॉबी का दल गांव की ओर बढ़ रहा था, तब कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया। तथी छद्म यूनिफार्म में भारी हथियारबंद लगभग 10/12 उग्रवादी ग्रामीणों की जरा सी भी चिंता किए बिना अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए अलग-अलग दिशाओं से गांव से बाहर आ गए। सब इंस्पेक्टर के.बॉबी और उनके दल ने तत्काल बचाव किया और हमलावर उग्रवादियों के साथ जवाबी गोलीबारी में जुट गए। दल ने मनमानी गोलीबारी न करके बेहतर संयम का परिचय दिया ताकि ग्रामीणों को कोई क्षति न हो।

गोलीबारी के बीच कुछ मिनटों के अन्दर, डॉ. ए.के. झलजीत सिंह ने 4(चार) उग्रवादियों को उस स्थान की ओर भागते हुए देखा जहां उन्होंने और कांस्टेबल लंगम्बा ने मोर्चा संभाल रखा था। पुलिस कार्मिकों की उपस्थिति को भांपकर उग्रवादी दो हिस्सों में बंट गए और उपरोक्त दोनों पुलिसकार्मिको की ओर लेथोड बम एवं एके-असॉल्ट राइफलों से गोलीबारी की। डॉ. ए.के. झलजीत सिंह और कांस्टेबल लंगम्बा अत्यन्त खतरे में थे क्योंकि उन पर लेथोड ग्रेनेड लांचर तथा एके-असॉल्ट राइफलों से दो दिशाओं से गोलीबारी हो रही थी। तथापि, विपरीत स्थिति का सामना करते हुए दोनों ने अपना धैर्य बनाए रखा और केवल एके-47 असॉल्ट राइफलों का प्रयोग करके अपने आपको उग्रवादियों के साथ भीषण और सीधी लड़ाई में लगाए रखा।

अचानक, जब लेथोड ग्रेनेड लान्चर (एम-79) पकड़े हुए एक उग्रवादी घनी झाड़ियों से ढ़के हुए एक दर्रे को पार करने का प्रयास कर रहा था, तब डॉ. ए.के. झलजीत सिंह ने यह सोचकर कि उग्रवादी बचकर भाग सकता है, अपनी जान एवं सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादी पर निरन्तर गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारी की निर्भीक एवं साहसिक कार्रवाई को देखकर, कांस्टेबल ए. लंगम्बा सिंह रेंगते हुए डॉ. ए.के. झलजीत सिंह की दांयी ओर गया और लेथोड ग्रेनेड लान्चर से गोलीबारी कर रहे उग्रवादी पर संयुक्त रूप से प्रहार किया जबकि दूसरा उग्रवादी उसके बचाव के लिए गोलीबारी कर रहा था। अन्ततः वे दोनों लेथोड ग्रेनेड लान्चर के साथ उग्रवादी को मार गिराने में सफल हुए । बाद में मृतक उग्रवादी की पहचान पी. ब्रह्मचरिमयम संजित उर्फ अमुमाचा शर्मा (20 वर्ष), पुत्र (स्व.) बी. अमुबा शर्मा, निवासी-वांगलिंग लम्डिंग मायाइ लेई काई, थाना-थाउबल, प्रतिबंधित प्रीपाक का लड़ाकू कैडर के रूप में की गई। दूसरी ओर, असम राइफल्स के कार्मिक, जो बांयी तरफ लगभग 50 मीटर की दूरी पर थे, बंदूकी लड़ाई में शामिल हो गए, जिसके परिणामस्वरूप दूसरा उग्रवादी मारा गया जो एके-56 राइफलों से गोलीबारी कर रहा था। बाद में एके-56 राइफलधारी मृतक उग्रवादी की पहचान पी. लेइसंगबम बेइशोर मनाओतोन किशन (16 वर्ष), पुत्र –एल जॉयचन्द्र सिंह, निवासी-मोइदांगपोक मायाइ लेइ

काई, थाना-पटसोई, प्रतिबंधित प्रीपाक का लड़ाकू कैडर के रूप में की गई। बाकी सब बच निकले।

उनके पास से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद तथा विविध वस्तुएं बरामद की गयीं-

(1) एक लेथोड ग्रेनेड लान्चर (एम-79);

(2) 16 जिंदा लेथोड बम;

(3) एक एके-56 असॉल्ट राइफल;

(4) एक एके-56 मैगजीन;

(5) छः जिंदा एके-56 गोलियाँ;

(6) एके- हथियार के 31 खाली खोखे

(7) एक खाली लेथोड ग्रेनेड/बम का खोखा;

(8) एक लेथोड ग्रेनेड/बम पाऊच।

इस मुठभेड़ में डॉ. अंगोइजम झलजीत सिंह, सब डिवीजनल पुलिस ऑफिसर और श्री अथोकपम लंगम्बा सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3.2.2009 से दिए जाएंगे।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.161-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व श्री</u>

1.	पेबम जॉन सिंह, इंस्पेक्टर	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	थ. फूलचन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3.	एन. नुंगशिबाबू सिंह, राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	एन. ओजन सिंह, राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	वाई. सुकुमार सिंह, राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

अक्टूबर के अंतिम भाग में अर्थात दिनांक 21.10.2008 को, मणिपुर राज्य के इम्फाल शहर के भीड़ वाले इलाके में ए आर ट्रांजिट कैम्प के पास रगईलांग के मेन गेट पर उस समय बम धमाके का कटु अनुभव हुआ, जब मासूम लोग विशेषकर युवा दिवाली के उत्सव के अवसर पर खुशियां मना रहे थे, जिसमें 17 लोग मारे गए और 35 लोग घायल हो गए। महिला समुदाय से संबंधित गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य स्वैच्छिक संगठनों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के सुबुध लोगों ने ऐसे अमानवीय आतंकवादी कृत्य की बहुत अधिक निन्दा की। घटना के तत्काल बाद, राज्य में सक्रिय भूमिगत गुटों में से एक गुट ने इस आतंकवादी कृत्य की जिम्मेदारी ली। राज्य पुलिस ने अपने स्रोत/खुफिया तंत्र को पूर्णतः सक्रिय करते हुए भूमिगत गुटों के विरूद्ध अपनी उपचारी कार्रवाइयों के भाग के रूप में इम्फाल शहर के अंदरूनी एवं आसपास के क्षेत्र तथा शहर के अन्य असुरक्षित बाहरी क्षेत्रों में विद्रोह-रोधी कार्रवाइयों को तेज कर दिया। दिनांक 23.10.2008 को अपराह्न लगभग 5.30 बजे एक विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ सशस्त्र

भूमिगत तत्व हीगांग हेइबिमाखोंग पहाड़ी के पर्वतीय क्षेत्र में और उसके आसपास डेरा डाले हुए हैं। यह क्षेत्र इम्फाल के शहरी क्षेत्र से ज्यादा दूर नहीं है और मुश्किल से 10 किलोमीटर दूर है, परन्तु उक्त पहाड़ी श्रृँखला थोड़ी लम्बी है और इसलिए सम्पूर्ण क्षेत्र को घेरना राज्य कमाण्डो बल की उपलब्ध क्षमता के लिए मुश्किल हो सकता है। इस विश्वसनीय और पुख्ता खुफिया जानकारी के प्राप्त होने पर कमाण्डो, इम्फाल पूर्व जिला और 39- असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम बनाई गई और यह टीम शाम के समय संदिग्ध क्षेत्र की ओर चल पड़ी। उस समय तक लगभग अंधेरा हो चुका था। रणनीतिक तौर पर उस क्षेत्र को घेरने के साथ-साथ आतंकवादियों के बचकर निकलने के मार्ग को अवरूद्ध करने के लिए, संयुक्त टीम बंट गई और दो दिशाओं से संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ी। इंस्पेक्टर पी.जॉन सिंह और उसकी टीम पश्चिम तरफ से अर्थात खबाम लमखाई (एन एच-39 के साथ का चौराहा) की ओर से आगे बढ़ी और अचनबिगेई पुल को पार करते हुए हीगांगअवांग लेइकाई पहुँच गई; उसके बाद वे पहाड़ी क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। दूसरी ओर, सब-इंस्पेक्टर थ. फूलचन्द्र सिंह के नेतृत्व में कमाण्डो दल असम राइफल्स के कार्मिकों के साथ पूर्व की ओर से अर्थात पहाड़ी को पार करने वाली हाल में चौड़ी की गई कच्ची सड़क से होकर पैंगेइ की तरफ से आगे बढ़ा। ये ही दो अन्तर- ग्रामीण पहाड़ की तलहटी वाली सड़कें हैं जो उस संदिग्ध पहाड़ी क्षेत्र की ओर जाती हैं जो उत्तर की ओर से पहाड़ी श्रृँखला से और दक्षिण की ओर से धान के खेतों से घिरा हुआ है। शाम को लगभग 7.10 बजे, जब इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह के नेतृत्व वाली टीम पहाड़ की तलहटी के साथ एक लम्बे संकरे क्षेत्र के निकट पहुंच रही थी, तब उन्होंने पहाड़ी क्षेत्र में अपने वाहन के प्रकाश के माध्यम से लगभग 15 की संख्या में कुछ युवाओं को अत्यन्त संदिग्ध स्थिति में देखा। उस समय तक सब-इंस्पेक्टर थ. फूलचन्द्र सिंह के नेतृत्व वाला कमाण्डो दल भी रेशम-उत्पादन विभाग के निर्माण स्थल को पार करता हुआ लगभग 200 मीटर की दूरी पर उस क्षेत्र के निकट पहुंच रहा था। असम राइफल्स के कार्मिक तब तक टीले को (सब इंस्पेक्टर थ. फूलचन्द्र सिंह के दल के पीछे लगभग 200 मीटर दूरी पर) पार कर रहे थे क्योंकि वे पहाड़ की तलहटी वाली सड़क पर चलते वक्त रणनीतिक दूरी बनाकर चल रहे थे।

इस प्रकार, जब कमाण्डो दल दो अलग-अलग दिशाओं से उनके नजदीक पहुंचते जा रहे थे, तब इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह ने उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए रूकने हेतु आवाज लगाई। अचानक आतंकवादी पहाड़ के ऊपर की तरफ भागने लगे और कमाण्डो पर गोलीबारी शुरू कर दी। कमाण्डो ने अपने वाहनों से बाहर छलाँग लगाते हुए जहाँ पर थे वहीं मोर्चा संभाल लिया और उनपर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। पहाड़ की तलहटी वाले क्षेत्र के चारों तरफ झाड़ियों, उबड़-खाबड़ जमीन की वजह से आतंकवादी बचने की अच्छी स्थिति में थे। दूसरी तरफ, कमाण्डो को अपना बचाव करने के लिए सड़क पर कोई उपयुक्त स्थान नहीं मिल पा रहा था। विपरीत स्थिति का सामना करने के बावजूद, एस आई थ. फूलचन्द्र सिंह और इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह के प्रभावी कमान के अधीन कमाण्डो जमीन पर लेट गए और सुसज्जित आतंकवादियों का

सामना करने के लिए लगातार गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। एक अच्छा मौका पाकर राइफलमैन एन. ओजन सिंह धान के खेत के दक्षिणी निचले हिस्से की ओर बढ़े और नाले के अंदर छिपकर पहाड़ की ओर गोली चलानी शुरू कर दी जहाँ से आतंकवादी गोलियाँ चला रहे थे। इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह इस बचाव पूर्ण गोलीबारी का फायदा उठाते हुए देवदार के पेड़ के नजदीक जाने के लिए ऊपर पहाड़ की ओर आगे बढ़े। तथापि, पहाड़ की ओर से भारी गोलीबारी के कारण, पेड़ों के नजदीक जाने में उन्हें कठिनाई हो रही थी, राइफलमैन एन. ओजन सिंह नाले से बाहर आये और वे भी सड़क पार करके ऊपर की ओर भागे। तब, दोनों इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह और राइफलमैन एन. ओजन सिंह रेंगते हुए आगे बढ़े और देवदार के पेड़ों के पीछे मोर्चा संभालते हुए आतंकवादियों के विरूद्ध प्रभावी गोलीबारी शुरू कर दी।

दूसरी ओर, एस आई थ. फूलचन्द्र सिंह और उनकी पार्टी भी धान के खेत से होकर मुठभेड़ स्थल के नजदीक पहुंचती जा रही थी। पूरी तरह से विकसित धान के पौधों से घिरे हुए बांध उन्हें वास्तविक सुरक्षा प्रदान कर रहे थे। फिर भी, घुटनों तक गीली मिट्टी वाले खेत में वे तेज नहीं चल पा रहे थे। एस आई थ.फूलचन्द्र सिंह की टीम पर पहाड़ के ऊपरी तरफ से बंदूक की गोलियाँ बरस रही थीं, ऐसी स्थिति में भी एस आई थ. फूलचन्द्र सिंह जिनके ठीक पीछे राइफलमैन एन. नुंगशिबाबू सिंह और राइफलमैन वाई. सुकुमार सिंह चल रहे थे, आगे बढ़ते रहे और पहाड़ की तलहटी के नाले के अंदर छिपकर उन आतंकवादियों पर गोलियाँ चलाई जो पश्चिमी तरफ से भाग रहे थे जहाँ इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह और उनकी पार्टी गोलीबारी कर रही थी।

सीधी मुठभेड़ के दौरान इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह एक आतंकवादी का पीछा कर रहे थे, जिसके पास एम-16 एशाल्ट राइफल थी। अचानक आतंकवादी ने गोलीबारी रोक दी और पहाड़ की तरफ की सीधी ढलान पर चढ़कर भागने का असफल प्रयास किया। लेकिन, वह नीचे फिसल गया और पुनः पहाड़ की तलहटी के नाले के साथ भागना शुरू कर दिया। इस महत्वपूर्ण क्षण का लाभ उठाते हुए, इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह ने तेजी से उसका पीछा किया और आतंकवादी को ढेर कर दिया (बाद में इसकी पहचान मो. याहिया खान उर्फ जॉन (26 वर्ष), पुत्र-मो. अब्दुल हाफिज, निवासी-सोरा अवांग लेइकेइ, थऊबल जिला, एस/एस संगठन सचिव (पी यू एल एफ) के रूप में हुई)। दूसरे आतंकवादी, जो लगभग 20/30 फीट की दूरी पर उस क्षेत्र के पास ही था, भी भागने का प्रयास कर रहा था। राइफलमैन एन. ओजन सिंह ने उस युवा को मार गिराया जिसके पास एक 9 मिमि. की पिस्तौल थी (बाद में इसकी पहचान सलम राजेश उर्फ रोनी (25 वर्ष), पुत्र- एस. चौबा सिंह, निवासी- मोईरंग खुनोऊ चांदपुर, विष्णुपुर जिला, एस/एस कारपोरल के सी पी (एम सी) के रूप में हुई)।

यह भांपकर कि इंस्पेक्टर पी. जॉन सिंह और उनकी पार्टी की आक्रामक कार्रवाई के कारण पश्चिम की ओर से शेष आतंकवादी पूर्वी दिशा में फैली हुई रेशम-उत्पादन विभाग की

झुग्गियों की ओर भाग रहे हैं, एस आई थ. फूलचन्द्र सिंह और उनकी पार्टी ने भाग रहे युवाओं पर लगातार गोलीबारी करके तेजी से उनका पीछा किया। एक आतंकवादी, जिसके पास एम-16 राइफल थी और जो पीछे रह गया था, संभवतः अपने कामरेडो को सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। एस आई थ. फूलचन्द्र सिंह रेंगते हुए आगे बढ़े और आतंकवादी को मार गिराया (बाद में इसकी पहचान लैशराम टोम्पोक सिंह उर्फ लम्यन (24 वर्ष), पुत्र-एल. अंगोऊ सिंह, निवासी- सेकमाइजिंग बाजार, इम्फाल पश्चिम जिला, एस/एस कारपोरल के सी पी (एम सी) के रूप में हुई।

राइफलमैन एन. नुंगशिबाबू सिंह और राइफलमैन वाई. सुकुमार सिंह भागते हुए और आतंकवादियों का पीछा करते हुए पूर्व दिशा में आगे की ओर भाग रहे थे। अंधेरे, घनी झाड़ियों, उबड़-खाबड़ जमीन और अलग-अलग दिशाओं-पहाड़ के ऊपर और पहाड़ की तलहटी की तरफ से हो रही भारी गोलीबारी जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी उन्हें आतंकवादियों का पीछा करने से नहीं रोक सकीं। उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता और दृढ संकल्प के साथ, उन दोनों ने आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई एवं गोलीबारी की। अन्ततः वे दोनों एस एम सी कार्बाइन लिए हुए एक आतंकवादी (बाद में इसकी पहचान थोकचोम शशिकांत उर्फ मलंगबा उर्फ ए.के. जहीर (26 वर्ष), पुत्र-(स्व.) थ.सिंहजीत सिंह, निवासी-नोंगपोक लौरेम्बम, थऊबल जिला, एस/एस सहायक वित्त सचिव, पी यू एल एफ के रूप में हुई) और 12 बोर की सिंगल बैरल बंदूक तथा उच्च विस्फोटक हथगोला लिए हुए दूसरे आतंकवादी (बाद में इसकी पहचान लैशराम प्रेमानंद मेइतेई उर्फ प्रेम (18 वर्ष), पुत्र-एल. अंगोऊ सिंह, निवासी- सुगनु वापोक्पी, थऊबल जिला, एस/एस प्राइवेट के सी पी (एम सी) के रूप में हुई) को मार गिराने में सफल हुए।

इस प्रकार, इस मुठभेड़ में कांगलेइपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (एम सी) और पीपुल्स यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट नामक घाटी स्थित दो भूमिगत गुटों के निम्नलिखित 5 (पाँच) आतंकवादी मारे गए थे:-

(1) मो. याहिया खान उर्फ जॉन (26 वर्ष), पुत्र- मो. अब्दुल हाफिज, निवासी-सोरा अवांग लेइकेइ, थऊबल जिला, एस/एस संगठन सचिव, पी यू एल एफ।

(2) सलम राजेश उर्फ रोनी (25 वर्ष), पुत्र-एस. चौबा सिंह, निवासी-मोइरंग खुनोऊ चांदपुर, विष्णुपुर जिला, एस/एस कारपोरल के सी पी (एम सी)।

(3) लैशराम टौम्पोक सिंह उर्फ लम्यन (24 वर्ष), पुत्र-एल. अंगोऊ सिंह, निवासी-सेकमाइजिंग बाजार, इम्फाल पूर्व जिला, एस/एस कारपोरल के सी पी (एम सी)।

(4) थोकचोम शशिकांत उर्फ मलंगबा उर्फ ए.के. जहीर (26 वर्ष), पुत्र-(स्व.) थ. सिंहजीत सिंह, निवासी-नोंगपोक लौरेम्बम, थऊबल जिला, एस/एस सहायक वित्त सचिव, पीयूएलएफ।

(5) लैशराम प्रेमानन्द मेइतेइ प्रेम (18 वर्ष), पुत्र- एल. अंगोऊ सिंह, निवासी-सुगनु वापोक्पी, थऊबल जिला, एस/एस प्राइवेट के सी पी (एम सी)।

(6)

ऊपर यथा उल्लिखित वास्तविक मुठभेड़ के बावजूद, संयुक्त टीम ने पहाड़ी क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी रखा। तथापि, शेष आतंकवादी अंधेरे और घनी झाड़ियों का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। तलाशी के दौरान मारे गए आतंकवादियों के पास से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए थे:-

(i) "कोल्ट. एरिस प्रापर्टी ऑफ यू एस गवर्मेंट एक्स एम 16 ई 1 सी ए एल 5.56 एम एम, सीरियल 633563 कोल्ट. पेटेण्ट्स फायर आर्म्स हार्टफोर्ड कान. यू एस ए" चिन्हित एक एम- 16 एशाल्ट राइफल।

(ii) एक मैगजीन, 8 जिंदा 5.56 एम एम कारतूस और एक खाली खोखा।

(iii) हाइड्रा- मैटिक डिव जी एम कॉर्प यू एस ए प्रापर्टी ऑफ यू एस गवर्मेंट एम-16 ए 1 सी ए एल 5.56 एम एम. 3360621 चिन्हित एक एम-16 एशाल्ट राइफल।

(iv) एक मैगजीन, 12 जिंदा 5.56 एम एम कारतूस।

(v) एस एम सी कार्बाइन नं. 17437 चिन्हित एक कार्बाइन।

(vi) एक मैगजीन, 9 एम एम कैलिबर के 4 जिंदा कारतूस, 9 एम एम कैलिबर के 4 खाली खोखे।

(vii) मेड इन यू एस ए – सीएएल-9 एम एम ऑटो पिस्टल 9 राउण्ड्स ओनली 100971 चिन्हित एक 9 एम एम पिस्तौल।

(viii) एक मैगजीन, 9 एम एम कैलिबर के 4 जिंदा कारतूस, 2 खाली खोखे।

(ix) एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक।

(x) एक उच्च विस्फोटक हथगोला।

(xi) एम-79 लेथोड लांचर का एक 40 एम एम का उच्च विस्फोटक खोखा।

(xii) 7.62 एम एम के 18 जिंदा कारतूस से भरा हुआ एक एस एल आर मैगजीन।

(xiii) एके-47 राइफल के नौ खाली खोखे।

(xiv) जैतून रंग का एक बैग जिसमें निम्नलिखित सामग्रियाँ थीं:-

(क) 2.5 किलो पी ई के (उच्च विस्फोटक)

(ख) नौ डेटोनेटर

(ग) तार का एक बंडल

(घ) छः बैटरी

(ङ) एक बैटरी चार्जर

(च) चार ऐन्टीना

(xv) प्रतिबंधित संगठन के सी पी (एम सी) के दो जबरन वसूली नोट।

(xvi) प्रतिबंधित संगठन पी यू एल एफ का एक जबरन वसूली नोट।

(xvii) सम्पर्क नंबरों सहित नाम एवं रैंक को दर्शाने वाली प्रतिबंधित संगठन पी यू एल एफ की दो हस्तलिखित पर्चीं।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री थेबम जॉन सिंह, इंस्पेक्टर, थ. फूलचन्द्र सिंह,सब इंस्पेक्टर, एन. नुंगाशिबाबू सिंह, राइफलमैन. एन. ओजन सिंह, राइफलमैन और वाई सुकुमार सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.10.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

23—351 GI/2010

सं.162-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व श्री</u>

1. एस. गुइकन थंगल,
   सब इंस्पेक्टर
2. एल. खोगेन सिंह,
   कांस्टेबल
3. मो. शेराखान शाह,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 29 अप्रैल, 2009 को अपराह्न लगभग 3.00 बजे एक विश्वसनीय एवं विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई कि घाटी स्थित एक भूमिगत गुट के सशस्त्र कैडर के लोग हियांगथांग ताराहेइ अवांग लेइकेइ के आम इलाके में घूम रहे हैं।

उक्त खुफिया जानकारी के प्राप्त होने पर तत्काल इम्फाल पश्चिम जिला के कमाण्डो तथा 12-मराठा लाइट इन्फैंट्री की सेना की टुकड़ी की एक संयुक्त टीम बनाई गई और तुरंत उक्त क्षेत्र की ओर भेजी गई। कमाण्डो फोर्स में दो टीमें थीं-पहली टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर चौ. आनन्द कुमार और दूसरी टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर एस.गुइकन थंगल कर रहे थे। क्षेत्र को ठीक तरह से कवर करने के प्रयोजन से, लंगथाबल पहुँचने पर संयुक्त टीम बंट गई, सेना के कार्मिक ताराचेइ गांव की दक्षिणी दिशा की घेराबंदी करने के लिए इम्फाल-मयांग इम्फाल रोड से हियांगथन पुल तक आगे बढ़े, जबकि कमाण्डो की दोनों टीमें इम्फाल नदी की पूर्वी दिशा में चल रही अन्तर-ग्रामीण सड़क से होकर लंगथाबल की तरफ से संदिग्ध स्थान की ओर बढी । वहाँ पर संदिग्ध क्षेत्र के पूर्वी ओर हेइबोकचिंग नामक पहाड़ी श्रृँखला है, जबकि गांव के पश्चिमी ओर इम्फाल नदी है।

जब कमाण्डो हियांगथान ताराहेइ कौंजिल अवांग लेइकेइ पहुँचे, तब उन पर अन्तर-ग्रामीण सड़क की पूर्वी दिशा में स्थित एक परित्यक्त/खाली पड़े मकान से भारी गोलीबारी की गयी। एस.आई. आनन्द कुमार की टीम वाहन पर थी जिनके पीछे उचित दूरी बनाकर एस.आई. गुइकन चल रहे थे। कमाण्डो ने जवाबी कार्रवाई की और वहाँ मुठभेड़ शुरू हो गई।

अचानक घात के कारण एस.आई. आनन्द कुमार की टीम के कमाण्डो कुछ क्षण के किए अवरूद्ध हो गए। एस.आई. आनन्द कुमार, जिन्हें ऐसी मुठभेड़ का भरपूर अनुभव था, ने स्थिति पर नियंत्रण स्थापित किया और स्थिति को संभाल लिया। खुद जमीन पर रेंगते हुए, एस.आई. आनन्द कुमार लगातार गोलीबारी करते हुए अपने साथियों के साथ आगे बढ़ते रहे। कांस्टेबल एल.खोगेन ने नजदीकी गोलीबारी में एस. आई. आनन्द कुमार की सहायता करने के लिए उनके पास पहुँचने में सफलता प्राप्त कर ली। अंतत: उन दोनों का सामना एक ऐसे उग्रवादी से हुआ जो स्वचालित राइफल से गोली चला रहा था। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना एस.आई. आनन्द कुमार और कांस्टेबल एल. खोगेन दोनों ने उग्रवादियों के खिलाफ सशक्त कार्रवाई थी। भारी गोलीबारी की लड़ाई में उग्रवादी कमाण्डो का मुकाबला करने में अक्षम हो गए और पीछे हटने लगे तथा असमंजस की स्थिति में आकर उग्रवादियों ने खुले मैदान से होकर पहाड़ी दिशा की ओर भागने का प्रयास किया जहाँ वे वास्तविक रूप से दिखाई दिए । कमाण्डो ने, जिसमें मुख्य रूप से एस.आई. आनन्द कुमार और कांस्टेबल खोगेन सबसे आगे थे, भागते हुए युवक का पीछा किया और पहाड़ की तलहटी में उसे मार गिराया। बाद में इस उग्रवादी की पहचान क्ष. सुरजीत मीतेइ, पुत्र-क्ष. जीतेन मीतेइ, निवासी-ककवा नावोरेम लेइकेई, भूमिगत गुट प्रीपाक के एक खूँखार कार्यकर्ता के रूप में हुई। शव के पास से एक एके-56 राइफल बरामद की गयी।

दूसरी तरफ एस.आई. गुइकन के ग्रुप के कमाण्डो दक्षिणी दिशा की ओर आगे बढ़ते रहे जहाँ एस.आइ. आनन्द कुमार और उनका दल तैनात था। एस.आई. गुइकन जो अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय से परिपूर्ण युवा एवं ऊर्जावान अधिकारी थे, ने उग्रवादियों के खिलाफ सशक्त कार्रवाई करना जारी रखा। अत्यन्त कठिन एवं दुर्गम स्थिति में, जब एस.आई.गुइकन ने पहाड़ की तलहटी में एक नाले को पार करने का प्रयास किया, तब नाले के अन्दर छिपे हुए एक उग्रवादी ने अचानक अपना सिर बाहर निकाला और एकदम नजदीक से एस.आई. गुइकन पर गोली चलाई। सौभाग्यवश, पहली गोलीबारी अपने निशाने से चूक गई। कांस्टेबल मो. शेराखान शाह ने स्थिति का बहादुरी से सामना करते हुए गोलीबारी की और उग्रवादी पर हमला किया और उग्रवादी को मार गिराने में सफलता प्राप्त की। शव के पास से एक एम-20 पिस्टल बरामद की गयी। बाद में मृतक उग्रवादी की पहचान सागोलसेम आनन्द मीतेई, पुत्र-एस. मंजूर मीतेइ, निवासी- मयांग इम्फाल माइबम कौंजिल, भूमिगत गुट के एक खूँखार कार्यकर्ता के रूप में हुई। ऐसे नाजुक मोड़ पर दूसरे उग्रवादी, जिसने मारे गए उग्रवादी सागोलसेम आनन्द मीतेइ के पास ही मोर्चा संभाल रखा था, ने कमाण्डो की ओर हथगोला फेंकने का असफल प्रयास किया क्योंकि

यह अपने साथी के मारे जाने की वजह से अत्यन्त असहाय/दयनीय स्थिति में था। कुछ ही सेकण्ड के अन्दर, एस. आई. गुइकन ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और हथगोला फेंकने से पहले उग्रवादी को मार गिराया। यदि उग्रवादी हथगोला फेंकने में सफल हो जाते तो कई कमाण्डो हताहत हो जाते। बाद में मृत उग्रवादी की पहचान लाउरेमबम याइफाबा उर्फ सखितोन सिंह, पुत्र-एल. टोम्बो सिंह, निवासी-लीवा रोड ओइनम लेइकेई, भूमिगत गुट प्रीपाक के एक खूँखार कार्यकर्ता के रूप में हुई। शव के पास से दो हथगोले बरामद किए गए।

मुठभेड़ के बाद, कमाण्डो ने तलाशी अभियान शुरू किया और मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद बरामद किए, जहाँ भूमिगत गुट पीपुल्स रीवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कंगलेइपाक (प्रीपाक) के तीन खूँखार उग्रवादी मारे गए :

(क) मैगजीन तथा 12 जिंदा करतूस के साथ एक एके-56 राइफल।

(ख) मैगजीन तथा 3 जिंदा कारतूस के साथ एक एम-20 पिस्टल।

(ग) दो चीनी हथगोले।

(घ) क्ष. संजीत के नाम से एक ड्राइविंग लाइसेंस और 1665 रूपए के साथ एक बटुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री एस. गुइकन थंगल, सब इंस्पेक्टर, एल. खोगेन सिंह, कांस्टेबल और मो. शेराखान शाह, कांस्टेबल ने अदम्य साहस, वीरता एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.4.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.163-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. एल. बेदजीत,
   सब इंस्पेक्टर
2. एल. चौबा सिंह,
   असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर
3. सेखोहाओ खोंगसाइ,
   कांस्टेबल
4. पी. मोचा सिंह,
   राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 10.03.2009 को लगभग 0730 बजे, एस.आई. एल. बेदजीत को टेरा कचीन, जो लोकटक झील के काफी नजदीक है और जिसके आस-पास के क्षेत्र में घनी झाड़ियाँ हैं, में सुरक्षाकर्मियों पर घात लगाने के लिए यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ) नामक प्रतिबंधित संगठन के सशस्त्र कैडरों के मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली। जानकारी मिलने के तत्काल बाद, एस.आई. बेदजीत और ए.एस.आई. एल. चौबा सिंह ने अपनी टीमों के साथ और लेफ्टि. विक्रम के नेतृत्व में 12वीं मराठा लाइट इंफैट्री की एक टुकड़ी को साथ लेकर एक कार्रवाई योजना तैयार की तथा लगभग 0815 बजे कार्रवाई करने के लिए क्षेत्र की ओर चल पड़े।

टीम लगभग 0830 बजे टेरा कचीन इलाके में पहुंची और गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों/गलियों की घेराबंदी की। ए.एस.आई. एल. चौबा सिंह और उनकी टीम ने गांव के पश्चिमी ओर से बचकर भागने के रास्ते को घेर लिया तथा लेफ्टि. विक्रम के अधीन 12वीं एम एल आई के कार्मिकों ने दक्षिण तरफ से गांव में प्रवेश किया, जबकि एस.आई. एल. बेदजीत अपनी टीम के साथ मुख्य मार्ग से गांव की ओर गए। गांव के पहले मकान के पास पहुंचने पर एस.आई. एल. बेदजीत के नेतृतव वाली टीम पर अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी की गयी। पूरी पार्टी वाहन से बाहर कूद पड़ी और सड़कों के किनारे नाले पर मोर्चा संभाल लिया तथा गोलीबारी के स्थान की ओर तत्काल जवाबी गोलीबारी की। लगभग 15 मिनट बाद 2/3 सशस्त्र आतंकवादियों को एक मकान से बाहर भागते हुए तथा गोलीबारी के साथ पुलिस पार्टी पर हमला करते हुए देखा गया। एस.आई. एल. बेदजीत ने तत्काल जोर से आवाज लगाई और उन्हें गोलीबारी रोकने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। तथापि, रुकने और आत्मसमर्पण करने की बजाय

सशस्त्र आतंकवादी वापस मुड़े और ए.एस.आई. एल. चौबा सिंह तथा उनकी टीम द्वारा की गइ घेराबंदी को गोलीबारी के माध्यम से तोड़ने का प्रयास किया। परन्तु फिर से ए.एस.आई. एल. चौबा सिंह तथा पी सी एस. खोंगसाइ दोनों ने अपनी ए के राइफल से उन्हें मार भगाया। जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। शेष आतंकवादियों को चारों तरफ से घेर लिया गया था, फिर भी उन्होंने आत्मसमर्पण करने की बजाय भाग निकलने का प्रयास किया। ए.आई. बेदजीत और राइफलमैन मोचा, दोनों ने ए.के. राइफलों से साथ-साथ जवाबी गोलियां चलाईं और एक आतंकवादी को मार गिराया। बाकी आतंकवादी बच निकले।

मुठभेड़ के बाद, क्षेत्र की पूर्णरूप से तलाशी ली गयी और दो शव पाए गए। एक शव के पास से 3 जिंदा कारतूस भरे हुए मैगजीन के साथ एक देशी 9 एम एम काबाईन तथा एक हथगोला (चीन निर्मित) बरामद किया गया। दूसरे शव के पास से एक मैगजीन में 2 (दो) जिंदा कारतूस और चैम्बर में 1 (एक) जिंदा कारतूस के साथ एक स्वचालित 9 एम एम पिस्तौल बरामद की गयी। उस क्षेत्र से 9 एम एम गोला-बारुद के 7 (सात) खाली खोखे भी बरामद किए गए। बरामद की गई मदों को औपचारिक तौर पर जब्त कर लिया गया। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान (i) हाओरोकचम बोबू उर्फ सनमाही (25), पुत्र एच. कुमार सिंह, निवासी-अवांग खुनोऊ ममांग लेइकेइ और (ii) अथोकपम नान सिंह (20), पुत्र-ए. आइबोचा सिंह, निवासी-इथाई खुनोऊ मायाइ लेइकेइ, यू एन एल एफ के सक्रिय सदस्यों के रूप में हुई।

यह मामला 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के साथ पठित 25 (आई-सी) आयुध अधिनियम, 20 यू ए (पी) संशोधन अधिनियम, आई पी सी की धारा 307/34 के अन्तर्गत मयांग इम्फाल थाना में दर्ज प्राथमिकी सं. 17(3)09 से संबंधित है।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री एल. बेदजीत, सब इंस्पेक्टर, एल. चौबा सिंह, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, सेखोहाओ खोंगसाइ, कांस्टेबल तथा पी. मोचा सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10.03.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.164-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व श्री</u>

1. पी. संजय सिंह, सब इंस्पेक्टर (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
2. थ. धमन सिंह, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. वंगलियन मांग, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. एन. मांगी मेइतेइ, राइफलमैन (वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 19.7.2009 को दोपहर लगभग 1.10 बजे स्त्रोत के माध्यम से एक विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होने पर कि लगभग 10-15 की संख्या में भारी हथियारों से लैस सशस्त्र भूमिगत तत्वों ने विष्णुपुर जिला मुख्यालय से उत्तर-पश्चिम लगभग 03 कि.मी. की दूरी पर विष्णुपुर जिला के अन्दर चिनिंगखुल पर्वत माला के शिखर पर स्थित विभिन्न झोपड़ियों में पनाह ले रखी है, विष्णुपुर जिला कमाण्डो के एस आई पी. संजय सिंह ने सेना के 4/8 जी आर, जिनके साथ वे सदैव कार्रवाई करते थे और सहबद्ध रहते थे, के साथ सम्पर्क स्थापित किया और बुद्धिमतापूर्ण एवं सुनियोजित कार्रवाई करने की योजना बनाई। एस आई पी. संजय सिंह द्वारा बनाई गई योजना ऐसी थी कि उनका दल किसानों का छद्मवेश धारण करके स्थानीय चादरों में अपने हथियारों एवं वायरलैस सैटों को छिपाकर किसानों के वेश में इस तरह रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगा कि पहाड़ की चोटी पर शरण लिए हुए भूमिगत तत्वों को यह संदेह न हो कि वे सुरक्षा कर्मी हैं। दूसरी युक्तिपूर्ण योजना यह थी कि सेना के 4/8 जी आर की टुकड़ियाँ पहाड़ की तलहटी के पास गांव के अंदर अपनी पहचान को छिपाकर बलप्रदायक एवं समर्थक बल के रूप

में कार्य कर सकें। 4/8 जी आर सेना के कार्मिक तत्काल उस समय कार्रवाई करेंगे जब उन्हें एस आई पी. संजय सिंह द्वारा वायरलैस सैट पर सूचना दी जाएगी।

दोपहर लगभग 1.50 बजे योजनानुसार एस आई पी. संजय सिंह के नेतृत्व में उनका दल जंगल एवं झाड़ियों में स्वयं को छिपाते हुए और ग्रामीणों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले मुख्य मार्ग को छोड़ कर सावधानीपूर्वक चिनिंगखुल पहाड़ी पर चढ़ गया। दल को विभाजित करके तीन दल बनाए गए, जिनमें से एक दल को उत्तरी दिशा की देखभाल करनी थी, दूसरे दल को दक्षिणी दिशा को कवर करना था और थ. धमन सिंह की सहायता से एस आई पी. संजय सिंह के नेतृत्व में तीसरा दल उस क्षेत्र के मध्य भाग को कवर कर रहा था। जब मोबाइल पार्टी झोपड़ियों के पास पहुँचने वाली थी, तब भूमिगत तत्वों में से एक, जो प्रयोजनत: संतरी की ड्यूटी कर रहा था, ने शोर मचा दिया और कमाण्डो की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। एस आई पी. संजय सिंह और थ.धमन सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की चिंता किए बिना और युद्धरत स्थिति में आकर तत्काल मोर्चा संभाल लिया और संतरी को मार गिराने के लिए उसकी ओर गोलीबारी शुरू कर दी। उसी समय कांस्टेबल वंगलियन मांग और राइफलमैन एन मांगी मेइतेइ, जो दल की उत्तरी दिशा में थे, ने आतंकवादियों की गोली की बौछार के बीच झाड़ियों की आड़ लेकर रेंगते हुए तत्काल आगे बढ़े और अपनी जान को जोखिम में डालकर बहादुरी से उनको करारा जवाब दिया तथा भूमिगत तत्वों की ओर गोलीबारी करना जारी रखा। कांस्टेबल थ.धमन सिंह की सहायता से एस आई पी. संजय सिंह के नेतृत्व वाले दल ने ड्यूटी पर तैनात संतरी को मार गिराया, जिसके परिणामस्वरूप, कमाण्डो दल को कोई नुकसान नहीं उठाना पड़ा, जबकि भूमिगत तत्व कमाण्डो दल पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। यह मुठभेड़ लगभग 10-20 मिनटों तक जारी रही। हालांकि, झोपड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से को कवर नहीं किया जा सका, क्योंकि मोबाइल टीम के पास इतनी अधिक क्षमता नहीं थी कि वह पहाड़ी के शिखर पर घेराबंदी कर सके।

मुठभेड़ के दौरान, एस आई पी. संजय सिंह (i)कांस्टेबल थ. धमन सिंह (ii)कांस्टेबल वंगलियन मांग तथा (iii) राइफलमैन एन. मांगी मेइतेइ की सहायता से दृढ़ शक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ खेती हट की तरफ निरन्तर गोलियाँ बरसाते हुए जमीन पर रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे जिसके परिणामस्वरूप भूमिगत तत्व पुलिस कमाण्डो की गोलीबारी का सामना नहीं कर सके और कमाण्डो पार्टी पर हमला करने के लिए हट से बाहर आ गए। यदि एस आई पी. संजय सिंह (i)कांस्टेबल थ. धमन सिंह (ii)कांस्टेबल वंगलियन मांग और (iii) राइफलमैन एन मांगी मेइतेइ की सहायता से दृढ़ संकल्प के साथ और अपनी जान की परवाह किए बिना कार्रवाई नहीं करते, तो भूमिगत तत्व न केवल आगे बढ़ रहे कमाण्डो दल को मार देते बल्कि उनके हथियारों को भी लूट लेते।

मुठभेड़ समाप्त हो जाने के बाद, तलाशी शुरू की गयी और उनसे निम्नलिखित हथियार एवं गोला-बारूद तथा अन्य सामान बरामद किए गए:-

(क) चैम्बर में भरे हुए दो खाली कारतूसों के साथ ग्रीन एण्ड कं. द्वारा निर्मित आई एन-11507-डी/4-05 चिन्हित एक डबल बैरल शॉट गन।

(ख) 9 मि.मी. कैलिबर की दो जिंदा गोलियों के साथ 7722 चिन्हित एक 9 मिमी. पिस्तौल।

(ग) 9 मिमी. कैलिबर की तीन जिंदा गोलियों के साथ "सर्विस आर्म ऑफ दी यू एस ए गवर्मेंट" चिन्हित एक 9 मिमी. पिस्तौल।

(घ) नीले एवं भूरे रंग का एक नोकिया हैण्डसेट माडल संख्या 1200।

(ङ) काले रंगा का एक नोकिया हैण्ड सेट माडल नं. 1600।

(च) एक नीले रंग का मनी बैग जिसमें दो कार्ड थे, जिनमें से एक निंगथउजम चन्द्र सिंह, पुत्र-एन. इबोम्चा, निवासी- केइबुल के नाम से एच. सोभा सिंह, सदस्य, केइबुल माखा लेइकेइ, वार्ड नं. 8/5/10 द्वारा जारी किया गया था और जो एम. राजन सिंह, प्रधान, मोइरंग खुमोऊ जी.पी. द्वारा दिनांक 11.10.2008 को प्रतिहस्ताक्षरित था तथा दूसरा चन्द्र, पुत्र- इबोम्चा, निवासी-केइबुल (ए) के नाम से दिनांक 05-02-2009 को जारी किया गया(लेमिनेटेड) ई सी आई पहचान पत्र था।

(छ) एक काले एवं भूरे रंग का बटुआ जिसमें दो कार्ड थे, जिनमें से एक सलम हेमन्त सिंह, पुत्र-एस थोम्बा, निवासी-केइबुल माखा लेइकेई, वार्ड नं.8/5/10 के नाम से जारी किया गया था और ख. मेमा देवी, उप प्रधान, मेइरंग खुमोऊ जी.पी. द्वारा दिनांक 16.7.2008 को प्रतिहस्ताक्षरित था तथा दूसरा हेमन्त, पुत्र-तोम्बा, निवासी-केइबुल (ए) के नाम से दिनांक 5-2-2009 को 28-थांगा असेम्बली निर्वाचन- क्षेत्र हेतु ई आर ओ द्वारा जारी किया गया ई सी आई पहचान-पत्र था।

यह धारा 307/34-आई पी सी, 20/16(1-बी) यू ए (पी)ए, एक्ट और 25 (1-सी) आर्म्स एक्ट के तहत विष्णुपुर थाना में प्राथमिकी संख्या 83 (7)/2009 में दर्ज है।

मारे गए तीन आतंकवादियों की बाद में निम्नानुसार पहचान की गई:-

(क) सलम हेमन्त सिंह (25 वर्ष), पुत्र-एस. तोम्बा सिंह, निवासी-केइबुल माखा लेइकेइ, विष्णुपुर जिला, एस/एस कारपोरल, के सी पी (एम सी)।

(ख) वांगखेम प्रेमजीत उर्फ कोइरन सिंह (28 वर्ष), पुत्र- डब्ल्यू हेरामोत सिंह, निवासी-नरनसीना मानिंग लेइकेइ, विष्णुपुर जिला, एस/एस लॉस कारपोरल, के सी पी (एम सी)।

(ग) निगंथाउजम चन्द्र उर्फ लुकोक सिंह (43 वर्ष), पुत्र-एन इबोम्चा सिंह, निवासी-केइबुल ममांग, विष्णुपुर जिला, एस/एस सर्जेण्ट, के सी पी (एमसी)।

ऊपरवर्णित प्राथमिकी की छानबीन के दौरान, यह भी पता चला कि मृतक एस. हेमन्त सिंह के पास से बरामद की गयी डी बी बी आई गन उनमें से एक थी, जिसे लोकतक विकास प्राधिकरण के ओइनम इबोपिशक सिंह नामक अधिशासी अभियंता का अपहरण करने के प्रयास

में के सी पी के काडरों द्वारा युमनाम मनिचंद्र सिंह (48 वर्ष), पुत्र-वाई मोधुचन्द्र सिंह, निवासी-खुरई नन्देइबम लेइकेइ, इम्फाल पूर्व नामक चालक को मार कर ओइनम से छीना गया था। यह प्राथमिकी संख्या 52(7)09 एनबीएल पुलिस थाना में धारा 307/326/382/24 आई पी सी, 25(1-सी) आर्म्स एक्ट तथा 16 (यू ए) (पी) ए एक्ट के तहत दर्ज है। डी बी बी एल गन की बरामदगी के इस तथ्य से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि मृतक एस. हेमन्त सिंह उनमें से एक था जो दिनांक 15.7.2009 को लोकतक विकास प्राधिकरण के ओइनम इबोपिशक सिंह नामक अधिशासी अभियंता का अपहरण करने के प्रयास में युमनाम मनिचंद्र सिंह नामक चालक की हत्या के लिए जिम्मेदार था।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी. संजय सिंह, सब इंस्पेक्टर, थ. धमन सिंह, कांस्टेबल, वंगलियन मांग, कांस्टेबल तथा एन. मांगी मेइतेई, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.7.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.165-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1.	एल. कैलुन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	एम. जेम्स थंगल, सब इंस्पेक्टर	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3.	के. बॉबी सिंह, सब इंस्पेक्टर	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
4.	ए. बिश्वनाथ सिंह, हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	एल. चिंगखेइहुंबा मेइतेइ, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	ख. जॉन्सन सिंह, राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
7.	टी. अनोऊ मेइतेइ, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
8.	दौमांग खोंगसाई, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 15 मई 2009 को लगभग 0030 बजे, एक विशेष जानकारी मिली कि प्रतिबंधित गुट के वाई के एल (कंगलेइ याओल कन्ना लूप) के लगभग 6 काडर, जो पहले फुमलोऊ और फर्येंग माखा लेकाई के ईसाई सदस्यों को डराने-धमकाने तथा क्रमश: 10 एवं 11 मई 2009 को

उनके चर्च की बिल्डिंग को जलाने तथा 14 मई 2009 की रात में सैंजम चिरांग (पुलिस थाना लम्सांग) गांव के दो व्यक्तियों को मारने में संलिप्त थे, कोट्रुक पहाड़ी के ऊपर ठहरे हुए हैं। जानकारी में यह भी बताया गया कि वे कोट्रुक इलाके में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने/ घात लगाने की योजना बना रहे हैं। यह पहाड़ी लम्संग पुलिस थाना से उत्तर-पश्चिम में लगभग 10 किमी. की दूरी पर स्थित है। इस जानकारी के आधार पर, श्री एल. कैलुन, आई पी एस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इम्फाल पश्चिम की कमान के तहत 12वीं मराठा लाइट इंफैंट्री (एम एल आई) तथा 39वीं असम राइफल्स दोनों की एक-एक टुकड़ी को लेकर इम्फाल पश्चिम पुलिस कमाण्डो को संगठित किया गया और लगभग 0230 बजे कोट्रुक इलाके में कार्य पर लगा दिया गया।

कोट्रुक गांव के आम इलाके में पहुँचने पर दल को दो हिस्सों में बाँट दिया गया। एस आई के. बॉबी सिंह के अधीन हवलदार ए. बिश्वनाथ सिंह और एल. चिंगखेइहुंबा मेइतेइ की सहायता से 39वीं असम राइफल्स के कार्मिकों के साथ एक दल को कोट्रुक पहाड़ी के दक्षिण-पश्चिम दिशा में तैनात कर दिया गया। एस आई जेम्स थंगल और उनकी पार्टी अर्थात राइफलमैन ख. जॉन्सन सिंह, ट.अनोऊ मेइतेइ एवं दौमांग खोंगसाइ के नेतृत्व में दूसरे दल को 12वीं एम एल आई के कार्मिकों के साथ पहाड़ी के उत्तर-पूर्वी दिशा में तैनात कर दिया गया। श्री एल. कैलुन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/इम्फाल पश्चिम पहाड़ी की दक्षिण-पूर्वी तलहटी से आगे बढ़े और सम्पूर्ण कार्रवाई की निगरानी की तथा दक्षिण-पश्चिमी दिशा से बचकर निकलने के मार्ग को भी अवरूद्ध कर दिया।

रात की चाँदनी को छोड़कर, रात काफी अंधेरी थी और कम दिखाई पड़ रहा था। दोनों युक्तिपूर्वक आगे बढ़े और पहाड़ के ऊपर की तरफ पहुंच गए। लगभग 0445 बजे एस आई के. बॉबी के नेतृत्व वाले दल ने लगभग 25-30 मीटर की दूरी पर पहाड़ के ऊपर कुछ लोगों की गतिविधि देखी। एस आई के. बॉबी और उनका दल बेहतर घेरेबंदी एवं जाँच के लिए और आगे बढ़ा। परन्तु अचानक आतंकवादियों ने अपने अत्याधुनिक हथियारों से गोलियाँ बरसानी शुरू कर दी। पुलिस दल ने भी तुरंत बचते हुए मोर्चा संभाल लिया और तत्काल जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी जिससे घमासान मुठभेड़ शुरू हो गयी। आतंकवादियों ने पहाड़ के ऊपर वर्चस्व वाली स्थिति में मोर्चा संभाल रखा था और अत्यन्त सुरक्षित स्थिति में चारों तरफ भारी गोलीबारी करना जारी रखा। एस आई के. बॉबी, हवलदार विश्वनाथ सिंह और कांस्टेबल चिंगखेइहुंबा मेइतेई, जो अत्यन्त असुरक्षित एवं जोखिम भरे स्थान पर थे और जहां कोई बचाव नहीं था, ने अपनी एके राइफलों से जबरदस्त जवाबी गोलीबारी की और जानकारी दी कि 2 या 3 आतंकवादी मारे गए हैं परन्तु शेष अभी भी लड़ रहे हैं। श्री एल. कैलुन ने एस आई जेम्स थंगल के नेतृत्व वाले दल को सतर्क रहने का तत्काल आदेश दिया। एस आई जेम्स थंगल, राइफलमैन जॉनसन सिंह, कांस्टेबल अनोऊ मेइतेइ और कांस्टेबल खोंगसाइ, जो सभी पहाड़ी टीले के उत्तर-पूर्वी दिशा में पेड़ के पत्तों को छोड़कर किसी बचाव के बिना असुरक्षित स्थिति में थे, सहजतापूर्वक बचाव के लिए

बढ़े और अपनी एके अशॉल्ट राइफलों से भारी जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने भी 1 या 2 आतंकवादियों को मार गिराये जाने की जानकारी दी।

उसी समय श्री एल.कैलुन, आई पी एस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/इम्फाल पश्चिम का अपने दल के साथ, जो पहाड़ के ऊपर की ओर काफी निकट थे, अचानक एके अशॉल्ट राइफल से लैस एक आतंकवादी से आमना-सामना हो गया। श्री एल. कैलुन ने तत्काल उसे रुकने के लिए आवाज लगाई, परन्तु रुकने की बजाय आतंकवादी ने अपने एके अशॉल्ट राइफल से पुलिस दल की ओर गोलियाँ बरसानी शुरू कर दी, जो इंच भर से पुलिस अधिकारी एवं उनके कार्मिक को लगने से चूक गयी। श्री एल. कैलुन, जिन्हें राज्य में विद्रोह-रोधी कार्रवाई का कई वर्षों का अनुभव था, और उनका दल तुरंत जमीन पर लेट गया और तत्काल भयंकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप सशस्त्र आतंकवादी उसी स्थान पर मारा गया।

मुठभेड़ समाप्त होने के बाद, सुरक्षा कर्मियों द्वारा उस स्थान की पूर्णरूपेण तलाशी ली गयी और पहाड़ के ऊपर तथा उसके आसपास छः अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों के शव पाए गए जिनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर गोली के जख्म थे। उनके शव के पास से और छिपाव-स्थल से निम्नलिखित हथियार, गोलाबारूद और विविध सामग्रियाँ बरामद की गयीं:-

i) 5(पांच) एके-56 अशॉल्ट राइफलें, जिन सभी में 77 जिंदा कारतूसों के साथ एक-एक मैगजीन भरी हुयी थी।
ii) 1 स्वचालित पिस्तौल जिसमें 3 जिंदा कारतूस भरे हुए थे।
iii) 2 चीन निर्मित हथगोले।
iv) शव के पास एके हथियारों के 54 विविध कारतूस पाए गए।

मारे गए व्यक्तियों की बाद में कंगलेई यावोल कन्ना लुप (संक्षेप में के वाई के एल) के खूँखार प्रतिबंधित सशस्त्र काडरों के रूप में पहचान हुई, जो उस इलाके में पिछले 2/3 दिनों से सक्रिय थे। वे हैं:-

i) केइशम सन्तोम्बा सिंह (31), पुत्र- (स्व.) के. तोम्बा सिंह, निवासी- हेइबोंगपोक्पी मायाइ लेइकेई (एस/एस-सार्जेण्ट मेजर)।
ii) मयेंगबम चावोथोइ सिंह (23), पुत्र-(स्व.) एम. इबोबी सिंह, निवासी- लम्जाओ पार्ट-।।, तेजपुर अवांग लेइकेइ (एस/एस- लेफ्टि.)।
iii) अंगोम गुनी सिंह (21), पुत्र-ए. लंगबनजाओ, निवासी- फायेंगचिंग खुनोऊ (एस/एस-लेफ्टि)।
iv) लेइसांगथेम सिमोन सिंह (19), पुत्र-एल.बुद्ध सिंह, निवासी-कोइुक चिंग (एस/एस-प्राइ.)।

v) अंगोम प्रियोजीत उर्फ नोगों सिंह (17), पुत्र-ए. सुभाष सिंह, निवासी-फायेंग अवांग लेइकेई (एस/एस-प्राइ.)।

vi) ए. अमुथी सिंह (24), पुत्र- नीलमणि, निवासी- फायेंगचिंग खुनोऊ (एस/एस-सेकेण्ड लेफ्टि.)।

यह मामला प्राथमिकी संख्या 25(5)09 लम्सांग पुलिस थाना धारा 307/34/आईपीसी, 20यू ए(पी) अमेण्डमेंट एक्ट, 25(1-सी) आर्म्स एक्ट, 5 एक्सप्लोसिव सब्सटांस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। यह कानून की इन्हीं धाराओं के अन्तर्गत सैतु गंफाजोल पुलिस थाना की प्राथमिकी संख्या 21(5)09 में भी दर्ज है।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री एल. कैलुन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एम. जेम्स थंगल, सब इंस्पेक्टर, के. बॉबी सिंह, सब इंस्पेक्टर, ए. विश्वनाथ सिंह, हवलदार, एल चिंगखेइहुंबा मेइतेइ, कांस्टेबल, ख. जॉनसन सिंह, राइफलमैन, टी. अनोऊ मेइतेइ, कांस्टेबल और दौमांग खोंगसाइ, कांस्टेबल ने अदम्य साहस, वीरता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्यपराणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.5.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.166-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का छठा बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री संजीव कुमार यादव,
सहायक पुलिस आयुक्त

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 6.3.06 को हेमन्त उर्फ सोनू के संबंध में एक खुफिया जानकारी के आधार पर, स्पेशल सेल के एक दल ने लगभग 1.30 बजे तड़के फ्लैट नं. 505, 5वीं मंजिल, सागर अपार्टमेंट, सुशान्त लोक-II, गुड़गांव, हरियाणा में छापा मारा। जब अंदर के लोगों ने दरवाजा नहीं खोला, तो पुलिस दल ने बलपूर्वक दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। संजय सिंह, पुत्र - भोपाल सिंह को पकड़ लिया गया, जिसने बताया कि एक बदमाश (बाद में जिसकी पहचान जयप्रकाश उर्फ जे पी, निवासी – नजफगढ़, दिल्ली के रूप में हुई) फ्लैट की पिछली बालकनी से शाफ्ट के माध्यम से भाग गया है।

तलाशी करने पर जयप्रकाश, जो हेमन्त उर्फ सोनू का एक निकट सहयोगी है, को पीछे की ओर के शाफ्ट में देखा गया जिसे पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। इसकी वजाय, उसने पुलिस दल पर गोलियाँ चलाईं और एक हथगोला निकाल लिया तथा हथगोले का विस्फोट करके पुलिस दल के सदस्यों एवं निवासियों को मारने की धमकी दी। अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए और आत्मरक्षा में पुलिस दल ने भी जबावी गोलीबारी की। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए छिप गया। पुलिस ने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गोलीबारी रोक दी। स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, स्पेशल सेल एवं हरियाणा पुलिस से अतिरिक्त बल की मांग की गयी। इसी बीच, पूछताछ के दौरान उक्त संजय सिंह ने खुलासा किया कि हेमन्त उर्फ सोनू अपने सहयोगी जसवंत उर्फ सोनू के साथ फरीदाबाद रोड पर फ्लैट सं. 9-1101, वैली व्यू इस्टेट, ग्वालपहाड़ी, गुड़गांव में छिपा हुआ है। तदनुसार, श्री संजय यादव, ए सी पी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर ललित मोहन, इंस्पेक्टर हृदय भूषण, एस आई गिरीश कुमार और अन्य सहित एक दल वैली व्यू इस्टेट के लिए रवाना हो गया, जबकि दल के अन्य सदस्य जयप्रकाश उर्फ जे पी को गिरफ्तार करने के लिए स्थिति के अनुसार कार्रवाई करने हेतु स्थल पर ही रह गए।

लगभग 5.30 बजे तड़के, दल फ्लैट नं. 9-1101, वैली व्यू इस्टेट, गुड़गांव पहुंच गया और छापा मारा। अंदर के लोगों को दरवाजा खोलने तथा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। जब अंदर के लोगों ने चेतावनी के बावजूद दरवाजा नहीं खोला, तो पुलिस ने बलपूर्वक दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। हेमन्त उर्फ सोनू ने तुरन्त पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस दल ने भी जवाबी गोली चलाई। जसवंत उर्फ सोनू को पीछे की ओर से दसवीं

मंजिल की बालकनी पर कूदते देखा गया। दसवीं मंजिल के फ्लैट के दरवाजे को भी बलपूर्वक तोड़ा गया। बदमाश, जिसकी बाद में जसवंत उर्फ सोनू, पुत्र - जगदीश प्रसाद, निवासी-आर जेड-421, गोपाल नगर, नजफगढ़, दिल्ली के रूप में पहचान हुई, ने भी पुलिस दल पर गोली चला दी। परिणामी मुठभेड़ में, हेमन्त उर्फ सोनू और जसवंत उर्फ सोनू मारे गये। हेमन्त उर्फ सोनू द्वारा प्रयोग की गयी एक 9 एम एम पिस्तौल एवं 455 बोर रिवाल्वर तथा जसवंत उर्फ सोनू द्वारा प्रयोग किया गया एक .38 बोर और जिंदा कारतूस उनसे बरामद किए गए।

<u>अधिकारियों की व्यक्तिगत भूमिका</u>

<u>ए सी पी संजीव यादव:</u> अन्तर्राज्यीय बदमाशों के साथ मुठभेड़ के दौरान, ए सी पी संजीव यादव ने बहादुरी से दल का नेतृत्व किया। जब दल फ्लैट नं. 9-1101, वैली व्यू अपार्टमेंट पहुंचा, जहाँ बदमाश छिपे हुए थे, तो उन्होंने उनसे दरवाजा खोलने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। जब बदमाशों ने दरवाजा नहीं खोला, तो उसे तोड़कर खोला गया। जैसे ही वे फ्लैट के अंदर घुसे और बदमाशों को ललकारा तो दोनों खूंखार बदमाशों ने अपने हथियार निकाल लिए तथा पुलिस दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। हेमन्त उर्फ सोनू ने प्रवेश द्वार की बांयी तरफ स्थित रसोईघर के अंदर पोजीशन ले ली, जबकि जसवंत उर्फ सोनू पुलिस दल पर गोलियाँ बरसाता हुआ पिछली बालकनी की ओर भागा। आत्मरक्षा में और बदमाश को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दल ने जवाबी गोलियाँ चलाईं। ए सी पी यादव ने दल का नेतृत्व करते हुए हेमन्त उर्फ सोनू का बहादुरी से सामना किया। जवाबी गोलीबारी करते समय ए सी पी बदमाश की गोली के सीधे निशाने पर थे और उनकी सुरक्षा के लिए कोई बचाव नहीं था। वे अपनी जान की परवाह किए बगैर आगे बढ़ते हुए बदमाश के नजदीक पहुंच गए जबकि बदमाश द्वारा चलाई गई एक गोली उन्हें लग गई थी। तथापि, वे बाल-बाल बच गए क्योंकि उन्होंने बुलेट-प्रूफ जैकेट पहना हुआ था। भयभीत एवं विचलित हुए बिना, निर्भीक अधिकारी ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 3 चक्र गोलियाँ चलाई और बदमाश को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में श्री संजीव कुमार यादव, सहायक पुलिस आयुक्त ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, वीरता के लिए पुलिस पदक का छठा बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07.03.2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.167-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री विमल कुमार पाराशर (मरणोपरान्त)
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 6.5.2008 को दिन के 1.00 बजे, श्री दिनेश वशिष्ठ, पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी-बादी को एक विश्वसनीय मुखबिर से विश्वस्त जानकारी मिली कि डकैत ज्ञानी अपने गिरोह के सदस्यों तथा अस्त्र-शस्त्र एवं गोला-बारूद के साथ बीदरपुर गांव में आने वाला है। श्री दिनेश वशिष्ठ, थाना प्रभारी-बादी ने धौलपुर के तत्कालीन एस पी को फोन पर इसकी जानकारी दी।

धौलपुर के एस पी ने तत्काल एक ए डी एफ टीम को रवाना किया, जिसमें 38 बोर रिवाल्वर के साथ ए एस आई श्री विमल कुमार पाराशर, ए एस आई महावीर प्रसाद, एके-47 राइफल के साथ हेड कांस्टेबल बलविन्द्र, हेड कांस्टेबल लखन सिंह, कांस्टेबल रोहितास, कांस्टेबल धर्मेन्द्र, कांस्टेबल सोनवीर और कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह शामिल थे और इन सभी के पास एक-एक एस एल आर और पर्याप्त मात्रा में गोलाबारूद था। ए डी एफ टीम दोपहर 3.00 बजे बादी थाना पहुँच गई।

उसी दिन दोपहर 4.30 बजे, एक 38 बोर रिवाल्वर के साथ बादी थाना प्रभारी श्री दिनेश वशिष्ठ, हेड कांस्टेबल श्री अजय सिंह, कांस्टेबल जयदेव, कांस्टेबल थन सिंह, कांस्टेबल राजेश, कांस्टेबल सुरेश, कांस्टेबल कृष्ण मुरारी और ड्राइवर राम नाथ ए डी एफ टीम के साथ डकैत गिरोह का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार होकर बीदरपुर गांव पहुँचे। इसी बीच मुखबिर ने एक और जानकारी दी कि डकैत ज्ञानी और उसका गिरोह आग्नेयास्त्रों से लैस होकर एक प्राइवेट जीप में सड़क से होकर आ रहा है और इन आग्नेयास्त्रों का प्रयोग पुलिस दल के खिलाफ किया जा सकता है।

इस महत्वपूर्ण जानकारी के प्राप्त होने पर, बादी थाना प्रभारी श्री दिनेश वशिष्ठ ने बड़े-बड़े पत्थर डालकर देवथान बीदरपुर के पास सड़क को अवरूद्ध कर दिया और पुलिस बल को दो दलों में बांट दिया। ए.एस. आई. श्री विमल कुमार पाराशर पहले दल के प्रभारी थे जिसके अन्य सदस्य ए.एस.आई. महावीर, हेड कांस्टेबल बलविन्द्र, हेड कांस्टेबल लखन, कांस्टेबल धर्मेन्द्र और कांस्टेबल सोनवीर थे। थाना के स्टाफ के साथ दूसरे दल के प्रभारी सी आई दिनेश वशिष्ठ थे और इस दल ने थोड़ी दूरी पर मोर्चा संभाल लिया। दोनों दल डकैत गिरोह को रोकने और उन्हें गिरफ्तार करने का इंतजार करने लगे।

सायं 5.30 बजे, डकैतों को लेकर एक जीप तेजी से डोमपुरा की तरफ से आई और अवरूद्ध सड़क के पास रूक गई। कुछ डकैत जीप से बाहर निकले और सड़क को साफ करने के लिए पत्थरों को हटाने लगे। तभी एक डकैत ने सी आई श्री दिनेश वशिष्ठ को उनकी वर्दी में देख लिया। उस डकैत के पास 306 बोर की राइफल थी और गिरोह के अन्य सदस्यों के पास भी आग्नेयास्त्र थे। बादी थाना प्रभारी श्री दिनेश वशिष्ठ ने डकैतों को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया और कहा कि उन्हें पुलिस दल ने घेर लिया है। डकैत ज्ञानी और उसके गिरोह के सदस्यों ने आत्मसमर्पण करने की बजाय पुलिस दल को मारने के इरादे से उनपर गोलियाँ चलानी शुरू कर दीं। अपने बचाव में पुलिस दल ने भी गोलियाँ चलानी शुरू कर दी। बादी थाना प्रभारी दिनेश वशिष्ठ ने बार-बार डकैतों को गोलीबारी रोकने और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु डकैत गिरोह ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी।

ए एस आई श्री विमल कुमार पाराशर, जो एक डकैत का पीछा कर रहे थे, पर ज्ञानी डकैत के पीछे से गोली चलाई गई और गोली उनकी पीठ में लगी। बुरी तरह से घायल होने के बावजूद, एस आई विमल कुमार पाराशर पीछे नहीं हटे और तब तक बहादुरी के साथ डकैतों से लड़ते रहे जब तक दल के अन्य सदस्य उस स्थान पर नहीं पहुँच गए और सभी पाँच डकैतों को घेर लिया, जिनके नाम इस प्रकार हैं:-

(क) ज्ञानी उर्फ लारा, पुत्र-बाबू लाल मीणा, निवासी-सुनीपुर, थाना बारी को एक 306 बोर की राइफल तथा 28 जिंदा कारतूसों वाले एक पट्टे और 80 जिंदा कारतूसों वाले एक बैग के साथ।

(ख) श्री भगवान, पुत्र- बाबू लाल मीणा, निवासी-सुनीपुर, थाना-बारी को एक 12 बोर की डी बी बी एल राइफल तथा 20 जिंदा कारतूसों वाले एक पट्टे के साथ।

(ग) महेश, पुत्र-सिरदार गुर्जर, निवासी-रामबक्स का पुरा, थाना-सरमथुरा को एक 306 बोर की राइफल तथा 20 जिंदा कारतूसों के साथ।

(घ) रामलखन उर्फ लखन, पुत्र-श्याम लाल मीणा, निवासी उमरेह, थाना-बारी को एक 315 बोर के अवैध कट्टा, चैम्बर में एक कारतूस तथा 3 जिंदा कारतूसों के साथ।

(ङ) रामवीर, पुत्र-श्याम लाल मीणा, निवासी-अमरेह, थाना- बारी को एक 315 बोर के अवैध कट्टा, मैगजीन में दो कारतूस तथा 1 जिंदा कारतूस के साथ।

इस घटना के संबंध में दिनांक 5.6.2008 को प्राथमिकी संख्या 124/2008 धारा 147, 148, 149, 332, 353, 307, 302 आई पी सी के तहत सरमथुरा थाना में दर्ज की गयी थी।

मुठभेड़ के बाद ए एस आई श्री विमल कुमार पाराशर को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल बादी अस्पताल में लाया गया था और बाद में धौलपुर अस्पताल में भेज दिया गया था। धौलपुर में उनकी जान बचाने के लिए समस्त प्रयास किए गए थे परन्तु ए एस आई श्री विमल कुमार पाराशर मुठभेड़ में बुरी तरह से घायल होने की वजह से दम तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में सहायक उपनिरीक्षक (स्वर्गीय) श्री विमल कुमार पाराशर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6.5.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.168-प्रेज/2010. राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. लालमिंगा दारलोंग,
   कमाण्डेण्ट
2. बिनय किशोर देववर्मा,
   सहायक कमाण्डेंट
3. बादल देववर्मा,
   सहायक कमाण्डेंट
4. समर देवनाथ,
   हवलदार
5. रवीन्द्र कलई,
   राइफल मैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 26.4.2008 को लगभग 1115 बजे श्री देवव्रत दास, सेक्शन इंजीनियर, एन एफ रेलवे त्रिपुरा पश्चिम जिला के मुंगीकामी पुलिस थाना अन्तर्गत 56100 चेनेज, तुइकर्मा में रेलवे कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करने गए जहाँ रोजाना 60/70 मजदूर काम करते थे। वे मुंगीकामी तक वाहन से गए और मुंगीकामी से कार्यस्थल तक पैदल गए।

लगभग 1215 बजे अचानक एन एल एफ टी (बी एम) उग्रवादियों (7/8) का भारी हथियारों से लैस दल कर्ण देववर्मा उर्फ क्वपलई तथा ललित देववर्मा के नेतृत्व में कार्यस्थल पर आ धमका। उग्रवादी दल ने तुरन्त इंजीनियर दास को पकड़ लिया और फिर उन्हें खींचकर जंगल की ओर ले गया। उस समय धीरेन्द्र देवनाथ, तेलियामुरा के राजमिस्त्री ने इंजीनियर दास को उग्रवादी दल द्वारा ले जाने का विरोध किया और रुकावट डाली। परन्तु उसे गोली मार दी गयी

और वह स्थल पर ही मारा गया। इस प्रकार इंजी. दास का अपहरण कर लिया गया। उसके बाद स्थिति काफी नाजुक हो गई और समस्त मजदूर डर के मारे रेलवे कार्यस्थल से भाग गए।

घटना के बाद की जांच के दौरान, यह पता चला कि एन एल एफ टी (बी एम) के एस एस लेफ्टिनेंट कर्ण देववर्मा उर्फ क्वपलई ने सुरक्षा बल एवं इंजी. दास की गतिविधि के बारे में उग्रवादी दल को जानकारी देने के लिए तुइकर्मा में दिनेश देववर्मा नामक व्यक्ति को एक मजदूर के रूप में लगा रखा था। दिनेश ने उग्रवादी दल को जानकारी देने में कोई गलती नहीं की। उसने सही और उपयुक्त समय पर जानकारी दी। जानकारी के लीक होते ही इंजी. देवव्रत दास परिस्थितियों के शिकार हो गए और उनका अपहरण हो गया।

शुरू में इंजी. दास को कमला बगान (अथरमुरा पहाड़ी का किनारा) ले जाया गया और उसके बाद पेट्रामुरा श्रृँखला के अन्तर्गत विभिन्न अगम्य स्थानों पर ले जाया गया। पहले, उग्रवादी दल ने इंजीनियर को छोड़ने के एवज में 50 लाख रूपए की फिरौती मांगी। बाद में, उग्रवादियों ने फिरौती की धनराशि बढ़ाकर एक करोड़ रूपए कर दी। एक समय पर क्वपलई को मुख्यालय से एस एम एस आया कि "उसे मार दो"। परन्तु तुरन्त दूसरा संदेश आया कि "उसे मत मारो"। इंजी. दास ने दूसरे संदेश के बाद राहत की सांस ली।

इन परिस्थितियों में आतंकवादी गुट के चंगुल से इंजी. दास को सुरक्षित बचाकर ले आना सुरक्षा बलों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया।

इसके बाद सुरक्षा बलों ने तुइबाकलई एवं पेट्रामुरा के आम इलाकों में रुक-रुक कर लगातार कई बार कार्रवाई की और प्रत्येक कार्रवाई 3 से 6 दिन तक चली। परन्तु इसमें कोई सफलता नहीं मिली और आतंकवादी दल की उपस्थिति के बारे में कोई सुराग भी हाथ नहीं लगा। लेकिन सुरक्षा बलों ने चुनौती का सामना करना नहीं छोड़ा। बल्कि वे इस समस्या को हल कर लेने के आशावादी थे।

अंततः दिनांक 3.6.2008 को, दो आतंकवादियों द्वारा दिए गए कुछेक सुरागों के आधार पर 'घेराव,छापा और तलाशी अभियान' नामक 72-घंटे का अभियान चलाया गया। यह अत्यंत महत्वपूर्ण समय था। कमाण्डेंट दारलोंग ने निजी तौर पर इस अभियान का नेतृत्व किया। इस अभियान में 3 राजपत्रित अधिकारियों के साथ टी एस आर की एक कम्पनी को काम पर लगाया गया।

पहले तीन दिनों में अथरमुरा पहाड़ी श्रृँखला के तुइबाकइर्ल, त्रिपुरी बस्ती और कमलाबगान इत्यादि के आम इलाके में अभियान चलाया गया। आत्म समर्पण कर चुके आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों को दिखाया जहाँ उग्रवादी पहले ठहरे हुए थे। जब अभियान चल रहा था तब मौसम बहुत खराब था और लगातार बारिश हो रही थी। सुरक्षा बलों ने प्रतिकूल परिस्थिति वाले

जंगलों में भारी वर्षा, मच्छर के काटने, जोंक के काटने, के बावजूद आत्मसमर्पण कर चुके आतंकवादियों द्वारा दिखाए गए समस्त घने एवं प्रतिकूल परिस्थितियों वाले जंगलों का एक स्थान से दूसरे स्थान तक पूरी तलाशी की। इस प्रक्रिया में, सुरक्षा बल ने कमला बगान के जंगलों में दूसरी रात्रि में आतंकवादी के साथ गोलीबारी भी की परन्तु किसी तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ। तथापि, सुरक्षा बलों ने आतंकवादी दल द्वारा प्रयोग में लागए गए पोलिथीन, बर्तन इत्यादि बरामद किए। हालांकि सुरक्षा बल को कोई महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं हुई, परन्तु कम -से-कम उस इलाके में उग्रवादियों की उपस्थिति की पुष्टि हो गई। तीसरे दिन जब अभियान समाप्त होने वाला था, तब कमाण्डेंट दारलोंग ने अतिरिक्त पहल की और समापन स्थल से लगभग 7/8 कि.मी तक पूर्वी दिशा में स्थित ब्लू हिल इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाने के लिए उक्त 72 घंटे के अभियान की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया। उस स्थान को स्थानीय भाषा में चिबुखर (सांपों की माँद) कहा जाता है। वह पहाड़ी प्रतिकूल परिस्थितीतियों वाली एव लहरदार भू-भाग वाली थी तथा घनी झाड़ियों से आच्छादित थी। वह इलाका अछूता था। 12 किमी. के घेरे में कोई मानव आबादी नहीं थी। कमाण्डेंट और उनके अधिकारी एवं कर्मी, उन्हें होने वाली संभावित परेशानी एवं कठिनाई पर कोई ध्यान दिए बिना, प्रतिकूल परिस्थीति वाली पहाड़ी की ओर आगे बढ़े। उस स्थान पर पहुँचने पर अभियान दल ने देखा कि वहाँ पर लक्षित इलाके तक पहुँचने के लिए न तो कोई सड़क है और न ही पैदल चलने का रास्ता है। वहाँ जाने का केवल एक रास्ता झरने का था और वह भी फिसलन एवं कवकी चट्टानों से भरा हुआ था। उस झरने में कई छोटे-छोटे झरने थे। अभियान दल ने छोटे-छोटे समूह बनाकर अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस प्रकार अभियान दल समस्त झरनों को कवर करने के लिए कई छोटे-छोटे समूहों में बँट गया। छेरा/झरने गहरे दर्रानुमा सुरंग के रूप में थे, जहाँ घने पेड़-पौधों की रूकावट के कारण जीमन तक सूर्य की रोशनी नहीं पहुँच सकती थी। ऐसी परिस्थितियों में, छोटी-छोटी सैन्य टुकड़ियाँ अपनी जान को जोखिम में डालकर, गहरी घाटी की ओर बढ़ी, जहाँ विषैले साँप/कीड़े-मकोड़े मच्छर और जोंक मौजूद था।

दिनांक 5.6.2008 को लगभग 1420 बजे, जब अभियान दल झरने के साथ-साथ गहरी घाटी की ओर बढ़ रहा था, तब कमाण्डेंट के नेतृत्व वाले एक अभियान दल पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक दल द्वारा गोली चलाई गई। अभियान दल ने भी जवाबी कार्रवाई की और जब दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही थी, तब श्री दारलोंग, ए सी विजय किशोर देववर्मा, ए सी बादल देववर्मा, हवलदार (जीडी) समर देवनाथ तथा राइफलमैन (जीडी) रवीन्द्र कलई के साथ निर्भीक होकर विस्तारित संरचना में अत्यन्त कठिन, फिसलन भरी, पहाड़ की खड़ी ढलान और घनी झाड़ियों से होते हुए हथियारबंद उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े और उग्रवादियों पर सीधा प्रहार किया तथा दोनों तरफ से लगभग 15 मिनट तक भारी गोलीबारी जारी रही। हथियारबंद एन एल एफ टी (बीएम) आतंकवादियों ने तब गोलीबारी रोक दी और भीमकाय चट्टानों की आड़ लेकर पीछे हटने का प्रयास किया। उसके बाद गहरे दर्रे से चीखने की

आवाज सुनाई दीं। इसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने फिर से 2/3 बार गोलियाँ चलाई। तब कमाण्डेंट ने भी ए सी विजय किशोर देववर्मा, ए सी बादल देववर्मा, हवलदार (जीडी) समर देवनाथ तथा राइफलमैन (जीडी) रवीन्द्र कलई के साथ, जो उग्रवादियों की ओर विस्तारित संरचना में आगे बढ़ रहे थे, पुनः हथियारबंद आतंकवादियों पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की , जिन्होंने बड़ी चट्टानों के पीछे अपनी पोजीशन ले रखी थी। जवाबी गोलीबारी के दौरान, श्री दारलोंग ने 17 चक्र, ए सी विनय किशोर देववर्मा ने 9 चक्र, ए सी बादल देववर्मा ने 9 चक्र, हवलदार (जीडी) समर देवनाथ ने 77 चक्र और राइफलमैन (जीडी) रवीन्द्र कलई ने 09 चक्र गोलियाँ चलाई और एक हथगोला फेंका और उग्रवादियों को गोलीबारी रोकने पर मजबूर कर दिया तथा वहाँ बिल्कुल शांति छा गयी। कमाण्डेंट और चार अन्य कार्मिकों ने बड़ी चट्टानों के पीछे छिपकर अपनी पोजीशन ले ली थी और एक सुअवसर की प्रतीक्षा में थे। परन्तु तब तक उन्हें चीखने की आवाज सुनाई दी जो कह रहा था, 'मैं देवव्रत इंजीनियर हूँ, मैं यहाँ हूँ, कृपया मुझे बचाओ, कृपया मुझे बचाओ, इत्यादि'। यह आवाज गुफा से और खाई से आ रही थी तब तक उग्रवादी बड़ी चट्टानों, घनी झाड़ियों और लहरदार भू-भाग की आड़ लेकर भाग गए थे। तब श्री दारलोंग चार अन्य कार्मिकों के साथ उस स्थान की ओर बढ़े जहां से चीखने की आवाज आ रही थी और अन्ततः विशालकाय चट्टानों की गुफा से इंजी. दास को खोज निकाला।

इस कार्रवाई में सर्वश्री लालमिंगा दारलोंग, कमाण्डेट, विनय किशोर देववर्मा, सहायक कमाण्डेंट, बादल देववर्मा, सहायक कमाण्डेंट, समर देवनाथ, हवलदार तथा रविन्द्र कलई, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5.6.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.169-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1.	डॉ अरविंद चतुर्वेदी उप-पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
2.	प्रदीप कुमार मिश्र निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3.	तेज बहादुर सिंह उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

कृपा शंकर चौधरी एक खूँखार अपराधी था जिसपर उत्तर प्रदेश सरकार ने पचास हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह हत्या के एक दर्जन से अधिक मामलों और अन्य जघन्य अपराधों में संलिप्त था। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और आसूचना से पता चला कि वह इस समय मनीष जायसवाल के फर्जी नाम से मुंबई में रह रहा है। यह सूचना प्राप्त होने पर उसे गिरफ्तार करने के लिए उप पुलिस अधीक्षक अरविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में विशेष कार्य बल के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई, जिसमें निरीक्षक पी के मिश्र, उपनिरीक्षक टी.बी सिंह और सात अन्य पुलिस कार्मिक सम्मिलित थे। मुंबई पहुँचने के बाद, अधिकारियों की यह टीम कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने के उनके प्रयासों में सहायता के उद्देश्य से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अपने समकक्ष अधिकारियों से मिली।

दिनांक 30/7/2006 की सुबह अधिकारियों और अन्य कार्मिकों की इस टीम को पता चला कि कृपा शंकर उर्फ मनीष जायसवाल जूहू वरसोवा रोड पर बी ई एस टी बस स्टॉप पर पहुँचेगा। इसलिए एस टी एफ उत्तर प्रदेश एवं मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारी उस स्थान पर पहुँच गए। उस स्थान पर पहुँचने और क्षेत्र का गहन उवलोकन करने के बाद, उन्होंने अपने आप को तीन समूहों में बाँट लिया। टीम 'क' का नेतृत्व एस टी एफ उत्तर प्रदेश पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक श्री चतुर्वेदी ने, टीम 'ख' का नेतृत्व निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने और टीम 'ग'

का नेतृत्व मुम्बई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारी दिलीप पलान्दे ने किया। ये दोनों मुम्बई क्षेत्र का अवलोकन करने के बाद इन टीमों ने रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाल लिया और कृपा शंकर के आने की प्रतीक्षा करने लगे।

जैसी कि आशा थी कृपा शंकर लगभग 16.50 बजे बीईएसटी बस स्टॉप पर एक ऑटो-रिक्शा से आया। उसे पहचानने के बाद निरीक्षक प्रदीप शर्मा उसे गिरफ्तार करने के लिए आगे बढ़े। इस पर कृपा शंकर ने अपनी रिवॉल्वर निकाल ली और निरीक्षक शर्मा पर तान दी। उप पुलिस अधीक्षक श्री चतुर्वेदी ने भी कृपा शंकर से आत्म-समर्पण करने के लिए कहा। अचानक कृपा शंकर ने उप पुलिस अधीक्षक श्री चतुर्वेदी पर गोली चला दी जो उनके बहुत करीब से गुजर गई। कोई अन्य विकल्प न होने की वजह से श्री चतुर्वेदी ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई। उनके द्वारा चलाई गई गोली कृपा शंकर की जाँघ में लगी। इसे देखकर उप-निरीक्षक टी बी सिंह भी आगे बढ़े। उनको आगे बढ़ता देख कृपा शंकर ने टी बी सिंह पर भी गोली चला दी। सौभाग्य से उन्हें गोली नहीं लगी और इसके जबाब में उन्होंने भी गोली चला दी। यह गोलीबारी जारी रही। अपनी जान को गंभीर खतरे में डालते हुए उप पुलिस अधीक्षक अरविंद चतुर्वेदी, निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र और उप-निरीक्षक टी बी सिंह गोलीबारी करते हुए उसके काफी नजदीक पहुंच गए क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था। पुलिस टीम के सदस्यों को बहुत सावधानी से गोलीबारी करनी पड़ी ताकि वहां पर अन्य लोग हताहत न हों। इस गोलीबारी में लगी चोट के परिणामस्वरूप कृपा शंकर बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गई:

1- 7065 बोर की एक पिस्टल
2- एक जिन्दा कारतूस और 7.65 बोर के पाँच खाली शेल
3- एक मोबाइल फोन

इस मुठभेड़ में डा अरविंद चतुर्वेदी, उप-पुलिस अधीक्षक, प्रदीप कुमार मिश्र, निरीक्षक और श्री तेज बहादुर सिंह उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भता भी दिनांक 30.7.2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.170-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व/श्री</u>

1. सत्येन्द्र कुमार सिंह,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. संतोष कुमार सिंह,
   उप-निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक एस टी एफ, उप-निरीक्षक संतोष कुमार सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी कुख्यात अपराधी बुध सिंह परिहार उर्फ लल्ला जिसपर 20,000/-रुपये का इनाम घोषित था, को गिरफ्तार करने के लिए रामपुरा, पुलिस स्टेशन-रामपुरा, जिला-जालौन में डेरा डाले हुए थे। दिनांक 17.4.2009 को पुलिस को अत्याधुनिक हथियारों से लैस 30-35 सदस्यों के गिरोह की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। टीम तत्काल उस स्थान पर गई और मुखबिर की मदद से गिरोह के बहुत करीब पहुँच गई। टीम ने ग्राम बिल्लौर के जंगल में एक कुएँ के निकट पोजीशन ले ली। गिरोह की उपस्थिति को भाँपते हुए पुलिस ने गिरोह से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। लेकिन गिरोह ने पुलिस को गालियां देनी और भारी गोलीबारी करनी शुरू कर दी। रणनीतिक दृष्टि से लाभप्रद स्थल पर छिपे गिरोह ने एसटीएफ पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालते हुए, श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक और श्री संतोष कुमार सिंह, उप-निरीक्षक गिरोह की ओर बढ़े और उन्होंने आत्मरक्षा में गिरोह पर प्रभावकारी गोलीबारी की। इसके परिणामस्वरूप गिरोह अंधेरे और ऊंचे-नीचे दुर्गम क्षेत्र का फायदा उठाकर वहां से भाग गया। स्थल की सावधानी पूर्वक तलाशी करने पर पुलिस पार्टी को कुख्यात अपराधी बुध सिंह उर्फ लल्ला का शव प्राप्त हुआ। कार्रवाई स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए:

1. फैक्ट्री निर्मित 12 बोर की एक एस बी बी बन्दूक, 15 जिन्दा कारतूस और 10 खाली शेल।
2. 12 बोर की 3 देशी एस बी बी बन्दूकें।
3. डेटोनेटर सहित हथगोला।
4. एके-47 राइफल के 04 खाली शेल, 315 बोर के 04 खाली शेल, .30 स्प्रिंग फील्ड राइफल के 22 खाली शेल और चार्जर के साथ .303 बोर के 05 खाली शेल

इस मुठभेड़ में श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.4.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.171-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1.	अशोक कुमार राघव, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
2.	राम बदन सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
3.	बृज मोहन पाल, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4.	धर्मेन्द्र सिंह यादव, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
5.	अवध नारायण चौधरी, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
6.	राजेन्द्र सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
7.	सर्वेश कुमार पाल कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15.11.2007 को फिदायीन आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ और सैन्ट्रो कार से उनके लखनऊ पहुँचने की योजना के संबंध में अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई। आतंकवादियों की योजना को विफल करने के उद्देश्य से, श्री राघव अपनी टीम के साथ दिनांक 16.11.2007 को तत्काल लखनऊ के लिए निकल पड़े। श्री राघव को कुछ और गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसपर उन्होंने उपलब्ध पुलिस बल की तुरंत चार अलग-अलग टीमें बनाईं और यथाशीघ्र लखनऊ-

सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने फ्लाईओवर पर पहुँच गए। उन्होंने पुलिस टीमों को रणनीतिपूर्वक टेड़ी-पुलिया क्रॉसिंग पर तैनात कर दिया और पुलिस टीमों के साथ संदिग्ध आतंकवादियों के सैन्ट्रो कार में आने की उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा करने लगे।

लगभग 0445 बजे संदिग्ध सैन्ट्रो कार सीतापुर की तरफ से फ्लाईओवर की ओर आती दिखाई दी। श्री राघव और श्री राम बदन सिंह उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीमों ने कार का पीछा किया। जब श्री राघव की टीम रणनीतिपूर्वक सैन्ट्रो कार के आगे पहुंच गई, तब इसका ड्राइवर अचानक पास की निर्माणाधीन सड़क की ओर मुड़ गया जहाँ कार ईंटों के एक ढेर से टकराकर रुक गई। कार से अचानक तीन आतंकवादी उतरे और ऊबड़-खाबड़ सड़क पर पोजीशन ले ली और पुलिस पार्टी पर लगातार गोलीबारी शुरू कर दी। श्री राघव के आदेश पर पुलिस पार्टी जल्दी से नीचे उतरी और पोजीशन ले ली। श्री राम बदन सिंह और उनकी पार्टी ने श्री राघव की पार्टी को कवर प्रदान जबकि अन्य दो पार्टियों ने क्षेत्र की घेराबंदी की ताकि संदिग्ध आतंकवादियों को संभावित रूप से बचकर निकलने से रोका जा सके।

श्री राघव ने संदिग्ध आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, किन्तु तीनों आतंकवादियों ने "जैश-ए-मोहम्मद जिन्दाबाद" का नारा लगाते हुए आक्रामक रूप से भारी गोलीबारी जारी रखी जिसमें पुलिस कार्मिक बच गए। एस टी एफ को मारने के निश्चित इरादे से अत्याधुनिक हथियारों से लैस फिदायीन आतंकवादियों की भीषण गोलीबारी के बीच श्री राघव और रामबदन सिंह सतर्कतापूर्वक अपनी-अपनी पोजीशन से हटे, अपनी टीम के सदस्यों का हौसला बढ़ाया, रेंगते हुए आगे बढ़े और आतंकवादियों को रोकने के लिए आत्मरक्षा में गोलियाँ चलाईं। अचानक श्री राघव ने एक आतंकवादी को अपनी पोजीशन हटते हुए और पुलिस पार्टी पर फेंकने के लिए एक ग्रेनेड निकालते हुए देखा। करो या मरो की स्थिति को भाँपते हुए, आतंकवादियों की भारी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना उन्होंने अपना धैर्य और सूझबूझ बनाए रखी। श्री राघव ने तत्काल कार्रवाई की और उप-निरीक्षक बृज मोहन पाल और कांस्टेबल सर्वेश पाल के साथ अपनी जान की सुरक्षा की परवाह न करते हुए, आतंकवादियों को जीवित गिरफ्तार करने के लिए आगे बढ़े और वीरतापूर्वक उस आतंकवादी पर छलांग लगा दी और उसपर हमला कर दिया और इस प्रकार उस आतंकवादी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया और उससे ग्रेनेड भी छीन लिया ।

अधीक्षक श्री राम बदन सिंह, जो रणनीतिपूर्वक अपर पुलिस अधीक्षक की पुलिस पार्टी को कवर प्रदान कर रहे थे, ने अन्य दोनों आतंकवादियों को भी ग्रेनेड निकालते हुए देखा। उन्होंने उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव, हेड कांस्टेबल अवध नारायण चौधरी और कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह के साथ अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना वीरतापूर्वक उन दोनों आतंकवादियों पर छलांग लगा दी और उनपर हमला करके उन्हें नियंत्रित कर लिया, जो अंधाधुंध गोलियाँ बरसा रहे थे।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं:

(क)	एके-47 राइफल	-02
(ख)	मैगजीन	-04
(ग)	कारतूस	-120
(घ)	पिस्तौलें (चीन निर्मित)	-03
(ड.)	कारतूस	-101
(च)	30 बोर के खाली शेल	-15
(छ)	आर डी एक्स	-04 किलोग्राम
(ज)	जिन्दा डेटोनेटर	-05
(झ)	जिन्दा हथगोले	-16

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अशोक कुमार राघव, अपर पुलिस अधीक्षक, राम बदन सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, बृज मोहन पाल, उप-निरीक्षक, धर्मेन्द्र सिंह यादव, उप-निरीक्षक, अवध नारायण चौधरी, हेड कांस्टेबल, राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल और सर्वेश कुमार पाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक का द्वितीय बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहें है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.11.2007 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.172-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, उत्तराखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. अजय सिंह,
   उप पुलिस अधीक्षक
2. भास्कर लाल साह,
   उप निरीक्षक
3. हरिमोहन
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 28 अक्तूबर, 2009 को लगभग 8.30 बजे अपराह्न श्री ऋषि त्रिपाठी नाम के एक व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित किया कि उसने नेहरू कॉलोनी, देहरादून में एल आई सी बिल्डिंग के पीछे के इलाके में गोली चलने की आवाज सुनी है।

यह सूचना प्राप्त होने पर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी तत्काल उस स्थल पर पहुंच गई और मकान में प्रवेश किया। कांस्टेबल सुधीर केसला निगरानी रखने के लिए बाहर खड़े रहे। घर के अंदर उन्होंने श्री पी डी भट्ट की पत्नी श्रीमती विमला भट्ट को जख्मी हालत में एक कुर्सी पर पड़े देखा, उनके हाथ बँधे थे और मुह कपड़े से ढका हुआ था। श्री पी डी भट्ट फर्श पर पड़े थे और उनका पूरा शरीर खून से सना था। एक आदमी अपने हाथ में देशी पिस्टल लिए हॉल में खड़ा हुआ था और अन्य दो व्यक्ति हॉल के पास वाले कमरे में वस्तुओं की छंटाई करने में व्यस्त थे। श्री अजय सिंह, स्टेशन ऑफिसर, नेहरू कॉलोनी, श्री भास्कर लाल साह और कांस्टेबल हरिमोहन के साथ अपनी जान जोखिम में डालते हुए आगे बढ़े और अपराधियों को चेतावनी दी। इस चेतावनी का अपराधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और उन्होंने हॉल में ही श्री अजय सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी पर गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया लेकिन भाग्यवश वे बाल-बाल बचे।

श्री अजय सिंह ने अनुकरणीय साहस दर्शाया और अपनी जान की परवाह किए बिना शीघ्रता से जवाबी कार्रवाई करते हुए उस अपराधी को पकड़ लिया जो अपने हाथ में हथियार लिए हुए था। उनके अनुकरणीय साहस और नेतृत्व ने उनकी टीम को हमला करने के लिए उत्साह से भर दिया। इसी बीच पास वाले कमरे से दोनों अपराधी हॉल में आ गए और उनमें से एक ने हमला करने वाली टीम पर गोली चलाने का असफल प्रयास किया। श्री अजय सिंह की कुशल कमान में स्टेशन ऑफिसर नेहरू कॉलोनी, श्री भास्कर लाल साह ने भी तेजी से जवाबी कार्रवाई की और दूसरे अपराधी से देशी पिस्टल छीन ली और उप निरीक्षक वाथीलाल उनियाल की सहायता से दूसरे अपराधी को भी पकड़ लिया। इसी बीच कांस्टेबल हरिमोहन ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस दिखाते हुए तीसरे अपराधी पर हमला कर दिया, किन्तु वह हमला करने वाले कांस्टेबल हरिमोहन के सिर पर देशी चाकू (खुकरी) से वार करते हुए भाग निकला। कांस्टेबल हरिमोहन गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तीसरा अपराधी भी बाद में उसी रात पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और लूटी गई सारी सम्पत्ति बरामद कर ली गई।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं :-

1.	देशी 315 बोर पिस्टल	-	02
2.	इस्तेमाल किए गए कारतूस	-	02
3.	315 बोर के जिन्दा कारतूस	-	02

4. देशी चाकू (खुकरी) – 01 और 3.25 लाख रुपये मूल्य के बरामद किए गए लूटे हुए आभूषण आदि।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अजय सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, भास्कर लाल साह, उप निरीक्षक और हरिमोहन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28.10.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.173-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. अहीबाम सोमोरजीत सिंह,
   राइफलमैन
2. नेमी चन्द,
   राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 02 फरवरी, 2009 को 2300 बजे यह विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि पीपुल्स रेवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रीपाक) के प्रतिबंधित भूमिगत गुट के काडर सेनापति जिले के कांगचुप माखोम आर एम 2593 गाँव के आम क्षेत्र में भारी मात्रा में हथियारों के साथ मौजूद हैं और सुरक्षा बलों पर घात लगाने/हमला करने की योजना बना रहे हैं।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दिनांक 03 फरवरी, 2009 को 0030 बजे पुलिस कमाण्डो के साथ तलाश करने और नष्ट करने का अभियान शुरू किया गया। पहाड़ी क्षेत्र में लम्बी यात्रा और चढ़ाई करने के बाद, संयुक्त टीम संदिग्ध गाँव के चारों ओर के रास्तों को बंद करने के लिए घात लगाकर बैठ गई क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पूरी घेराबंदी करना संभव नहीं था। सुबह जब गाँव की घेराबंदी पुन:व्यवस्थित की जा रही थी और सैन्य दल पश्चिम की ओर से गाँव के पास पहुंच रहा था, तब भूमिगत उग्रवादियों ने उनपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) अहीबाम सोमोरजीत सिंह और राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) नेमी चन्द ने नियंत्रण रखते हुए गोलीबारी शुरू नहीं की और उन्होंने रणनीतिपूर्वक अपनी पोजीशन ले ली ताकि उग्रवादी नजदीक आ जाएं। जैसे ही भूमिगत दस्ते के अग्रणी स्काउट को सुरक्षा बलों की उपस्थिति का अहसास हुआ, वैसे ही भूमिगत उग्रवादियों ने सैन्य दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दल ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई।

नीचे से भारी गोलीबारी जारी रहने के दौरान राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) अहीबाम सोमोरजीत सिंह और उनके सहयोगी राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) नेमी चन्द भाग रहे भूमिगत उग्रवादियों के बचकर भाग निकलने के रास्ते को बंद करने के लिए तुरंत आगे पढ़े। यह जानकर कि भूमिगत उग्रवादी बचकर भाग रहे हैं, दोनों राइफलमैनों ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना और अपने जीवन को गंभीर रखते में डालते हुए उनके नजदीक पहुंच गए और पी आर ई पी ए के (प्रीपाक) के एक काडर को बिलकुल नजदीक से मार गिराया। दूसरी ओर, पुलिस कमांडो जो दाहिनी तरफ थे, गोलीबारी करते रहे जिसके फलस्वरूप दूसरा उग्रवादी भी मारा गया।

उनके कब्जे से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद और अन्य विविध वस्तुएं बरामद की गईं:-

(i)	लिथोड ग्रेनेड लॉन्चर (एम-79)	-	एक
(ii)	लिथोड के जिन्दा कारतूस	-	16
(iii)	ए के 56 राइफल	-	एक
(iv)	ए के 47 राइफल की मैगजीन	-	एक
(v)	ए के 56 के जिन्दा कारतूस	-	छह
(vi)	ए के गोलाबारूद के फायर केस	-	31
(vii)	लिथोड बम का फायर केस	-	एक
(viii)	लिथोड बम पाउच	-	एक

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अहीबाम सोमोरजीत सिंह, राइफलमैन और नेमी चन्द, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 03.02.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.174-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री सोढी सिंह,
हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हियांगलम टेरा पिशाक आर एम-3958 के आम क्षेत्र में प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के भारी मात्रा में हथियारों से लैस 4-5 भूमिगत काडरों की गतिविधि के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर एक अधिकारी, एक कनिष्ठ कमीशन प्राप्त अधिकारी और वायखोंग कम्पनी ऑपरेटिंग बेस के 12 अन्य रैंकों के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने 30 नवम्बर, 2008 को 1205 बजे से एक अभियान शुरू किया।

संदिग्ध क्षेत्र में दो अलग-अलग दिशाओं से पहुंचने के लिए टीम को दो भागों में बाँटा गया। लगभग 1300 बजे जब टीम नाटे खोंग आर एम 3958 के निकट नहर से होकर संदिग्ध क्षेत्र में मकान की ओर बढ़ रही थी, तब हवलदार (सामान्य ड्यूटी) सोढी सिंह ने दलदली क्षेत्र की ओर खेतों से होकर संदिग्ध दिखने वाले 4 लोगों को एक साथ जाते हुए देखा। उन्होंने तत्काल टीम के प्रभारी कमांडर मेजर विजय सिंह बलहारा को सूचित किया और उन्होंने उन्हें उचित पोजीशन लेने और उन लोगों को चुनौती देने का अनुदेश दिया। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया और दलदली क्षेत्र की ओर भागने लगे। हवलदार सामान्य ड्यूटी सोढी सिंह, जो रणनीतिपूर्वक धान के खेत के बांध पर पोजीशन लिए हुए थे, ने टीम के साथ अचूक और सटीक जवाबी गोलीबारी की और स्थल पर ही दो कट्टर कांगलेई यावोल कन्ना लुप आतंकवादियों को मार गिराया। दो अन्य आतंकवादी घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर बच निकलने में कामयाब हो गए। मुठभेड़ स्थल की गहन तलाशी की गई और निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं:-

(i) एक 9 एम एम पिस्टल मैगजीन सहित
(ii) एक 9 एम एम कार्बाइन मैगजीन सहित
(iii) 9 एम एम हथियार के 4 जिन्दा कारतूस
(iv) 9 एम एम हथियार के 2 चले हुए कारतूस

इस मुठभेड़ में श्री सोढी सिंह, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.11.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.175-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. चन्द्र मोहन सिंह,
   नायब सूबेदार
2. मंगला राम,
   हवलदार

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

मेजर के. यू. करूम्बिआह्म, एस एम के नेतृत्व में घटक के दस्तों ने विशिष्ट आसूचना के आधार पर बोंग्ली सामान्य क्षेत्र में सुसंगठित घात लगाई। उस स्थान पर चौबीस घंटे तक घात लगाई गई। अगले दिन सूर्यास्त से पहले अधिकारी ने विधिवत सोच-विचार करके यह प्रदर्शित किया कि वे वहां से हट रहे हैं ताकि उग्रवादियो को धोखे में रखा जा सके। सूर्योदय से पहले उन्होंने पुन: अपनी पोजीशन ले ली। 0445 बजे घात लगाने वाले कार्मिकों ने रास्ते पर दो व्यक्तियों को चलते हुए देखा। मेजर के यू करूम्बिजह्म, एस एम ने यह देखा कि उन दोनों में से एक के पास हथियार है। उन्होंने उनके निर्दिष्ट प्रहार क्षेत्र तक पहुँचने का इन्तजार किया और अचानक घात से बाहर निकलकर उन पर हमला कर दिया जिससे उनमें से एक उग्रवादी घायल हो गया।

हवलदार मंगला राम ने स्वयं को खतरे में डालते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया और उन उग्रवादियों पर प्रभावी रूप से गोलीबारी की। उनकी अचूक गोलीबारी ने एक उग्रवादी को वहीं पर रुकने के लिए मजबूर कर दिया। उग्रवादी ने हवलदार पर भारी गोलीबारी की किन्तु हवलदार ने अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपनी पोजीशन बनाए रखी। अल्पकालिक तेज और निर्णायक लड़ाई में उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उग्रवादी को मार गिराया।

इस बीच दूसरे उग्रवादी ने अचूक और भारी गोलीबारी से भयभीत होकर वहां से बचकर भागने का प्रयास किया। नायब सूबेदार चन्द्र मोहन सिंह ने अत्यधिक निर्भीकता और उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए घनी झाड़ियों से होकर उसका पीछा किया। अचूक मोर्टार की गोलीबारी से उग्रवादियों के बचकर निकल भागने का रास्ता अवरुद्ध हो गया और उसने एक पेड़ के पीछे आड़ ले ली। प्रेरणादायक नेतृत्व और उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए नायब सूबेदार चन्द्र मोहन सिंह ने विभिन्न दिशाओं में गोलीबारी करते हुए उग्रवादी पर हमला कर दिया और उसे मार गिराया।

निम्नलिखित बरामदगियाँ की गई:

(क)	एके-47	-01
(ख)	एके-47 मैगजीन	-01
(ग)	एके-47 के जिन्दा कारतूस	-04
(घ)	एफ सी सी एके-47	-05
(ड.)	पिस्टल	-01
(च)	मैगजीन पिस्टल	-01
(छ)	चीन निर्मित ग्रेनेड	-04
(ज)	आई ई डी	-02

इस मुठभेड़ में सर्वश्री चन्द्र मोहन सिंह, नायब सूबेदार और मंगला राम, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.6.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.176-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री कमल देव (मरणोपरान्त)
हवलदार

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

नागा जेमे और डिमासास के बीच संभावित जातीय संघर्ष की रोकथाम करने और क्षेत्र पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के लिए दिनांक 12 मई, 2009 को बृहत स्तर पर गश्त शुरू की गई । लोंगरेन के आम क्षेत्र में पहले से ही कार्यरत दस्ते को कार्यमुक्त करने के लिए एक कनिष्ठ कमीशन प्राप्त अधिकारी और अन्य रैंकों के 15 कार्मिकों का एक दस्ता भेजा गया था।

लगभग 2220 बजे ब्लैक विडो गुट द्वारा दस्ते पर घात लगाकर हमला किया गया। उग्रवादियों की ओर से की गई भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप दस्ते को कार्रवाई रोकनी पड़ी। हवलदार/सामान्य ड्यूटी कमल देव, जो दस्ते 21 सी में थे, ने तुरंत अपने मन में स्थिति का आकलन किया और अपने कार्मिकों को भी घात लगाकर जवाबी हमला करने और उग्रवादियों की ओर से की जा रही गोलीबारी के विरुद्ध जवाबी गोलीबारी करने के लिए तुरंत आदेश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत रुप से हमले का नेतृत्व किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दुश्मन की गोलीबारी का डटकर मुकाबला किया। हवलदार/जीडी कमल देव, जो हमले का नेतृत्व कर रहे थे, के पाँव में एक गोली लगी किन्तु इससे वे विचलित नहीं हुए और आगे बढ़ते रहे एवं गोलीबारी करते रहे। इस प्रकार उन्हें और उनकी पार्टी को घात तोड़ने में सफलता मिली। ऐसा करने के दौरान उग्रवादियों की ओर से अचानक एक गोली उनके सिर में लगी और घायल हो जाने की वजह से बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

चूँकि अंधेरी रात थी, इसलिए अगले दिन सुबह तलाशी की गई और निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं। संभवतः हवलदार/जीडी कमल देव ने चार उग्रवादियों को मार गिराया था, जिनके हथियार उग्रवादी नहीं ले जा सके।

(क)	एके-56 राइफल	-01
(ख)	एके-47	-02
(ग)	राइफल एम-16	-1
(घ)	एके-47/56 की मैगजीनें	-03
(ड.)	मैगजीन एम-16	-01
(च)	गोलाबारुद एके-47/56	-48 राउण्ड
(छ)	गोलाबारूद एम-16	-12 राउण्ड

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री कमल देव, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.5.2009 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.177-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री वीरेन्द्र
उप महानिरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 17.11.2004 को करीब 1300 बजे शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम, श्रीनगर में एक जन सभा को संबोधित करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री के दौरे से पूर्व श्री वीरेन्द्र, आईपीएस, डीआईजी, सी आई-ओ पी एस-।।, श्रीनगर ने उत्तरदायित्वपूर्ण क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए एक व्यापक अधिपत्य योजना तैयार की और सैन्य बलों एवं उनके कमाण्डरों को सतर्क रहने के बारे में ब्रीफ किया। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए, श्री एम एस राठौर, कमाण्डेन्ट, 43 बटालियन, बी एस एफ को अपनी त्वरित कार्रवाई टीम को एकत्र करने का निदेश दिया गया।

बैठक के स्थल पर सब कुछ सामान्य था और सुरक्षा एजेंसिया उन्हें सौंपे गए कार्यों में व्यस्त थीं। अचानक, उस क्षेत्र के शांतिपूर्ण माहौल में उस समय खलबली मच गयी जब उग्रवादियों, जिन्होने पहले से ही सुलेमान काम्प्लेक्स के समीप जैन बैंकर्स के ऊपर स्थिति पहाड़ियों पर शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम पर नजर रखते हुए प्रतिरक्षात्मक पोजीशन ले रखी थी, ने करीब 0815 बजे पुलिस दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर श्री वीरेन्द्र, आई पी एस, अपने अंगरक्षकों के साथ उस क्षेत्र में पहुंच गए और एम एस राठौर, कमाण्डेन्ट द्वारा उन्हें स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। श्री वीरेन्द्र, डीआईजी द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन से पहले ही उग्रवादियों को मार गिराने के लिए तत्काल एक व्यापक आपरेशनल योजना तैयार की गई ताकि प्रधान मंत्री की निर्धारित रैली शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके।

सैन्य टुकड़ियों और वाहनों की आवाजाही को देखकर, उग्रवादियों ने भारी मात्रा में गोलीबारी करनी शुरू कर दी जिसके प्रत्युत्तर में अपनी पार्टी द्वारा भी प्रभावकारी जवाबी गोलीबारी की गई। अचानक शुरू हुई इस आमने-सामने की गोलीबारी के बीच में दो निर्दोष नागरिक फंस गए, हेड कांस्टेबल/आरओ हरदेश कुमार ने अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह न करते हुए और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए नागरिकों की ओर तेजी से दौड़े और उन्हें सुरक्षित निकाल लाए किन्तु इस वीरतापूर्ण कार्रवाई में वे उग्रवादियों की गोलियों के सामने आ गए और उनके दाहिने हाथ में गोली लगने से वे घायल हो गए।

श्री वीरेन्द्र, डीआईजी द्वारा तैयार की गई रणनीति के अनुसार, बी एस एफ सैन्य टुकड़ियों द्वारा दो ओर से उग्रवादियों को घेरने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, बी एस एफ सैन्य टुकडियों को दो दलों में विभक्त कर दिया गया। पहली पार्टी श्री एम एस राठौर, कमाण्डेन्ट 43 बटालियन, बी एस एफ की कमान में कब्रिस्तान की ओर से हमला पार्टी के रूप में आगे बढ़ी और श्री एस आर पाण्डा, डी सी की कमान में दूसरी पार्टी को चेस्ट डिसीज हास्पिटल की ओर से स्टाप पार्टी के रुप में रहने का कार्य सौंपा गया। जो पार्टी चेस्ट डिसीज हास्पिटल की ओर से स्टाप कार्य के लिए गई थी उसे डी आई जी, सी आई-ओपीएस-।। द्वारा रेडियो सेट के जरिए निर्देशित किया जा रहा था और कमाण्डेन्ट, 43वीं बटालियन, बीएसएफ के नेतृत्व में चल रही पार्टी, जो कब्रिस्तान की ओर से पहाड़ी पर चढ़ रही थी, को श्री वीरेन्द्र, आई पी एस, डी आई जी, सी आई ओ पीएस-।। द्वारा स्वयं साथ रहकर निर्देशित किया जा रहा था। चेस्ट डिसीज हास्पिटल की तरफ से तेज ढलान होने की वजह चढ़ाई मुश्किल थी। कब्रिस्तान की ओर से यद्यपि ढलान उतनी तीव्र नहीं थी किन्तु यह उग्रवादियो की सीधी और प्रभावी गोलीबारी के निशाने पर थी, किन्तु इस पार्टी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए,दौडते हुए, घुटनों के बल चलते हुए, कब्रिस्तान के पत्थरों की ओट लेकर अथवा झाड़ियों में छिपते हुए, आगे बढ़ना जारी रखा क्योंकि उनके मन में केवल एक ही मिशन था कि प्रधान मंत्री की जन सभा के लिए निर्धारित समय 1300 बजे से पहले इस कार्य को पूरा कर लिया जाए।

डी आई जी, बीएसएफ, सीआई ओपीएस-।। के गहन पर्यवेक्षण के अधीन कमाण्डेन्ट 43 बटालियन, बीएसएफ के नेतृत्व में यह पार्टी 1030 बजे तक उस लक्ष्य स्थान के 50-60 मीटर की दूरी के आस-पास अर्थात उस परित्यक्त मकान के निकट पहुंच गई जहां से उग्रवादी, आगे बढ़ रही सैन्य टुकड़ी पर प्रभावकारी गोलीबारी कर रहे थे, चूंकि उग्रवादी मकान की छत से गोलीबारी कर रहे थे, अत: कब्रिस्तान की ओर से सैन्य टुकड़ी का बढ़ना बिल्कुल बाधित हो गया था क्योंकि हमला पार्टी और लक्ष्य के बीच की दूरी बिलकुल एक सीध में पड़ रही थी। श्री वीरेन्द्र, आई पी एस, डी आई जी, सी आई, ओ पी एस-।। द्वारा अगली रणनीति बनाई गई और पुलिस पार्टी से लक्षित मकान पर अश्रु गैस छोड़ने और स्टन ग्रेनेड दागने तथा अपनी-अपनी बुलेट प्रूफ प्लेट शील्डों की ओट से कवरिंग फायर मुहैया कराने का अनुरोध किया गया। श्री

वीरेन्द्र, आई पी एस, डी आई जी, बी एस एफ, सी आई, ओ पी एस-।। की उत्साहवर्धक मौजूदगी में कवरिंग फायर के सहारे हमला पार्टी ने उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी, ग्रेनेड एवं एन्टी ग्रेनेड/ शेलों के फेंकने के बावजूद लक्ष्य स्थान की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। पार्टी कमाण्डर की पूर्ण-पेशवरता और दृढ़ निश्चय तथा श्री वीरेन्द्र, आईपीएस, डीआईजी, बीएसएफ द्वारा दिए जा रहे सतत मार्ग निर्देशन के अधीन चल रही इस बहादुर सैन्य टुकड़ी को उग्रवादियों की सीधी एवं प्रभावकारी गोलीबारी, फेंके जा रहे ग्रेनेड़ों/एन्टी ग्रेनेड़ों से जान को गम्भीर खतरा होते हुए भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकी। इस समन्वित प्रयास और गोलीबारी के फलस्वरूप यह हमला पार्टी और स्टाप पार्टी इस भीषण मुठभेड़ में उग्रवादियों को मार गिराने में सफल हुई जिसमें बीएसएफ के दो जवान गोली लगने से घायल हो गए।

उग्रवादियों को मार गिराने की यह कार्रवाई श्री वीरेन्द्र, आई पी एस, डीआईजी, बीएसएफ, सीआई, ओपीएस-।। द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्वक्षमता, बुद्धिमतापूर्ण योजना, पेशेवरता और उच्च कोटि की निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की वजह से सम्भव हो सकी। इस मुठभेड़ में, बीएसएफ कार्मिकों द्वारा एल ई टी गुट के दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया जिनकी पहचान अब. रहमान लकवी और अब. असम पठान के रूप मं हुई और उनसे 02 एके-47 राइफलें आर 07 मैगजीनें, एके-47 के 160 जिन्दा राउण्ड, हैण्ड ग्रेनेड, जन्पिंग ग्रेनेड और एन्टी टैंक राइफल शेल बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री वीरेन्द्र, उप महानिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.178-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व श्री

1. विनोद चन्द्र पन्त,
   निरीक्षक
2. अभिषेक सिंह
   कांस्टेबल
3. अरूण कुमार नायक
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 13.2.2008 को निरीक्षक/जीडी वी सी पंत को कमान में ई/132 के दो प्लाटून पुलिस स्टेशन, डुमरिया के अन्तर्गत बाकुलचन्दा में छापा और तलाशी अभियान हेतु तैनात किए गए थे। लगभग 1800 बजे एस पी, जमशेदपुर से यह जानकारी प्राप्त होने पर कि पुलिस स्टेशन डुमरिया के अंतर्गत भिथार आमदा गांव के लोगों द्वारा विकास और बोदो मेलगेन्दी नामक दो नक्सली मार दिए गए हैं, निरीक्षक वी सी पंत और सिविल पुलिस के डिप्टी एस पी आनन्द जोसेफ टिग्गा और निरीक्षक जगदीश प्रसाद की कमान में दो प्लाटून बेस कैम्प, बाकुलचन्दा से भिथाल आमदा की ओर 2100 बजे रवाना हुए। स्थिति का यथोपेक्षित मूल्यांकन करने के बाद, नक्सलियों को पकड़ने के लिए घात लगाने की योजना बनायी गई। निरीक्षक वी सी पंत के नेतृत्व में दो प्लाटूनों ने भिथार आमदा गांव क्षेत्र की पूरी रात सुरक्षा की। जब नक्सलियों की ओर से कोई हलचल नहीं हुई, तो उन्होंने आगे बढ़कर नक्सलियों का उनके बेस में ही मुकाबला करने का निर्णय लिया। इसलिए, दिनांक 14.2.2008 को करीब 0700 बजे सी आर पी एफ सैन्य दल और सिविल पुलिस पार्टी करून्नुम झरना के पहाड़ी और घने जंगलों वाले क्षेत्र के निकट युक्तिपूर्वक पहुंच गई, जो नक्सलियों के बचकर भाग जाने का संभावित मार्ग था और वहां घात लगाकर बैठ गई। लगभग 0800 बजे पांच नक्सली घेराव क्षेत्र में आ गए। सीआरपीएफ सैन्य टुकड़ी ने उन्हें जब आत्समर्पण करने के लिए कहा तो इसके प्रत्युत्तर में नक्सलियों ने सीआरपीएफ सैन्य टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। चूंकि सी आर पी एफ टुकड़ी बेहतर पोजीशन ले चुकी थी, इसलिए उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। निरीक्षक/जीडी वी सी पंत ने तुरन्त सी आर पी एफ टुकड़ी को जवाबी गोलीबारी करने और नजर आ रहे आतंकवादियों को मार गिराने का ओदश दिया। बन्दूकों से गोलीबारी की जंग एक घण्टे तक चलती रही। जब नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बन्द हो गई, तब निरीक्षक वी सी पंत के नेतृत्व में सी आर पी एफ सैन्य टुकड़ी सिविल पुलिस के साथ घटना स्थल की ओर बढ़ी और उन्होंने उस क्षेत्र की तलाशी की। तलाशी के दौरान, पांच नक्सलियों के शव (तीन पुरूष और दो महिलाएं) और भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद/उपकरण बरामद हुए। सभी नक्सली एम सी सी गुट से संबद्ध थे।

यह सी आर पी एफ और पुलिस स्टेशन डुमरिया, जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड) का एक संयुक्त अभियान था। इस अभियान में सिविल पुलिस घटक और 132वीं बटालियन के निरीक्षक/जीडी वी सी पन्त, कांस्टेबल/जीडी अभिषेक सिंह और कांस्टेबल/ जी डी अरूण कुमार नायक के नेतृत्व में सी आर पी एफ सैन्य टुकड़ी ने भाग लिया था। इस अभियान में सी आर पी एफ और सिविल पुलिस के बीच उत्कृष्ट समन्वय रहने और आसूचना जानकारियों और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों के आदान-प्रदान की वजह से सफलता संभव हुई।

इस अभियान में 132वीं बटालियन के निरीक्षक/जीडी वी सी पंत ने उत्कृष्ट नेतृत्वक्षमता का प्रदर्शन किया और सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व मोर्चे पर रहकर किया और इस सुनियोजित घात/कार्रवाई के दौरान टुकड़ी का धैर्यपूर्वक नेतृत्व किया जिसके फलस्वरूप नक्सलियों को मार गिराया गया और हथियारों और गोलाबारूद की बरामदगी हुई। इस अभियान में, जवाबी गोलीबारी के दौरान निरीक्षक/जीडी वी सी पंत ने अपनी एके-47 राइफल से 08 राउण्ड फायर किए। निरीक्षक/जीडी वी सी पंत के अतिरिक्त कांस्टेबल/जीडी अभिषेक सिंह और कांस्टेबल/जीडी अरूण कुमार नायक ने भी अदम्य वीरता और साहस का प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और जान की परवाह न करते हुए नक्सलियों पर प्रभावकारी गोलीबारी की। कांस्टेबल/जीडी अभिषेक सिंह ने अपनी एस एल आर से 17 राउण्ड फायर किए और उग्रवादियों पर ग्रेनेड दागे और कांस्टेबल/जीडी अरूण कुमार नायक ने अपनी इन्सास राइफल से 20 राउण्ड्स फायर किए। इसके फलस्वरूप सभी पांचों नक्सलियों को मार गिराया गया। इस प्रकार उन्होंने न केवल नक्सलियों के मनोबल को चकनाचूर किया अपितु बल का सम्मान भी बढ़ाया है।

मुठभेड स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई थी।

(क)	राइफल एके-47	-01	(तीन मैगजीन के साथ)
(ख)	राइफल 5.56 इन्सास	-01	(एक मैगजीन के साथ)
(ग)	9 एम एम पिस्टल	-02	(एक मैगजीन के साथ)
(घ)	.303 राइफल	-02	
(ड.)	.315 बोर	-01	
(च)	एस बी बी एल गन	-02	
(छ)	जिन्दा राउण्ड्स	-315 राउण्ड्स	
(ज)	कैमरा फ्लैश	-01	
(झ)	तार का बण्डल	-01 बण्डल और हीवर बोरियां	

इस मुठभेड़ में सर्वश्री विनोद चन्द्र पंत, निरीक्षक, अभिषेक सिंह, कांस्टेबल और अरूण कुमार नायक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.02.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.179-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री अशोक कुमार,
उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

डोडा जिले के धारोश क्षेत्र के दरमान जंगल में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में जिला पुलिस डोडा (जम्मू एवं कश्मीर) द्वारा एकत्रित विशिष्ट सूचना के आधार पर दिनांक 8.11.2008 को एस पी (ओपीएस) डोडा के नेतृत्व में डोडा जिले की पुलिस पार्टी और 76वीं बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा पुलिस स्टेशन, देस्सा, डोडा (जम्मू एवं कश्मीर) के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले धरोश क्षेत्र के दरमान जंगल में एक संयुक्त अभियान चलाया गया था। आतंकवादियों के छिपने के स्थान की घेराबन्दी की गई और छिपने के स्थल में चार आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि हो गई। तलाशी के दौरान, उस क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एसपी (ओपीएस) डोडा, श्री मोहन लाल ने छिपे हुए आतंकवादियों जो अत्याधुनिक और स्वचालित हथियारों से लैश थे, को ललकारा और उन्हें पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण करने के बजाय अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। जब यह मुठभेड़ चल रही थी, तभी 10 आर आर की सैन्य टुकडी भी इस अभियान में शामिल हो गई। एस आई/जीडी अशोक कुमार की कमान में 76वीं बटालियन, सी आर पी एफ का एक सेक्शन छिपावस्थल के दाहिनी ओर अन्दरुनी घेरे में था और सिविल पुलिस के शेष कार्मिकों को बाहरी घेरे में तैनात किया गया था। संयुक्त अभियान दल ने आत्म रक्षा में जवाबी गोलीबारी की और एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई।

यह मुठभेड़ दिनांक 8.11.2008 को सुबह से लेकर शाम तक रुक-रुककर चलती रही। करीब 1630 बजे दो आतंकवादी अचानक छिपने के स्थान से बाहर आ गए और घटना स्थल से भाग जाने के लिए छिपने के स्थान से बायीं ओर भागने लगे। पहले आतंकवादी ने 800 मीटर

की दूरी और दूसरे ने 200 मीटर की ही दूरी तय की थी और दोनों को सिविल पुलिस/10 आर आर पार्टी द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर मार गिराया गया। इसके बाद दो और आतंकवादी अपने छिपने के स्थान से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर निकले और भीतरी घेराबन्दी पोजीशन के दाहिनी ओर भागने की कोशिश करने लगे। 76वीं बटालियन के एस आई/जीडी अशोक कुमार जिन्होंने भीतरी घेराबन्दी में अपनी पोजीशन ले रखी थी, ने एक सच्चे सैनिक की भांति अपनी जान के भय की परवाह किए बगैर जवाबी गोलीबारी की। उक्त एसओ युक्तिपर्वक और घुटनों के बल चलते हुए आतंकवादियों की भीषण गोलीबारी के सामने डटे रहकर उनके छिपने के ठिकाने की ओर बढ़े और बेहतर स्थिति में पहुंचकर उग्रवादियों पर गोलियां चला दी जिससे चार उग्रवादियों में से दो उग्रवादी मारे गए। इस घटना में, 76वीं बटालियन के सी आर पी एफ के एसआई/जीडी अशोक कुमार ने महान कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का प्रदर्शन करते हुए इस अभियान को बहुत ही पेशेवरता के साथ अन्जाम दिया। उन्होंने अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की वीरता का परिचय दिया है। मारे गए आंतकवादियों की पहचान बाद में 1. मो. शफी कोड हसीम खान, उप संभागीय कमाण्डर (एचएम) 2. फिदा हुसैन, कोड जहांगीर 3. मुजफ्फर हुसैन, कोड दाउद 4. मुश्ताक अहमद, कोड जफर के रूप में हुई। उनसे स्वचालित हथियार एके-47-02, एके-56-01, चाइनीज पिस्टल-01, मैगजीन एके-06, मैगजीन पिस्टल-01 वायरलेस सेट-01 एन्टीना-02, क्षतिग्रस्त मोबाइल सेट-01, डायरी-01 और मैट्रिक्स-01 बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री अशोक कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8.11.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.180-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. हरीश चन्द्र,
   सहायक कमांडेंट
2. मनोज कुमार,
   कास्टेबल
3. राजेन्द्र सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.12.2008 को लगभग 2300 बजे पुलिस अधीक्षक (ओ पी एस) श्रीनगर द्वारा ओ सी एफ/117 श्री हरीश चन्द्र, सहायक कमांडेंट को पुलिस स्टेशन जैनापुरा, जिला- शोपियान (जम्मू एवं कश्मीर) के मलहोरा गाँव में एच एम के दो खूंखार उग्रवादियों के मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय आसूचना जानकारी दी गई। इस जानकारी के आधार पर विशेष अभियान चलाने के बारे में सैन्य टुकड़ी को उचित ब्रीफिंग के बाद पुलिस अधीक्षक (ओ पी एस) श्रीनगर की कमान के तहत एस ओ जी श्रीनगर की एक पार्टी के साथ सहायक कमांडेंट श्री हरीश चन्द्र की कमान के अंतर्गत 19 कार्मिकों से गठित एफ/117 की प्लाटून लगभग 0130 बजे संयुक्त रूप से आगे बढ़ी और मलहोरा गाँव पहुँच गई और संदिग्ध लक्षित मकानों की घेराबन्दी करनी शुरू कर दी। नागरिकों को हताहत होने से बचाने के उद्देश्य से आस-पास के मकानों के नागरिकों को वहां से हटा दिया गया। अंदरूनी घेराबन्दी एस ओ जी/ सी आर पी एफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई और 0200 बजे तक इसे पूरा कर लिया गया। बाहरी घेराबन्दी पहली आर आर और 55 आर आर के कार्मिकों द्वारा की गई जो एफ/117 और एस ओ जी श्रीनगर की पार्टी के मलहोरा गाँव पहुँचने के बाद इस अभियान में शामिल हुए थे।

अंदरुनी और बाहरी दोनों घेराबंदियाँ पूरी हो जाने पर संदिग्ध मकानों की तलाशी करने के लिए श्री हरीश चन्द्र सहायक कमांडेंट की कमान के तहत एफ/117 के पाँच कार्मिकों और पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) की कमान के तहत एस ओ जी श्रीनगर के पाँच कार्मिकों की एक तलाशी पार्टी गठित की गई। तलाशी सुबह होने पर शुरू की गई। पहले दो मकानों की तलाशी का कोई परिणाम नहीं निकला। जब तीसरे मकान की तलाशी की जा रही थी, तब दो उग्रवादी मकान के प्रसाधन के निकट कच्ची ईंटों की दीवार को तोड़कर बाहर निकले और तलाशी पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर श्री हरीश चन्द्र, सहायक कमांडेंट और तलाशी पार्टी के दो कांस्टेबल नामतः सीटी/जीडी राजेन्द्र सिंह और सीटी/जीडी मनोज कुमार, जो उग्रवादियों की गोलीबारी के सीधे निशाने पर थे, ने तत्काल पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। इस आरंभिक आपसी गोलीबारी में दोनों ही उग्रवादी कई जगह गोलियाँ लगने के कारण घायल हो गए। श्री हरीश चन्द्र, सहायक कमांडेंट ने अत्यधिक धैर्य एवं संतुलन के साथ ऐसी प्रतिकूल परिस्थिति में भी अपना पूर्ण नियंत्रण बनाए रखा और उनके नियंत्रणाधीन कार्मिकों ने नियंत्रित गोलीबारी की जिससे फलस्वरूप न्यूनतम संपार्श्विक क्षति हुई। दोनों उग्रवादियों ने बहुत समीप से सहायक कमांडेन्ट श्री हरीश चन्द्र के नेतृत्व वाली केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की तलाशी पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी। किन्तु चूँकि कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल मनोज कुमार के साथ सहायक कमांडेन्ट श्री हरीश चन्द्र इस प्रकार पोजीशन ले चुके थे कि वे उपलब्ध कवर का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते थे, इसलिए उग्रवादी उनकी प्रभावकारी गोलीबारी का निशाना बना रहे थे। दोनों ही घायल उग्रवादियों ने अपरिहार्य परिस्थिति को भाँपते हुए भारी गोलीबारी करते हुए और अंधाधुंध हथगोले फेंकते हुए मकान से बाहर की ओर भागे। जब उग्रवादी मकान से बाहर भाग रहे थे, तब साहयक कमांडेन्ट श्री हरीश चन्द्र, कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल मनोज कुमार ने उनका पीछा किया और अपनी जान की परवाह न करते हुए ये कार्मिक दोनों उग्रवादियों को बहुत करीब से मार गिराने में सफल हुए।

मारे गए उग्रवादियों की पहचान (1) रईस अहमद डार उर्फ रईस कचरु (एच एम का प्रभागीय कमांडर) पुत्र गुलाम अशन डार निवासी पंचगांव, जो कि आई ई डी विशेषज्ञ था और हाल ही में पुलिस हिरासत से भाग निकला था और जो विगत में 40 से अधिक पुलिस/एस एफ/ सेना के कार्मिकों की हत्या में शामिल था और (2) राशिद गनाई उर्फ इशफ़ाक (एच एम का जिला कमांडर) पुत्र अब्दुल्ला गनाई निवासी वादी के रूप में हुई। इस अति-सावधानीपूर्वक नियोजित अभियान के परिणामस्वरूप एच एम का प्रभागीय कमांडर रईस कचरु मारा गया।

यह अभियान पेशेवर तरीके से चलाया गया और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों में चलाया गया। इस अभियान में सफलता श्री हरीश चन्द्र सहायक कमांडेन्ट, कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल मनोज कुमार की अनुकरणीय बहादुरी, साहस एवं दृढ़ता और उनके द्वारा प्रदर्शित असाधारण सूझबूझ की वहज से संभव हुई, जिन्होंने अपनी अपेक्षित ड्यूटी से कहीं अधिक

जोखिम उठाया और एच एम के दो खूंखार उग्रवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं:-

1.	एके- 47 राइफल	-01
2.	एके-56 राइफल	-01
3.	एके-56 राइफल	-03 (सभी नष्ट)
4.	एके राउण्ड (जिन्दा)	-10
5.	पाउच	-02 (नष्ट)
6.	मोबाइल	-01(इस्तेमाल योग्य नहीं)
7.	अंग्रेजी में लिखित कागज	-01

इस मुठभेड़ में सर्वश्री हरीश चन्द्र, सहायक कमांडेन्ट, मनोज कुमार, कांस्टेबल और राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.12.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.181-प्रेज/2010, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

<u>सर्व /श्री</u>

1. पशुपति नाथ तिवारी
   सहायक कमाण्डेन्ट
2. विजय पाल सिंह
   निरीक्षक
3. ब्रजेश कुमार
   कांस्टेबल
4. राम नयन
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.3.2008 को सायं श्री साकेत कुमार, एस.पी.गढ़वा को गढ़वा-भंडारिया ऐक्सिस के पश्चिमी क्षेत्र में सी पी आई (माओवादी) की उप मण्डलीय टीम की गतिविधि के बारे में विशिष्ट आसूचना प्राप्त हुई। इस जानकारी की तत्काल पुष्टि करायी गई और इसकी जानकारी श्री बी.के.शर्मा, कमाण्डेन्ट 13 बटालियन, सीआरपीएफ को भी दी गयी। तदनुसार, उस क्षेत्र से नक्सली कैडरों का सफाया करने के लिए "थण्डर बोल्ट" नामक एक संयुक्त अभियान की योजना बनायी गई। यथापेक्षित विचार-विमर्श और व्यापक योजना बनाने के पश्चात, दिनांक 31.8.2008 की रात में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान की योजना के अनुसार, श्री पी.एन. तिवारी, एसी की कमान में डी/132 के दो प्लाटून और श्री सतेन्द्र कुमार, एसडीपीओ गढ़वा के नेतृत्व में जिला पुलिस करीब 2145 बजे दो माइन संरक्षित वाहनों में अभियान क्षेत्र के लिए रवाना हुए। यह पार्टी करीब 2330 बजे मखाटू गांव पहुंच गई जो गढ़वा जिले से 55 किमी. दूर है। ग्राम मखाटू के जंगली क्षेत्र में सामरिक रूप से उपयुक्त भूभाग का चयन करने के पश्चात नाकाबन्दी कर दी गई। लगभग 0045 बजे, जब यह पार्टी किसी गुजरने वाले वाहन की निगरानी कर रही थी तभी एक ट्रैक्टर उनकी ओर आता हुआ दिखायी दिया। ज्यों ही ट्रैक्टर ट्राली के साथ सीआरपीएफ नाका पार्टी के पास आया, उसे सी आर पी एफ सैन्य टुकड़ी द्वारा ललकारा गया और रुकने के लिए कहा गया। ललकारे जाने पर, जो उग्रवादी ट्रैक्टर में जा रहे थे, उन्होंने सीआरपीएफ टुकड़ी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। कुछेक उग्रवादी ट्रैक्टर से कूद गए और सीआरपीएफ सैन्य टुकड़ी की पोजीशन के सामने पेड़ो के पीछे अपनी पोजीशन ले ली। श्री पी.एन. तिवारी, ए.सी. जो भारी गोलीबारी, घने अंधकार और प्रतिकूल भू-भाग की परवाह न करते हुए मोर्चे पर सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की और साथ ही साथ सैन्य टुकड़ी को जवाबी हमला करने का आदेश दिया। श्री पी.एन. तिवारी, सहायक कमाण्डेन्ट की बहादुरी और नेतृत्व क्षमता ने सैन्य टुकड़ी का मनोबल बढ़ाया और सैन्य टुकड़ी ने गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों पर जवाबी हमला बोल दिया। इसी बीच, इन्सपेक्टर/जीडी विजय पाल सिंह, जो पीछे वाले सेक्सन का नेतृत्व कर रहे थे, ने उग्रवादियों को घेरने के लिए चक्कर लगाते हुए आगे बढ़े। पिछले वाले सेक्सन के इन्सपेक्टर/जीडी विजयपाल सिंह, कांस्टेबल/ जीडी बृजेश कुमार और कांस्टेबल/जीडी रामनयन ने बुद्धिमानी से जमीनी अवसंरचनाओं और भूभाग का फायदा उठाते हुए धैर्य और युक्तिपूर्ण बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया और अपने-अपने हथियारों और 51 एम एम मार्टर से अचानक धुंवाधार गोलीबारी शुरु कर दी। इसी बीच, श्री सतेन्द्र सिंह, एसडीपीओ, एसआई, मनीष चन्द लाल और एस आई अमरनाथ ने भी अपनी पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। यह बन्दूकी लड़ाई ढाई घण्टे तक चलती रही। सीआरपीएफ सैन्य दल ने धैर्य और दृढ़ निश्चय के साथ युक्तिपूर्ण तरीके से उग्रवादियों का पीछा किया, जबकि उनके लिए उग्रवादियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों की वजह से परिस्थितियां प्रतिकूल थी और उन्होंने अपने जीवन को गम्भीर खतरे में डालते हुए अपनी गोलीबारी से नक्सलियों के समूह को मार गिराया। हमारे साहसी जवानों की वीरतापूर्ण कार्रवाई की वजह से माओवादियों को अपने साथियों के शवों और भारी मात्रा में हथियारों एवं गोला-बारूद को छोड़कर हड़बड़ी में भागना

पड़ा। दिनांक 1.4.2008 को उजाला होने पर की गई तलाशी के दौरान हमारी सैन्य टुकड़ी ने नक्सलियों के आठ शव और हथियारों एवं गोला बारूद का भारी जखीरा बरामद किया। उत्कृष्ट अभियान योजना और उच्च कोटि की सराहनीय अभियान बुद्धिमता, साहस एवं दृढ़ निश्चय के फलस्वरूप हमारी पार्टी किसी भी प्रकार के नुकसान के बिना 08 खूंखार नक्सलियों जिनमें एक महिला भी थी, को मार गिराने में सफल हुई और उसने घटना स्थल से भारी मात्रा में निम्नलिखित अत्याधुनिक हथियार/गोला-बारूद बरामद किया।

(क)	एस एल आर	-01
(ख)	कारबाइन	-01
(ग)	.303 पुलिस राइफल	04
(घ)	.315 बोर राइफल	-04
(ड.)	डीबीबीएल गन	-01
(च)	देशी कट्टा	-01
(छ)	9 एम एम जिन्दा राउण्ड्स	-31
(ज)	315 जिन्दा राउण्ड्स	-107
(झ)	.303 जिन्दा राउण्ड्स	-121
(ञ)	विस्फोटक (जिलेटिन स्टिक्स)	-200 किग्रा
(ट)	9 एम एम राउण्ड्स के खाली खोखे	-01
(ठ)	315 बोर राउण्ड्स के खाली खोखे	-07
(ड)	.303 बोर राउण्ड्स के खाली खोखे	-06
(ढ)	7.62 एम एम राउण्ड्स के खाली खोखे	-03
(ण)	.303 चार्जर क्लिप	-23

(त) ट्राली सहित क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर, नक्सली वर्दी, पिट्ठू्स, नक्सली दस्तावेज, और दैनिक उपयोग की वस्तुएं।

झारखण्ड राज्य के इतिहास में यह प्रमुख अभियान सफलताओं में से एक है। कार्मिकों द्वारा अपनी जान की परवाह-किए बगैर प्रदर्शित की गई सतर्कता, अभियान संबंधी बुद्धिमता, साहसी और वीरतापूर्ण कार्रवाई एक ऐसा उत्कृष्ट कार्य है जिसमें नक्सलियों की जान को भारी नुकसान हुआ। नक्सलियों के मनोबल को बुरी तरह से चकनाचूर कर दिया गया है जिसकी वजह से पूरा सी पी आई (माओवादी) संगठन लडखड़ा गया है। श्री पी एन तिवारी, सहायक कमाण्डेन्ट, निरीक्षक/जीडी विजय पाल, कांस्टेबल/जीडी बृजेश कुमार और कांस्टेबल/जीडी रामनयन द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय साहस, और समय पर की गई कार्रवाई से यह बल गौरवान्वित हुआ है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पशुपतिनाथ तिवारी, सहायक कमाण्डेन्ट, विजयपाल सिंह, निरीक्षक, ब्रजेश कुमार, कांस्टेबल और रामनयन कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1.4.2008 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

इस्पात मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्तूबर 2010

संकल्प

विषय: इस्पात उपभोक्ता परिषद के गठन के संबंध में।

सं. 5(3)/2009-डी-I (.) इस्पात मंत्रालय के दिनांक 25.2.2010, 15.4.2010, 17.5.2010, 26.5.2010, 17.06.2010, 17.08.2010 एवं 11.10.2010 के समसंख्यक संकल्पों के क्रम में निम्नलिखित व्यक्तियों को इस मंत्रालय के 25.2.2010 के संकल्प के पैरा-4(1) के अंतर्गत उन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए जिनके अंतर्गत उनके नामों का उल्लेख किया गया है, इस्पात मंत्रालय की इस्पात उपभोक्ता परिषद में सदस्यों के रूप में एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से नामित किया जाता है:-

आंध्र प्रदेश	
श्री वर्साला सत्यनारायण, चल्लापल्ली (पोस्ट आफिस), उप्पालागुप्तम, (मंडल), अमलापुरम (तालुका), पश्चिम गोदावरी जिला (आंध्र प्रदेश)	श्री नगामल्ला सुरेश, पोस्ट आफिस के समीप, गांधीनगर, हसनपार्थी-506371 (वारंगल जिला), आंध्र प्रदेश
हिमाचल प्रदेश	
श्री मुकेश जसवाल, गाँव एवं पोस्ट आफिस-इस्पुर, तहसील-ऊना, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश)	श्री संदीप अग्निहोत्री, गाँव एवं पोस्ट आफिस-पलक वाह, तहसील-हरोली, जिला-ऊना, (हिमाचल प्रदेश)
झारखंड	
श्री मन्नन मलिक, 13, एमआईजी हाउसिंग कालोनी, धनबाद - 826001, झारखंड	
कर्नाटक	
श्री एम. श्रीनिवास, संख्या-1154 पहला क्रॉस, पहला मेन, एचएएल तीसरा चरण, शिशु गृह स्कूल के पास, न्यू थिपासंद्रा बंगलौर - 560075 (कर्नाटक)	श्री के.के. श्रीनिवास गुप्था, 4/1, ओशगंनियास रोड़, लैंगफोर्ड टाउन, बंगलौर - 560025 (कर्नाटक)
मध्य प्रदेश	
श्री माओहर बोथरा, एचआईजी 2, कामयानी परिसर, चित्रांश कालेज के पीछे, ई - 7, अरेरा कालोनी, भोपाल-462016 (मध्य प्रदेश)	

उड़ीसा	
श्री मनोज कुमार दास, एफ-2, अमृता रेजिडेंसी, जयदेव विहार, भुवनेश्वर - 751023 (उड़ीसा)	
उत्तर प्रदेश	
श्री मदन सिंह, गाँव-धोबा, तहसील-दुमारिया, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश,	श्री नरबैदेश्वर मणी त्रिपाठी, हनुमान मंदिर के पास, देवारिया, (उत्तर प्रदेश)
श्री वसंत चौधरी, श्री कृष्णा चैरिटेबल ट्रस्ट, गाँव-दोरिका रोड, बड़े बन बस्ती, जिला-बस्ती (उत्तर प्रदेश)	

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प की एक प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसद सचिवालय, योजना आयोग और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और इस्पात उपभोक्ता परिषद के सभी सदस्यों सहित सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को संप्रेषित की जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि आम जानकारी हेतु इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

उदय प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली-110115, दिनांक 9 नवम्बर 2010

विषय :-- श्रीपेरम्बदूर (तमिलनाडु) में युवा विकास के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय संस्थान को राजीव गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय युवा एवं खेल संस्था में परिवर्तित करने संबंधी प्रस्ताव

सं. एफ.-12-17/2010-यू.-3(ए)--श्रीपेरम्बदूर स्थित युवा विकास के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय संस्थान, सम विश्वविद्यालय संस्थान, को राजीव गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय युवा एवं खेल संस्था में परिवर्तित के लिए युवा कार्य उवं खेल मंत्रालय से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव की जांच करने और समुचित सिफारिशें करने के लिए सरकार एतद्द्वारा एक समिति गठित करती है जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे ;--

i)	प्रो. वेद प्रकाश, उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	अध्यक्ष
ii)	प्रो. डी. टी. खाथिंग, कुलपति, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, झारखण्ड	सदस्य
iii)	श्री एल. एस. राणावत, निदेशक, नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला	सदस्य पदेन
iv)	संयुक्त सचिव, युवा कार्य विभाग, युवा कार्य और खेल मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य पदेन

v)	संयुक्त सचिव, खेल विभाग, युवा कार्य और खेल मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य पदेन
vi)	डा. बोरिया मजुमदार, सहायक प्रोफेसर, साऊथ आस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय	सदस्य
vii)	डा. जसपाल एस. संधू, डीन, खेल चिकित्सा संकाय, गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर	सदस्य
viii)	सुश्री अश्विनी नाचप्पा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता	सदस्य

2. समिति के विचारार्थ विषय नीचे दिए गए अनुसार होंगे:-

(i) वर्तमान संस्था, सम विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय युवा एवं खेल संस्थान के रूप में परिवर्तित करने की व्यवहार्यता की जांच करना।

(ii) युवा विकास और खेलों के क्षेत्रों में अभ्यास एवं अनुसंधान दोनों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए खेल कूद के कार्यकलापों को शामिल करने के लिए, जो युवा विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू होता है, संस्थान के अधिदेश का विस्तार करने के औचित्य के संबंध में सिफारिश करना।

(iii) संस्थान को केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय युवा एवं खेल संस्थान में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में सिफारिश करना।

(iv) शासी ढांचे की संरचना का सुझाव देना, विशेष रूप से यह बताना कि क्या ढांचा वही बने रहना चाहिए जो सामान्यत: केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए होता है अथवा कोई नए संशोधन किए जाने की आवश्यकता है।

(v) इस प्रकार के विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय युवा एवं खेल संस्थान के उद्देश्यों और अधिकारों का सुझाव देना।

3. समिति अपनी प्रक्रियाविधि स्वयं निर्धारित कर सकती है तथा यह अपनी रिपोर्ट इसकी अधिसूचना जारी होने की तारीख से दो माह के अंदर सरकार को प्रस्तुत करेगी।

4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समिति को समस्त सचिवालय सेवा और संभारतंत्रीय सहायता प्रदान करेगा। व्यक्तिगत स्तर को ध्यान में रखते हुए, स्वदेश दौरों के संबंध में समिति के सदस्यों की यात्रा और आवास पर होने वाला व्यय, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अपने बजट से वहन किया जाएगा।

5. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

सुनिल कुमार
अपर सचिव

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(सूचना प्रौद्योगिकी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 नवम्बर 2010

मुख चित्र, अंगुलीछाप चित्र और सूक्ष्म चित्र के लिए मानदण्ड

सं. 2(32)/2009-ईजी-II **जबकि**, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय ई-शासन योजना (इनईजीपी) चला रहा है, जिसमें सही शासन और संस्थागत तंत्र की स्थापना करने, केन्द्र और राज्य सरकार में कई मिशन मोड परियोजनाएँ कार्यान्वित करने की बात की गई है

और जबकि, ई-शासन के मानदण्डों को प्राथमिकता प्राप्त कार्यकलाप माना गया है, जिससे सूचना के आदान-प्रदान और ई-शासन अनुप्रयोगों में डेटा के अविच्छिन्न अन्तर-प्रचालन में तथा ई-शासन के लिए मानदण्ड बनाने/अपनाने के लिए एनईजीपी के अंतर्गत संस्थागत तंत्र की स्थापना करने का भी सुनिश्चय करने में सहायता मिलेगी

और जबकि, किसी व्यक्ति के जैव सांख्यिकी डेटा जैसेकि मुख चित्र, अंगुलीछाप चित्र और सूक्ष्म चित्र पर आधारित उसकी पहचान और प्राधिकरण के लिए मानदण्ड बनाने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गई है ।

और जबकि, मानदण्ड संबंधी सक्षम प्राधिकारी ने आईएसओ 19794 भाग 5 (मुख चित्र), भाग 4 (अंगुलीछाप चित्र) तथा भाग 2 (सूक्ष्म चित्र) मानदण्डों पर आधारित मुख चित्र, अंगुलीछाप चित्र और सूक्ष्म चित्र के जैव सांख्यिकी मानदण्डों को अनुमोदित कर दिया है ।

अब, यह विभाग एतद्द्वारा अधिसूचना की तारीख से ई-शासन अनुप्रयोगों के लिए मुख चित्र, अंगुलीछाप चित्र और सूक्ष्म चित्र के मानदण्डों को अधिसूचित करता है । इन मानदण्डों को http://egovstandards.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

एस. एस. रावत
संयुक्त निदेशक

मुक्त मानदण्डों पर नीति

सं. 2(32)/2009-ईजी-II **जबकि**, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय ई-शासन योजना (इनईजीपी) चला रहा है, जिसमें सही शासन और संस्थागत तंत्र की स्थापना करने, केन्द्र और राज्य सरकार में कई मिशन मोड परियोजनाएँ कार्यान्वित करने की बात की गई है

और जबकि, ई-शासन के मानदण्डों को प्राथमिकता प्राप्त कार्यकलाप माना गया है, जिससे सूचना के आदान-प्रदान और ई-शासन अनुप्रयोगों में डेटा के अविच्छिन्न अन्तर-प्रचालन में तथा ई-शासन के लिए मानदण्ड बनाने/अपनाने के लिए एनईजीपी के अंतर्गत संस्थागत तंत्र की स्थापना करने का भी सुनिश्चय करने में सहायता मिलेगी

और जबकि, एनईजीपी के अंतर्गत भारत सरकार किसी भी प्रकार के प्रौद्योगिकीय अवरोधों को दूर करने के लिए मुक्त मानदण्डों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है

और जबकि, मुक्त मानदण्डों पर यथोचित रूप से निर्धारित एक नीति भारत में ई-शासन के तीव्र, प्रभावशाली एवं सक्षम विकास के लिए मानदण्ड अपनाने/तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

और जबकि, मानदण्डों पर सक्षम प्राधिकारी ने मुक्त मानदण्डों संबंधी नीति को अनुमोदित कर दिया है

अब, यह विभाग एतद्द्वारा अधिसूचना की तारीख से ई-शासन के लिए एक डोमन के अंतर्गत विशिष्ट प्रयोजन के लिए एक ही और रायल्टी मुक्त (आरएफ) मुक्त मानदण्ड के चयन के लिए http://egovstandards.gov.in पर प्रकाशित **मुक्त मानदण्डों संबंधी नीति** को अधिसूचित करता है ।

एस. एस. रावत
संयुक्त निदेशक

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रलय

नई दिल्ली-110003, दिनांक 26 अक्तूबर 2010

संकल्प

सं. 11015(2)/2008- हिन्दी, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के समय-समय पर यथासंशोधित संकल्प सं. 11015(2)/2004-हिंदी, दिनांक 12 अप्रैल, 2005 का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के लिए हिन्दी सलाहकार समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन करने का निश्चय किया है:-

1. गठन

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री	अध्यक्ष

गैर-सरकारी सदस्य

संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित संसद सदस्य

1.	श्री दत्ता मेघे, संसद सदस्य (लोकसभा)	सदस्य
2.	डा. राम चन्द्र डोम, संसद सदस्य (लोकसभा)	सदस्य
3.	श्री प्रवीण चन्द्र राष्ट्रपाल, संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य
4.	श्री बृज भूषण तिवारी, संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य

केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद के प्रतिनिधि

5.	श्री पंकज दीवान, 3/10, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली - 110008	सदस्य

अखिल भारतीय हिंदी संस्था संघ के प्रतिनिधि

6.	श्रीमती बी.एस.शांताबाई, सचिव, कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति, 178, फोर्थ मेन रोड, चामराज पेट, बंगलौर- 560018 (कर्नाटक)	सदस्य

संबंधित मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य

7.	श्री पी.एल. कोठारी, पत्रकार, 353, गली नं. 1, वीरचंद्र सिंह गढवाली मार्ग, धर्मपुर, देहरादून (उत्तराखंड)	सदस्य
8.	डा. योगेश दुबे, कविता, कार्टर रोड नं. 9, बोरीवली (पूर्व) मुंबई– 400066	सदस्य
9.	श्री कृष्ण कुमार ग्रोवर, पूर्व सचिव, संसदीय राजभाषा समिति, एफ/बी–16, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली– 110027.	सदस्य
10.	प्रो. सतीश रैना, भूतपूर्व सलाहकार, जम्मू एवं कश्मीर सरकार, डी–53, फ्रीडम फाइटर एनक्लेव, नेब सराय, नई दिल्ली– 110068.	सदस्य

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य

11.	श्री संजय गहलोत, 1837/50, नाईवालान, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005	सदस्य
12.	श्री शिव कुमार दीक्षित, 4 ए भगवती विहार, बिंदापुर मटियाला रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली– 110059.	सदस्य
13.	श्री बृज लाल रखेजा, बी– 104, बी.के.दत्त कालोनी (करबला) एयरपोर्ट सफदरजंग के सामने, नजदीक जोरबाग, लोदी रोड, नई दिल्ली– 110003.	सदस्य

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित संसद सदस्य

14.	श्री गजानन डी. बाबर, संसद सदस्य (लोकसभा)	सदस्य
15.	श्री प्रभात झा, संसद सदस्य (राज्यसभा)	सदस्य

सरकारी सदस्य

1.	सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	सदस्य
2.	सचिव, राजभाषा विभाग	सदस्य
3.	संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	सदस्य-सचिव
4.	संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग	सदस्य
5.	सलाहकार, सौर ऊर्जा केन्द्र	सदस्य
6.	प्रबंध निदेशक, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था सीमित (इरेडा)	सदस्य
7.	कार्यकारी निदेशक, पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकी केन्द्र (सी-वैट)	सदस्य
8.	निदेशक, सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा संस्थान (एसएसएसएनआईआरई)	सदस्य

2. समिति का कार्य

यह समिति सरकारी प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग और संबद्ध मामलों पर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को सलाह देगी।

3. समिति का कार्यकाल

समिति का कार्यकाल उसके पुनर्गठन की तारीख से तीन वर्ष होगा, परन्तु

1. समिति में नामजद संसद सदस्य उनकी संसद की सदस्यता समाप्त होते ही इस समिति के सदस्य भी नहीं रहेंगे।
2. समिति के पदेन सदस्य उस समय तक ही समिति के सदस्य रहेंगे जब तक कि वे उस पद पर रहें जिसके कारण वे समिति के सदस्य बने हैं।
3. यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र, मृत्यु इत्यादि से कोई रिक्ति होती है, तो इस रिक्ति में नियुक्त किया गया सदस्य तीन वर्ष के कार्यकाल की शेष अवधि तक सदस्य रहेगा।

4. सामान्य :

समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा लेकिन आवश्यकतानुसार समिति अपनी बैठकें किसी अन्य नगर में भी कर सकती है।

5. यात्रा तथा अन्य भत्ते:

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. II/20034/04/2005 रा.भा. (नीति-2) दिनांक 03 फरवरी, 2006 द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि चूंकि केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा गठित हिंदी सलाहकार समितियों में नामित 15 गैर-सरकारी सदस्यों में 06 संसद सदस्य होते हैं, अतः यात्रा/दैनिक भत्ता प्रावधान को अधिक स्पष्ट करते हुए निम्न प्रावधान किया जाता है :-

(क) समिति में नामित सांसदों को "संसद सदस्य (वेतन, भत्ता एवं पेंशन) अधिनियम, 1954" के प्रावधानों एवं समय-समय पर जारी किए गए संशोधनों तथा उनके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

(ख) समिति के अन्य गैर–सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11/22034/04/86–रा.भा. (क–2) में निहित दिशा–निर्देशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय–समय पर संशोधित निर्धारित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता देय होगा।

6. आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक–एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, राष्ट्रपति सचिवालय, उपराष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोकसभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, निर्वाचन आयोग, संघ लोक सेवा आयोग और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

गौरी सिंह
संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 15th August 2010

No. 121-Pres/2010—The President is pleased to approve the award of the "Ashoka Chakra" to the undermentioned person for the acts of most conspicuous gallantry:—

(MR-08609), Major Laishram Jyotin Singh, Army Medical Corps/Embassy of India, Kabul (Posthumous)

(Effective date of the award: 26th February 2010)

Major Laishram Jyotin Singh was deployed to Kabul as part of Indian Medical Mission Team. At 0630 hours on 26 February, 2010, a guarded residential compound housing six Army Medical Officers, four paramedics and two other Army Officers were attacked by heavily armed terrorist suicide bombers. A heavily armed terrorist suicide bomber, after detonating a Suicidal Vehicle Borne Improvised Explosive Device resulting in the death of three security guards, entered the compond to kill the survivors. The terrorist proceeded to fire bursts of Kalashnikov rounds into the individual rooms and threw hand grenades. In the melee, five unarmed officers took shelter in one of the rooms which was subjected to grenade attack and the fire on its roof spread consequently to the bathroom where the five officers were sheltered. On hearing shouts of the five officers, Maj Laishram Jyotin Singh crawled out from under the debris of his room. Maj Laishram Jyotin Singh charged with bare hands at the armed terrorist and pinned him down to ensure that the terrorist could no longer lob more grenades or direct fire at the officers cornered in a burning room. He continued to grapple with armed terrorist and did not let him go till the terrorist panicked and detonated his suicide vest, resulting in the instantaneous death of the terrorist and martyrdom of Maj Laishram Jyotin singh. Maj Laishram Jyotin Singh gave up his life for the sake of his colleagues.

Major Laishram Jyotin Singh, thus, displayed exemplary courage, grit, selflessness and valour in the face of a terrorist suicide bomber attack and made the supreme sacrifice.

BARUN MITRA
Jt. Secy.

No. 122-Pres/2010—The President is pleased to approve the award of the "Kirti Chakra" to the under mentioned persons for the acts of conspicuous gallantry:—

1. Shri Vinod Kumar Choubey, Superintendent of Police Rajnandgaon, Chhattisgarh (Posthumous)

(Effective date of the Award: 12th July, 2009)

On July 12, 2009 at 7.00 AM, Shri Vinod Kumar Choubey, Supdt. of Police Rajnandgaon received a message that naxalites have attacked Madanwara outpost of Police Station Manpur, district Rajnandgaon and killed two Policemen. Sensing the serious consequences of the incident, Shri Choubey and the IGP rushed to the spot from their respective Headquarters. En-route, Shri Choubey's carcade was ambushed by the naxalites. However, he kept moving and instructed the ASI at PS Manpur to come in a Mine Proof Vehicle (MPV) with Additional Force. The naxalites had laid fresh road blocks on the road. Shri Choubey cleared the blocks and bravely reached the site where a fierce fighting was going on. The MPV of Police was attacked with bullets and bombs. Timely intervention by IGP's party and SP's party saved the trapped Policemen in a fierce battle. A transport bus of civilians which had entered amidst the ambush was also rescued to safety.

2. About 300 naxalites came from the forest firing fiercely. Many climbed up the trees and threw grenades incessantly at the police party. However, the Police party led by Shri Choubey retained their nerves and despite the naxalites' numerical and topographical advantage courageously took on the attack and retaliated formidably while making concerted efforts to save the life of their men in grave situation with the reinforcement not in sight. This bold and unexpected counter attack caused a flutter of panic amongst the naxalites and forced them to retreat behind the large rocks. Shri Choubey fought heroically with iron determination and raw grit. In the continued firing, he was grievously hurt and ultimately made the supreme sacrifice at the altar of duty.

Shri Vinod Kumar Choubey displayed an exceptional quality of leadership and bravery worth emulating where an officer rose to the occasion and laid down his life saving his men from deadly attack of the naxalites.

2. IC-70151 Captain Davinder Singh Jass, 1st Battalion The Parachute Regiment (Special Forces) (Posthumous)

(Effective date of the Award: 23rd February, 2010)

Captain Davinder Singh Jass was leading his troop of Alfa Team in an operation in a village in Sopore district of Jammu & Kashmir.

On 23rd February 2010, after receiving information of presence of terrorists in the village, a heavily congested built up area, Captain Davinder Singh Jass after carrying out meticulous planning moved to the area. While closing into the target area his leading squad came under heavy indiscriminate terrorist fire from multiple directions, injuring members of his squad. With uttar disregard to personal safety he extricated one of his injured men to safety. Threafter, the officer crawled forward and extericated the second buddy, however he sustained serious gun shot wounds. Unmindful of injuries, he continued engaging the terrorists and closed in to a terrorist. In a daring encounter he killed one terrorist in a fierce hand to hand combat before succumbing to his injuries.

Captain Davinder Singh Jass showed conspicuous Gallantry, inspiring leadership, exceptional courage and made

the supreme sacrifice while fighting for his motherland in the finest traditions of Indian Army.

BARUN MITRA
Jt. Secy.

No. 123-Pres/2010—The President is pleased to apporve the award of the "Bar to Shaurya Chakra" to the undermentioned persons for the acts of gallantry:—

1. SS-39651 Major Ajay Singh, Shaurya Chakra, 11th Battalion the Maratha Light Infantry.

(Effective date of the Award: 31st August, 2009)

On 31st August 2009 at 0300 hours on receipt of confirmed intelligence regarding movement of terrorists, who had kidnapped a businessman, a search operation was launched under Major Ajay Singh in general area in district Kokrajhar, Assam. Maintaining stealth and surprise, party reached close to the suspected three houses which were on the northern most edge of the village. As the party was closing in, they came under heavy fire at close quarters. Major Ajay Singh immediately returned the fire and ordered his team to take cover. Two terrorists suddenly emerged from the house and continued firing. Major Ajay Singh realising the gravity of the situation, reoriented the search party and crawled closer to the hosue. Displaying extreme grit and determination, officer sprinted towards the house inspite of being fired upon and eliminated first terrorist in the grove. Threafter Major Ajay continued to crawl and move closer to the second terrorist and at the right moment, brought accurate fire on the second terrorist and eliminated him at very close quarters.

Major Ajay Singh displayed gallantry of an exceptional order, astute leadership, extreme diligence and exemplary devotion to duty while fighting the terrorists.

2. IC-58637 Major Thongam Joten Singh, Shaurya Chakra, 21st Battalion The Parachute Regiment (Special Forces)

(Effective date of the Award: 03 October 2009)

On 01st October, 2009 when terrorist movement was reported around a village in Tamenglong district of Manipur Major Thongam Joten Singh launched Delta Assault Team to establish surveillance/ambush positions.

